


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 विराट कोहली अनुष्का संग अचानक पहुंचे अयोध्या ...

केरल सरकार ने तुर्की को दिए थे 10 करोड़ ... 12



वर्ष : 13 | अंक : 45 | पटना, सोमवार, 26 मई, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


## संक्षिप्त खबरें

### चार राज्यों की 5 विस सीटों पर उपचुनाव का ऐलान

नई दिल्ली। भारत निर्वाचन आयोग ने गुजरात, केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल की पांच विधानसभा सीटों पर उप-चुनाव की घोषणा कर दी है। 19 जून को मतदान होगा, जबकि 23 जून को मतगणना होगी। भारत निर्वाचन आयोग ने रविवार को आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर कर चार राज्यों केरल, गुजरात, पंजाब और पश्चिम बंगाल की पांच विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव की घोषणा की है। ईसीआई ने बताया कि गुजरात के कादी और विसावदर विधानसभा, केरल की निलंबूर, पंजाब की लुधियाना और पश्चिम बंगाल की कालीगंज विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होगा। चुनाव आयोग ने आगामी उपचुनाव का शेड्यूल जारी करते हुए बताया कि चुनाव प्रक्रिया की शुरुआत 26 मई को राजपत्र अधिसूचना जारी होने के साथ होगी।

### तीन देशों की सीमा पर आए भूकंप के झटके, दहशत में भागे लोग

नई दिल्ली। तीन देशों की सीमाओं पर आए भूकंप ने लोगों को डरा दिया है। स्थानीय लोग दहशत में घरों से बाहर निकले और सुरक्षित स्थान तलाशने लगे। हालांकि भूकंप बहुत ज्यादा नहीं था, इसकी तीव्रता 4.2 मापी गई है। यह भूकंप पहले शनिवार को आया इसके बाद रविवार को भी मामूली झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप की वजह से पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा, अफगानिस्तान के उत्तरी क्षेत्र और ताजिकिस्तान के सुदूरवर्ती इलाकों में कंपन महसूस किया गया। भूकंप वैज्ञानिकों का कहना है कि यह इलाका तीन टेक्टॉनिक प्लेटों के मिलने वाले क्षेत्र में आता है, इसलिए यहां अक्सर हल्के से मध्यम तीव्रता के भूकंप आते रहते हैं। पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ताजिकिस्तान की सीमावर्ती इलाकों में शनिवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.2 मापी गई है।

### इंडिया महागठबंधन ने उपसमितियों का किया गठन

पटना। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने तैयारियां शुरू कर दी है। इसी कड़ी में रविवार को इंडिया गठबंधन समन्वय समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार समन्वय समिति के अधीन उप-समितियों का गठन किया गया है जो एडवाइजरी नेचर की होगी। समय समय पर उप-समितियां अपने कार्य कलाप एवं अनुशंसाओं की रिपोर्ट समन्वय समिति के अध्यक्ष को समर्पित करेंगी। विषयों पर अंतिम निर्णय समन्वय समिति करेंगी। सबसे पहले बात प्रचार प्रसार समिति की। जिसे राज्यसभा सांसद संजय यादव देखेंगे। इसमें 14 लोगों को शामिल किया गया है। साझा संकल्प पत्र उप समिति को राज्यसभा सांसद मनोज झा देखेंगे। इसमें 14 लोगों को शामिल किया गया है। इसमें सांसद सुधाकर सिंह भी शामिल रहेंगे। मीडिया एवं संवाद उप समिति में 13 लोगों को शामिल किया गया है। नवल किशोर राष्ट्रीय जनता दल इसे देखेंगे। सोशल मीडिया उपसमिति को सुमित कुमार देखेंगे। इनमें 13 लोगों को शामिल किया गया है। चुनाव आयोग एवं कानून संबंधी समिति को नवल शर्मा देखेंगे। इसमें 14 लोगों को शामिल किया गया है। समिति के अध्यक्ष तेजस्वी यादव के आदेश से नियुक्ति का पत्र निकाला गया है। ये उप-समितियां इंडिया महागठबंधन को सलाह देने का काम करेंगी। ये समितियां समय-समय पर अपने काम और सुझावों की रिपोर्ट समन्वय समिति के अध्यक्ष को देंगी।

# दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बना भारत

## नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीवी आर सुब्रह्मण्यम ने की घोषणा

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। अब हमारी अर्थव्यवस्था 4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर को पार कर गई है। यह घोषणा नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीवी आर सुब्रह्मण्यम ने की है। उन्होंने कहा है कि भारत ने जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल कर लिया है। यह आंकड़ा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के लेटेस्ट आंकड़ों पर आधारित है। सुब्रह्मण्यम ने यह जानकारी नई दिल्ली में आयोजित 10वीं नीति आयोग गवर्निंग काउंसिल बैठक के बाद एक प्रेस वार्ता में दी।



बैठक के दौरान विकसित राज्य से विकसित भारत 2047 विषय पर केंद्र और राज्यों के बीच गहन विचार-विमर्श हुआ। नीति आयोग के सीईओ ने बताया कि इस बैठक में मैन्युफैक्चरिंग, सेवाएं, ग्रामीण और शहरी गैर-कृषि क्षेत्र, अनौपचारिक क्षेत्र, ग्रीन और सर्कुलर इकोनॉमी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। सुब्रह्मण्यम ने कहा, भारत अब एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां से उसकी अर्थव्यवस्था बहुत तेज गति से आगे बढ़ सकती है। हम टेक-ऑफ स्टेज पर हैं।

**अमेरिका, चीन और जर्मनी ही भारत से आगे :** सुब्रह्मण्यम ने कहा, जैसा कि मैं बोल रहा हूं, भारत अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। हमारी अर्थव्यवस्था 4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर को पार कर गई है। यह मेरा नहीं बल्कि आईएमएफ का डेटा है। भारत अब जापान से आगे निकल गया है। उन्होंने आगे कहा कि अब केवल अमेरिका, चीन और जर्मनी ही भारत से आगे हैं। यदि भारत की आर्थिक प्रगति इसी रफ्तार से चलती रही तो आने वाले 2 से 3 वर्षों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है।

**अगले साल 4,187 अरब डॉलर होगी:** आईएमएफ की वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक (अप्रैल 2025) रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2026 में भारत की जीडीपी करीब 4,187 अरब डॉलर होगी। वहीं, जापान की जीडीपी अनुमानित रूप से 4,186 अरब डॉलर रहने की संभावना है। भारत 2024 तक दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। आईएमएफ का कहना है कि भारत 2025 और 2026 में क्रमशः 6.2 प्रतिशत और 6.3 प्रतिशत की दर से विकास करेगा। इसके विपरीत वैश्विक अर्थव्यवस्था की विकास दर 2025 में 2.8 प्रतिशत और 2026 में 3 प्रतिशत रहने की संभावना है। यह आंकड़े भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को रेखांकित करते हैं।

## राजद प्रमुख ने खुद अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए दी जानकारी

# लालू यादव ने बेटा तेजप्रताप को पार्टी और परिवार से किया बाहर

### कहा - पार्टी और परिवार में कोई भूमिका नहीं रहेगी



प्रात: किरण

पटना। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू यादव ने अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। इसकी जानकारी उन्होंने खुद अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए दी। लालू यादव ने बताया कि ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी और छह साल के लिए निष्कासित किया जाता है। राजद प्रमुख लालू यादव ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमजोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। अतः उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया जाता है। उन्होंने आगे लिखा, अपने निजी जीवन का भला-बुरा और गुण-दोष देखने में वह स्वयं सक्षम है। उससे जो भी लोग संबंध रखेंगे, वे स्वविवेक से निर्णय लें। लोक जीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती रहा हूं। परिवार के आज्ञाकारी सदस्यों ने सार्वजनिक जीवन में इसी विचार को अंगीकार कर अनुसरण किया है। धन्यवाद।

**अनुष्का यादव के साथ तस्वीर वायरल होने के बाद मचा बवाल:** दरअसल, एक दिन पहले शनिवार को तेज प्रताप यादव के सोशल मीडिया अकाउंट का कथित पोस्ट वायरल हुआ था। सोशल मीडिया पर दावा किया गया था कि यह पोस्ट तेज प्रताप यादव ने किया है, जिसमें उन्हें एक युवती के साथ देखा गया था।

इसमें लिखा गया था, मैं तेज प्रताप यादव और मेरे साथ इस तस्वीर में जो दिख रही हैं, उनका नाम अनुष्का यादव है। हम दोनों पिछले 12 सालों से एक-दूसरे को जानते हैं और प्यार भी करते हैं। हम लोग पिछले 12 साल से एक रिलेशनशिप में रह रहे हैं। हालांकि, इस पोस्ट से जुड़े स्क्रीनशॉट के वायरल होने के कुछ घंटे बाद तेज प्रताप यादव की तरफ से सफाई भी आई। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, मेरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को हैक एवं मेरे तस्वीरों को गलत तरीके से एडिट कर मुझे और मेरे परिवार वालों को परेशान और बदनाम किया जा रहा है, मैं अपने शुभचिंतकों और फॉलोअर्स से अपील करता हूं कि वे सतर्क रहें और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। तेज प्रताप यादव के पोस्ट को लेकर सोशल मीडिया पर विवाद भी गहराता चला गया।

### यह सब कतई बर्दाश्त नहीं : तेजस्वी

लालू प्रसाद यादव के ऐलान के बाद तेजस्वी यादव मीडिया के सामने आये। उन्होंने कहा- तेजप्रताप यादव मेरे बड़े भाई हैं, लेकिन उनके निजी जीवन से मेरा कोई वास्ता नहीं है। वे अपने निजी जीवन में क्या करते हैं और क्या नहीं करते हैं इसकी जानकारी मुझे नहीं है। मुझे तो मीडिया के माध्यम से इन बातों की जानकारी मिली है। मैं ऐसे आचरण को बर्दाश्त नहीं कर सकता। इस संबंध में राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने फैसला लिया है। हम सब उनके फैसले से सहमत हैं।

### प्रतिष्ठा पर आंच, कदापि स्वीकार्य नहीं : रोहिणी

पिता के फैसले का समर्थन करते हुए लालू यादव को किडनी दान करने वाली बेटी रोहिणी आचार्य ने बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि जो परिवेश, परंपरा, परिवार और परवरिश की मयार्दा का ख्याल रखते हैं, उन पर कभी सवाल नहीं उठते हैं, जो अपना विवेक त्याग कर मर्यादित आचरण, परिवार की प्रतिष्ठा की सीमा को बारम्बार लांघने की गलती - धृष्टता करते हैं, वो खुद को आलोचना का पात्र खुद ही बनाते हैं .. हमारे लिए पापा देवतुल्य हैं, परिवार हमारा मंदिर व गौरव और पापा के अथक प्रयासों - संघर्षों से खड़ी की गयी पार्टी व सामाजिक न्याय की अवधारणा हमारी पूजा .. इन तीनों की प्रतिष्ठा पर किसी की वजह से कोई आंच आए ये हमें कदापि स्वीकार्य नहीं

## राजग मुख्यमंत्रियों की बैठक में सुशासन पर विचार-विमर्श

# राजग के मुख्यमंत्रियों ने किया जातीय जनगणना का समर्थन

### बैठक में सशस्त्र बलों और प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा का प्रस्ताव पारित

प्रात: किरण





नई दिल्ली/एजेंसी। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की रविवार को यहां हुई बैठक में सशस्त्र बलों के पराक्रम और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साहसी नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया। सूत्रों ने बताया कि शिवसेना नेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा पेश प्रस्ताव में कहा गया कि ऑपरेशन सिंदूर से भारतीयों का आत्मविश्वास बढ़ा है।

प्रस्ताव में मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा गया कि उन्होंने सशस्त्र बलों का हमेशा समर्थन किया है और ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवादियों एवं उनके प्रायोजकों को करारा जवाब दिया है। इसके साथ ही बैठक में सुशासन के मुद्दों पर चर्चा की गयी और जातीय जनगणना कराने के केन्द्र सरकार के फैसले का पूरी तरह समर्थन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में राजग शासित राज्यों के सभी 20 मुख्यमंत्रियों और 18 उपमुख्यमंत्रियों के अलावा भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे पी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। बैठक के बाद श्री नड्डा ने कहा, बैठक में दो प्रस्ताव पारित किए गए। पहला प्रस्ताव ऑपरेशन सिंदूर पर था, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और हमारी सेना के काम की प्रशंसा की गई तथा सेना द्वारा दिखाई गई बहादुरी की अत्यधिक सराहना की गई। यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। श्री नड्डा ने कहा, ह्यह्यजातीय जनगणना पर भी बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया और सभी ने इस पर अपनी सहमति दी। साथ ही, श्री मोदी के इस फैसले की प्रशंसा की और उन्हें बधाई दी।

### नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान पर भी चर्चा

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर संबंधी प्रस्ताव राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा प्रस्तावित किया गया और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इसका अनुमोदन किया। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जातीय जनगणना प्रस्ताव रखा और इसका अनुमोदन आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण ने किया। श्री नड्डा ने कहा, बैठक में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान पर भी चर्चा हुई और उस चर्चा में, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि हम नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का पुनर्वास कैसे कर रहे हैं और हम उन्हें मुख्यधारा में कैसे ला रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी रणनीति पर चर्चा की, और उन्होंने हमारा मार्गदर्शन किया और सभी मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों को सूचित किया कि हमने इसे हराने के लिए अपनी ताकत का उपयोग कैसे किया है। उन्होंने कहा, पच्चीस और 26 जून को आपातकाल के 50 साल पूरे हो जाएंगे। राजग जनता के बीच जाकर इसे उजागर करेगा और जनता को उन लोगों की असलियत बताएगा जिन्होंने लोकतंत्र का गला घोंटने की कोशिश की थी। बैठक का समन्वय भाजपा के सुशासन विभाग ने किया। इस सम्मेलन में राजग की विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा सर्वोत्तम प्रथाओं पर भी चर्चा की गई। कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने अपनी पहलों पर प्रस्तुतियाँ भी दीं। उपस्थित मुख्यमंत्रियों में योगी आदित्यनाथ, नीतीश कुमार, एन चंद्रबाबू नायडू, हिमंतविश्व शर्मा, देवेन्द्र फडणवीस और मोहन यादव आदि शामिल थे।

# केंद्र की एमएसपी पर गेहूं खरीद 29.7 मिलियन टन के पार

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्र ने अप्रैल से जून तक चलने वाले 2025-26 रबी मार्केटिंग सीजन के दौरान अब तक 29.7 मिलियन टन (एमटी) से अधिक गेहूं की खरीद की है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, 2021-22 सीजन के बाद से यह सबसे अधिक खरीद है। भारतीय खाद्य निगम द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, इस साल गेहूं की खरीद पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 13.5 प्रतिशत अधिक है और अधिकांश प्रमुख उत्पादक राज्यों में खरीद पूरी होने के करीब है। केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी का मानना है कि इस साल रिकॉर्ड फसल के कारण गेहूं खरीद का अंतिम आंकड़ा 320-325 लाख टन तक पहुंच जाएगा। 2024-25 में कुल गेहूं खरीद 265.9 लाख टन रही। मंत्री ने कहा कि सरकार ने मार्केटिंग वर्ष 2025-26 के लिए 312 लाख टन गेहूं खरीद का लक्ष्य रखा गया है। एफसीआई के आंकड़ों के अनुसार, गेहूं खरीद करने वाले सभी पांच प्रमुख राज्यों, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश ने पिछले साल की तुलना में चालू वर्ष में अधिक गेहूं खरीदा है। आंकड़ों के अनुसार, लगभग 62,346.23 करोड़ रुपए का न्यूनतम समर्थन मूल्य भुगतान किया गया है, जिससे 2.27 मिलियन किसानों को लाभ हुआ है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को घोषणा की थी कि भारत का खाद्यान्न उत्पादन 2024-25 में 106 लाख टन से अधिक बढ़कर 1,663.91 लाख टन हो गया है, जो पिछले वर्ष के इसी आंकड़े से 6.83 प्रतिशत अधिक है। चौहान ने हाल ही में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 2023-24 में देश का कुल खाद्यान्न उत्पादन करीब 1,557.6 लाख टन था।

# उपलब्धि : संयुक्त राष्ट्रीय पर्वतारोहण दल ने माउंट एवरेस्ट फतह किया

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय पर्वतारोहियों की एक टीम ने विश्व की सर्वोच्च चोटी माउंट एवरेस्ट (8,848.86 मीटर) को सफलतापूर्वक फतह करने का कीर्तिमान स्थापित किया। विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाले इस दल में भारतीय सेना के जवान, प्रशिक्षक और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि देश के प्रमुख पर्वतारोहण संस्थानों – जवाहर इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड विंटर स्पोर्ट्स पहलगाम, नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग उत्तरकाशी और हिमालयन माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट दार्जिलिंग – के प्रशिक्षकों की संयुक्त पर्वतारोहण टीम ने 23 मई 2025 को विश्व की सर्वोच्च चोटी माउंट एवरेस्ट (8,848.86 मीटर) को सफलतापूर्वक फतह कर ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह अभियान 26 मार्च 2025 को शुरू हुआ था। 26 मार्च को नई दिल्ली से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ द्वारा हरी झंडी दिखाकर पर्वतारोहियों के दल को रवाना किया गया था। इस दल का नेतृत्व नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग के प्राचार्य कर्नल अंशुमान भदौरिया और जवाहर इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड विंटर स्पोर्ट्स के प्राचार्य कर्नल हेम चंद्र सिंह ने किया।

इस दल में पांच विशेषज्ञ प्रशिक्षक शामिल थे। प्रशिक्षकों में जवाहर इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड विंटर स्पोर्ट्स के हवलदार राजेन्द्र मुखिया, नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग के राकेश सिंह राणा, सूबेदार बहादुर पाहन, हिमालयन माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट के पासंग तेनजिंग शेर्पा और हवलदार थुप्स्तन त्सेवांग शामिल हैं।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि टीम ने एवरेस्ट पर चढ़ाई से पूर्व, 18 अप्रैल 2025 को अपनी अनुकूलन प्रक्रिया के तहत माउंट लोबुचे (6,119 मीटर) को भी सफलतापूर्वक आरोहित किया। माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई के इस चुनौतीपूर्ण अभियान के दौरान पर्वतारोहियों ने भीषण मौसम और अत्यधिक ऊंचाई जैसी कठिन परिस्थितियों का डटकर सामना किया। इस दौरान पूरी टीम ने अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और अनुकरणीय टीम भावना का परिचय दिया।

## संबोधन | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 122वें एपिसोड को किया संबोधित

# ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया-भर में आतंक के खिलाफ लड़ाई को नया विश्वास दिया : मोदी

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 122वें एपिसोड को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बात की। पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को नया विश्वास और उत्साह दिया है। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, यह हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि हमारे जवानों ने आतंक के अड्डों को तबाह किया। यह उनका अदम्य साहस था और इसमें शामिल थी भारत में बने हथियारों, उपकरणों और टेक्नोलॉजी की ताकत। उसमें आत्मनिर्भर भारत का संकल्प भी था। इस अभियान के बाद पूरे देश में वोकल फॉर लोकल को लेकर नई ऊर्जा दिख रही है।

**शेरों की संख्या 674 से बढ़कर 891 हुई :** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले 5 साल में गुजरात के गिर में शेरों की आबादी 674 से बढ़कर 891 हो गई है। शेरों की ये संख्या बहुत उत्साहजनक है। 11 जिलों में 35 हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में शेरों की जनगणना की गई, जिसके लिए टीमों ने 24 घंटे इन इलाकों की निगरानी की। कुछ दशक पहले गिर में स्थिति बहुत चुनौतीपूर्ण थी, लेकिन वहां के लोगों ने मिलकर बदलाव का बीड़ा उठाया। वहां नवीनतम तकनीक के साथ-साथ वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाया गया।

**पीएम मोदी ने माओवाद पर भी की बात:** माओवाद पर बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के कटेझरी गांव के लोग सालों से इस दिन का इंतजार कर रहे थे। यहां पहले कभी बस नहीं चल पाई थी, क्योंकि ये गांव माओवादी हिंसा से प्रभावित था और जब पहली बार बस गांव पहुंची तो लोगों ने ढोल-नगाड़े बजाकर उसका स्वागत किया।



**दीदी बनकर ड्रोन उड़ा रहीं महिलाएं:** ड्रोन दीदी के बारे में बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज कई ऐसी महिलाएं हैं, जो खेतों के साथ ही आसमान की ऊंचाइयों पर काम कर रही हैं। अब गांव की महिलाएं ड्रोन दीदी बनकर ड्रोन उड़ा रही है और उससे खेती में नई क्रांति ला रही हैं। तेलंगाना के संगारेड्डी में कुछ समय पहले तक जिन महिलाओं को दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था। आज वही महिलाएं ड्रोन से 50 एकड़ जमीन पर दवा के छिड़काव का काम कर रही हैं। अब ये महिलाएं ड्रोन ऑपरेटर नहीं स्काई वॉरियर के नाम से जानी जा रही हैं।

### फिट इंडिया ही स्ट्रॉन्ग इंडिया की नींव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्तमान सामाजिक, आर्थिक और विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने योग और स्वस्थ जीवन पर जोर देते हुए कहा कि फिट इंडिया ही स्ट्रॉन्ग इंडिया की नींव है। यह कार्यक्रम आकाशवाणी, दूरदर्शन, और अलग-अलग डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा, योग दिवस के साथ-साथ आयुर्वेद के क्षेत्र में भी कुछ ऐसा हुआ है, जिसके बारे में जानकर आपको बहुत खुशी होगी। कल ही यानी 24 मई को डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक और मेरे मित्र तुलसी भाई की मौजूदगी में एक एमओयू साइन किया गया है। इस समझौते के साथ ही इंटरनेशनल क्लासिफिकेशन ऑफ हेल्थ इंटरवेंशन्स के तहत एक डे डेडिकेटेड ट्रेडिशनल मेडिसिन मॉड्यूल पर काम शुरू हो गया है। इस पहल से, आयुष को पूरी दुनिया में वैज्ञानिक तरीके से ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

# केंद्र सरकार पीओसीएसओ एक्ट में बदलाव पर करे विचार: सुप्रीम कोर्ट

प्रात: किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से कहा है कि वह पीओसीएसओ एक्ट में बदलाव करने पर विचार करे। यह एक्ट बच्चों को यौन अपराधों से बचाने के लिए बनाया गया है। कोर्ट ने सरकार से कहा कि वह देश में यौन और प्रजनन स्वास्थ्य शिक्षा के लिए एक नीति बनाए यानी स्कूलों में बच्चों को यौन संबंध और प्रजनन के बारे में सही जानकारी दी जानी चाहिए। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुयान की बेंच ने केंद्र सरकार को नोटिस भेजा है। सरकार को महिला और बाल विकास मंत्रालय के जरिए से जवाब देना है। कोर्ट ने कहा है कि सरकार एक कमेटी बनाए। यह कमेटी इस मुद्दे पर विचार करेगी और 25 जुलाई तक अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। रिपोर्ट मिलने के बाद कोर्ट फैसला लेगा। यह मामला पश्चिम बंगाल की एक महिला से जुड़ा है। इस महिला के पति को पीओसीएसओ एक्ट के तहत 20 साल की जेल हुई है। उन पर आरोप है कि उन्होंने उस महिला के साथ संबंध बनाए जब वह 14 साल की थी। कोर्ट इस मामले की सुनवाई कर रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### बैठक में भाजपा चित्रगुप्त मंडल की कमेटी घोषित

पटना सिटी (प्राकि)। भाजपा पटना महानगर के अध्यक्ष रूपनारायण मेहता व महामंत्री विनय केसरी से मिली स्वीकृति के बाद पटना साहिब विधानसभा से जुड़े भाजपा चित्रगुप्त मंडल की बैठक हुई। मंडल अध्यक्ष मोहन निषाद की अध्यक्षता में हुई बैठक में कमेटी की घोषणा की गई। घोषित कमेटी में उपाध्यक्ष सुभाष रजक, संदीप राय, मदन कुमार पांडे, गीता देवी, अनूप कुमार वर्मा, राजेश कुमार सिंटू, महामंत्री संजीव कुमार उर्फ लड्डू चंद्रवंशी, राजेश कुमार उर्फ राजन सहाय, मंत्री रामशीला सिन्हा, गुंजन कुमार सिन्हा, अनिता मिश्र, अरविंद कुमार सोनू, साधना देवी, सविता देवी, कोषाध्यक्ष नारायण राठी, कार्यालय प्रभारी नवीन कुमार सिंह मनोनीत किए गए। मंच व मोर्चा में युवा मोर्चा के अध्यक्ष गोपाल जायसवाल, महिला मोर्चा की अलका यादव, अनुसूचित जाति मोर्चा के विजय चौधरी, अल्पसंख्यक मोर्चा के रकीब आलम सोनू, अति पिछड़ा मंच के संयोजक संजीत कुमार छोटू, सहकारिता मंच के संयोजक रंजीत कुमार सिंह को मनोनीत किया गया।

### आंगनबाड़ी सेविका के निधन पर शोकसभा

फतुहा। सोनारू केंद्र संख्या- 70 की आंगनबाड़ी सेविका दु++++र्गा कुमारी का शनिवार की देर रात निजी अस्पताल में निधन हो गया। रविवार को स्थानीय श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। सीडीपीओ अर्चना सिन्हा ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वह कर्मठ महिला थी। उसके निधन से विभाग को अपूरणीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई असम्भव है। मौके पर उनके दामाद टुनटुन शर्मा, प्रमोद शर्मा, रविकांत शर्मा और निगम शरण शर्मा मौजूद थे। मुखाग्नि उनके पति अश्विनी शर्मा ने दी। वे अपने पीछे सिर्फ पांच बेटियों के साथ भरा पूरा परिवार छोड़ गईं हैं। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ई.सत्येन्द्र कुमार सिंह, जदयू के प्रदेश नेता श्यामसुंदर उर्फ मोनी सिंह ने अपनी संवेदना प्रकट करते हुए पीड़ित परिवार को हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया है।

### फतुहा में निकला तिरंगा यात्रा

फतुहा। शहर में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर को भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी के नेतृत्व मे तिरंगा यात्रा निकाला गया। जिसमें भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सरोज रंजन पटेल, लोजपा जिलाध्यक्ष रंजीत यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष अरूण शाह, जिला महामंत्री गजेंद्र सिंह, अरविंद यादव, भाजपा नेता टुनटुन यादव, विजय यादव, संजीव यादव, ई०गोपाल शंकर सिंह, कुंवर विजय पासवान, मुन्ना सिंह, टीपू सिंह, जिला उपाध्यक्ष भास्कर लाल पटवा, जिला मंत्री मनीषा कुमारी समेत नगर मंडल पदाधिकारी, मंडल कार्यसमिति सदस्य, बूथ अध्यक्ष समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मौत के मामले में 20 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

दानापुर। नगर के शाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत दियारा स्थित शंकरपुर में हुए पीटाई से देव कुमार राय के मौत मामले घटना के 20 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। घटना में आरोपित 10 लोगो में से एक को भी पुलिस गिरफ्तार नही कर सकी है। जबकि मृतक के पुत्र बिजेन्द्र राय ने 10 लोगो को आरोपित किया था। मामले की जांच को लेकर एएसपी भी दियारा पहुंच चुके है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद बताते है कि कार्रवाई की जा रही है। बताया जाता है कि 02 मई को दियारा के मकसूदपुर निवासी देव कुमार राय जब भूसा लेकर घर लौट रहे थे। इसी क्रम में दियारा के छःबिगहवा ढाब के पास पुराने विवाद को लेकर लोगो ने कुछ लोगो ने उनकी पीटाई कर दी। जिसमे वे गंभीर रूप से जख्मी हो गये। गंभीरावस्था मे देव कुमार को पीएमसीएच मे भर्ती कराया गया। इलाज के क्रम मे देव कुमार की मौत हो गयी। मृतक के पुत्र बिजेंद्र के ब्यान पर पुलिस ने शंकरपुर निवासी राम वकिल राय, राम बाबु उर्फ भूअर राय समेत 10 लोगो को आरोपित किया था।

### सड़क हादसे में वृद्ध की मौत

मसौढ़ी !पटना डोभी एनएच 22 स्थित नदौल में शनिवार की रात सड़क हादसे में एक वृद्ध की मौत हो गई।मामला मसौढ़ी थाना क्षेत्र के पटना गया एनएच 22 स्थित नदौल गांव के समीप की है।मृतक की पहचान नदौल गांव निवासी 60वर्षीय श्रवण शर्मा के रूप में की गई है।घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि शनिवार की रात में रोड पर कर रहे थे,इसी दौरान अज्ञात वाहन कुचलते हुए फरार हो गया।काफी देर तक जब वह घर नहीं लौटे तो परिवार वाले घर से बाहर निकले तब देखा कि वह सड़क किनारे खून से लथपथ पड़े हुए हैं। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।मौत की पुष्टि के उपरांत परिजनों में कोहराम मच गया।परिवार वालों के चित्कार से अस्पताल परिसर गमगीन हो गया।

# एसएनसीयू में 77 प्रतिशत नवजातों का हुआ सफल उपचार

## नवजातों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने के लिए शिशु रोग विशेषज्ञों को दिया जा रहा विशेष प्रशिक्षण

प्रात :किरण संवाददाता



पटना- राज्य की शिशु मृत्यु दर में साल दर साल कमी आ रही है। राज्य में नवजात मृत्यु दर को और कम किया जा सके इसके लिए सभी जिला अस्पतालों में विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई (एसएनसीयू) की स्थापना की गई है। एसएनसीयू यानी विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई की सुविधा शिशु मृत्यु दर कमी लाने के लिए सरकार की पहल है। यह सुविधा वैसे बच्चे को दी जाती है, जिस बच्चे को जन्म के बाद गंभीर स्वास्थ्य समस्या होती है। इस विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई में जन्म से 28 दिनों तक के बच्चों की देखभाल की सुविधा मिलती है। वहीं नवजात को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा मिल सके इसको लेकर प्रत्येक वर्ष एसएनसीयू में कार्यरत कर्मियों एवं चिकित्सकों को विशेष प्रशिक्षण दिए जाते हैं। इस वित्तीय वर्ष के अंतिम तिमाही में आगामी 24 फरवरी से 9 मार्च 2025 तक शिशु रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं कर्मियों के लिए 14 दिनों का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। जिसमें विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई में भर्ती होने वाले नवजात को बेहतर और आधुनिक तरीके से स्वास्थ्य सेवा देने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। इस व्यक्तिगत प्रशिक्षण में राज्य के 7 जिले औरंगाबाद, बक्सर, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, सीतामढ़ी एवं भागलपुर के जिला अस्पतालों में संचालित विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई में कार्यरत शिशु रोग विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्टाफ नर्स शामिल रहे। राज्य के सभी जिला अस्पतालों में संचालित विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई में वर्ष 2023-24 में प्रत्येक 100 नवजातों में से 73 नवजातों को सफलतापूर्वक इलाज हुआ और उन्हें अपने माता पिता के साथ घर भेज दिया गया। वहीं वर्ष 2024-25 के जनवरी माह तक ये आंकड़ा प्रत्येक 100 नवजातों में 77 तक पहुंच गया है। इसके साथ ही इन इकाईयों में रेफरल के मामलों में काफी कमी आई है।

# चोरी की बाइक को दो-ढाई हजार में बेचता



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

वाहन चोर मास्टर-की की मदद से मोटरसाइकिल की चोरी करता था और भोजपुर जिला के कोईलवर में शराब की तस्करी करने वाले के हाथ दो से ढाई हजार रुपए में बेच देता था। उस चोरी की बाइक का इस्तेमाल शराब को ढोने में किया जाता था। दरअसल वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दो मोटरसाइकिल और दो मोबाइल भी जब्त किया गया है। यह जानकारी एएसपी अतुलेश झा ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान अपने कार्यालय कक्ष में दी। उन्होंने बताया कि बहादुरपुर थाना क्षेत्र के तहत मोटरसाइकिल चोरी की लगातार घटना हो रही थी। इसे देखते हुए उनके द्वारा एक टीम का गठन किया गया। इस दौरान क्षेत्र में लगे सीसीटीवी एवं गुप्तचर के द्वारा मिली सूचना के आधार पर सुलतानगंज थाना क्षेत्र के बनवारी चौक दरगाह रोड का रहने वाला कल्लू कुमार पिता देवानंद शर्मा को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि मोटरसाइकिल की चोरी करने के बाद उसके द्वारा भोजपुर जिला अंतर्गत कोईलवर थाना स्थित बड़का चंदा में सहयोगी नंदू राय के पास बेच दिया है इसके एवरेज में उसके द्वारा दो से ढाई हजार रुपया प्रति मोटरसाइकिल बेच दिया जाता है। उसने यह भी कहा कि वहां जाने पर चोरी की मोटरसाइकिल बरामद किया जा सकता है। उसके बाद गठित टीम के द्वारा वरीय पुलिस अधिकारी को सूचित करने के बाद अभिरक्षा में लिए युवक की निशानदेही पर भोजपुर जिला के कोईलवर थाना स्थित ग्राम बड़का चंदा पहुंच कर छापेमारी की गई। यहां से चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद किया गया। इस दौरान सहयोगी नंदू राय पिता जग रोपण राय उर्फ गरीबन राय को भी गिरफ्तार किया गया। नंदू राय के द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल खरीद कर उससे शराब ढोने के काम में इस्तेमाल किया जाता है। मोटरसाइकिल में पैशन प्रो और होंडा है, जबकि एक मास्टर चाबी और दो मोबाइल है। छापामारी टीम में पुलिस निरीक्षक सह थाना शशशध्यक्ष बहादुरपुर संजय शंकर, परि एसआई अजय कुमार, एएसआई मो इमरान खान, विनोद कुमार दुबे, सिपाही संतोष कुमार और सुरेंद्र कुमार शामिल थे।

# बापू परीक्षा केंद्र के पीछे युवक को दो गोली मार किया घायल

- भागवत नगर में सब्जी खरीद घर लौट रही महिला के गले से उड़ाया चेन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अगमकुआं थाना क्षेत्र के कुम्हरार के पंचशील के पास अपराधियों ने एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया। वहीं इसी थाना क्षेत्र के भागवत बाजार में बच्चे के साथ सब्जी खरीद कर घर लौट रही महिला के गले से बाइक सवार उचक्कों ने सोने का चेन उड़ा लिया। बापू परीक्षा केंद्र के पीछे पंचशील के पास अपराधियों ने एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया है। घटना शनिवार रात की है। इस संबंध में एएसपी अतुलेश झा का कहना है की घटना का कारण आपसी रंजिश है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। दो गोली चलने की बात कही जा रही है। घायल युवक की पहचान अगमकुआं थाना क्षेत्र के धनुकी के रहने वाले संजय कुमार के रूप में की गई है। उसे अपराधियों ने हत्या की नीयत से दो गोली मारी है। मिली जानकारी के अनुसार घटनास्थल के पास तीन-चार की संख्या में लोग जुटे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर आपस में विवाद हुआ और उन्हीं में से किसी ने संजय पर गोली चला दी। गोली लगते ही संजय जमीन पर गिर गया। इसके बाद सभी भाग निकले। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग कुछ देर बाद जुटे। सूचना मिलने पर पहुंची अगमकुआं थाना की पुलिस ने घायल को इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के इमरजेंसी ले गए। बाद में उसे निजी नर्सिंग होम में बेहतर इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। एएसपी अतुलेश झा का कहना है कि आपसी रंजिश में गोलीबारी की घटना हुई है। गोलीबारी करने में जिन लोगों का नाम आया है, दोनों पक्ष का बैकग्राउंड ठीक नहीं है। घायल के फर्द बयान के बाद ही मामला स्पष्ट हो सकेगा। वहीं दूसरी ओर इसी थाना क्षेत्र के भागवत बाजार से बच्चों के साथ सब्जी खरीद कर महिला घर को लौट रही थी। इसी दौरान बाइक सवार उचक्का ने महिला के गले से सोने का चेन उड़ा दिया। भगवत नगर स्थित उत्सव पैलेस के पास अनिल रेजिडेंसी के फ्लैट संख्या 202 में रहने वाली दीपिका त्रिखा ने कहा कि वह शाम 7.40 में बच्चे के साथ भागवत बाजार से सब्जी खरीद कर घर लौट रही थी। इसी दौरान पीछे से काला रंग के मोटरसाइकिल पर बैठे युवक ने गले से सोने का चेन झपट लिया और एनआरएल पेट्रोल पंप की ओर भाग निकले। उसके द्वारा शोर मचाने के बाद कोई भी उसका पीछा नहीं किया। दोनों उचक्का बिना रुके भाग गए। सोने के चेन का वजन करीब 15 ग्राम था और उसकी कीमत करीब एक लाख 40 हजार बताई गई है। पीड़ित महिला मूल रूप से हरियाणा के फरीदाबाद सैनिक कॉलोनी सेक्टर 49 में रहने वाली योगेश त्रिखा की पत्नी है।

# मिरजवान छावनी मोड़ से दलहट्टा चरखी पर रेल लाइन तक रोड-नाला का उद्घाटन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



पटना नगर निगम अन्तर्गत वार्ड 69 के मिरजवान की छावनी मोड़ से दलहट्टा चरखी पर रेल लाइन तक पार्षद मद योजना से निर्मित पीसीसी सडक एवं आरसीसी नाला निर्माण कार्य का उद्घाटन वार्ड पार्षद मनोज मेहता के द्वारा किया गया। श्री मेहता ने कहा कि वार्ड 69 का विकास करना ही उनका दृढ संकल्प है। निगम फंड की राशि से आने वाले समय में इस वार्ड की कच्ची गली एवं नाली जो शेष रह गयी है, उसे भी पक्कीकरण कराया जाएगा। -अध्यक्षता पूर्व पार्षद बबीता देवी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिक्षाविद् सह कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ भोला पासवान उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ पासवान ने पार्षद मनोज मेहता की प्रशंसा करते हुए कहा कि वार्ड के विकाश के लिए श्री मेहता हमेशा तत्पर रहते हैं। तथा जनता के सुख-दुख में हमेशा साथ रहते हैं। अतिथियों का धन्यवाद सुज्जी केसरी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुरुषोत्तम केसरी, विजय केश्सरी, राजेश केसरी, विक्कू जयसवाल, पंकज गुप्ता, रघुवीर प्रसाद, सुरेश मेहता, अमित कुमार उर्फ वन्दु, ओम गुप्ता, वीणा केसरी, शकुंतला देवी, बबीता देवी, सविता देवी, चुन्नु गुप्ता, लल्लू केसरी, गोपाल केसरी, विनोद गांधी, विजय ठाकुर, जितेन्द्र कुमार, मनीष राज मेहता, रवि रंजन कुमार, संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

# बकरीद पर नमाज स्थल पर रहेगी पुलिस की तैनाती, सफाई भी



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बकरीद को लेकर सुल्तानगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने किया। बकरीद के दिन से पहले जहां भी मस्जिद में नमाज होगी, वहां साफ-सफाई, ब्लीचिंग-चूना पाउडर का छिड़काव किया जाएगा। नमाज स्थल पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। गली मोहल्ले में पुलिस की गश्ती होगी। बाइकर्स गैंग पर पुलिस की सख्त निगरानी रहेगी। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटती है, तो थाना को सूचित करेंगे। शनिचरा ईदगाह, दरगाह शाह अरजां, जामा मस्जिद नौघरवा, शिया मस्जिद आदि जगहों में नमाज सुबह में होगी। नमाज समाप्त होने पर जब सभी लोग घर को लौट जाएंगे, तब तक पुलिस बल की तैनाती रहेगी। शांति समिति की बैठक में वार्ड पार्षद बैजू लाल दास, गणेश कुमार, मधुरंजन कुमार चुन्नी, दौलत इमाम, मो फैसल, अंजुम आलम, अमजद खान, लल्लू मेहता, मो इरशाद बहादुर, रिशु पटेल, आलोक बालम व, नादिर कैसर उपस्थित थे।

# पत्रकार एकता संघ ने बैठक का किया आयोजन, संगठन को मजबूत करने पर हुई चर्चा

प्रात :किरण संवाददाता



मसौढ़ी !आईरा (ऑल इंडिया रिपोर्टर्स एसोसिएशन)संबद्ध अनुमंडल पत्रकार संघ मसौढ़ी की बैठक हुई।रविवार को नगर मुख्यालय स्थित वीर कुंवर सिंह कॉलोनी में संघ के सचिव सूर्यकांत कुमार के आवास पर की गई.जिसमें अनुमंडल पत्रकार संघ के कई पदाधिकारी व सदस्य लोग मौजूद रहे। कार्यकम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने की,बैठक में मौजूद संघ के लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं से सभी को अवगत कराया।बैठक में संगठन को और कैसे मजबूत किया जाए.इस मामले पर विशेष रूप से चर्चा की गयी. साथ ही बैठक के दौरान पत्रकारों की समस्यायों पर भी चर्चा की गयी.न्यूज कवरेज के दौरान उन्हें किस तरह की कठिनाईयां आती है. इस मुद्दे को मुख्य रूप से चर्चा में शामिल किया.वहीं बैठक में पत्रकारों की एकता पर बल दिया गया.और संघ में दो नए सदस्य चंदन कुमार व राजकुमार तिवारी ने संघ का सदस्यता ग्रहण किया।इस बैठक में शशि कुमार निर्मल डॉ अरविंद कुमार चंद्रवंशी भोला पांडेय लवकुश पांडेय मनोज कुमार सिंह उदय कुमार निरंजन पांडेय सहित अन्य पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# नगर आयुक्त द्वारा सैदपुर संप के पास बना हुआ नाला कनेक्ट नहीं



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना नगर निगम एवं बुडको द्वारा मानसून पूर्व तैयारी युद्ध स्तर पर चालू है। इसी दौरान रविवार को नगर आयुक्त सह बुडको एमडी अनिमेष कुमार पराशर द्वारा सैदपुर संप हाउस एवं बाकरगंज नाला का औचक निरीक्षण किया गया। सैदपुर संप हाउस में जहां स्थिति संतोषजनक पाई गई, वहीं कर्मियों को प्राप्त वॉकी टॉकी की जांच की गई। संप के पास ही बुडको द्वारा तैयार किए जा रहे नाला निर्माण की जांच की गई। इसमें पाया गया कि बना हुआ नाला कनेक्ट नहीं हो पाया है। संवेदक को उसे दो दिन के अंदर कनेक्ट करने एवं बुडको के पदाधिकारियों को कार्य के बाद निरीक्षण करने का भी निर्देश नगर आयुक्त द्वारा दिया गया। बाकरगंज नाला निर्माण एजेंसी से स्पष्टीकरण बाकरगं नाला के निर्माण स्थल पर एक साथ-साथ अनेक जगह निर्माण का मलबा पाया गया। इस पर एजेंसी से स्पष्टीकरण पूछा गया है। इसके साथ ही रात भर में सभी जगह से मलबा हटाने का भी निर्देश नगर आयुक्त द्वारा दिया गया। निरीक्षण के क्रम में स्थल पर अपर नगर आयुक्त राजन सिन्हा, कार्यपालक अभियंता, कार्यपालक पदाधिकारी एवं नगर निगम और बुडको के कर्मी मौजूद रहे।

# वोट बिखराव को रोकने के लिए 6 जूलाई को पटना में होगा वैश्य प्रतिनिधि महासम्मेलन

प्रात :किरण संवाददाता




पटना। वैश्य चेतना समिति पटना के द्वारा वैश्य प्रतिनिधि सभा आयोजित की गयी। जिसमें लगभग 20 जिलों से आये वैश्य प्रतिनिधियों ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष इ० सुन्दर साहू ने की। अध्यक्ष इ० सुन्दर साहू ने बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 6 जुलाई 2025 को बापू सभागार, पटना में वैश्य प्रतिनिधि महासम्मेलन आयोजित होगा। इस महासम्मेलन में सभी प्रखंडों से लगभग 10 हजार वैश्य प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। इ. साहू ने बताया कि उक्त कार्यक्रम को लेकर वैश्य चेतना रथ यात्रा शुरू की जा रही है जो बिहार के सभी प्रखंडों में जायेगी। उन्होंने कहा कि रथ के माध्यम से सभी प्रखंडों के वैश्य बन्धुओं को जागरूक किया जायेगा। साथ हीं महासम्मेलन में अधिक से अधिक वैश्य प्रतिनिधियों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जायेगा। इस अवसर पर वैश्य प्रतिनिधि महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए प्रिन्स कुमार राजू को सर्वसम्मति से संयोजक मनोनीत किया गया ताकि कार्यक्रम को गति प्रदान की जाये। प्रतिनिधि सभा में आये वैश्य प्रतिनिधियों ने एक स्वर से अपनी चट्टानी एकता प्रदर्शित करते हुए आगे भी चट्टानी एकता के लिए पंचायत स्तर के प्रतिनिधियों को भी एकजूट करने की बात कही। रविकान्त चौरसिया झ सचिव, वैश्य चेतना समिति ने आगामी विधानसभा चुनाव में 100 सीटों पर वैश्य प्रतिनिधि को चुनाव लड़ाने के संकल्प को दुहराया। प्रतिनिधियों ने कहा कि आने वाले चुनाव में वैश्य बाहुल्य 100 सीट पर वैसे वैश्य को चुनाव लड़ायेंगे जो ईमानदार और स्वच्छ छवि वाले होंगे। इस अवसर पर श्री दुर्गा प्रसाद ने कहा कि वैश्य प्रतिनिधियों को प्रशिक्षित किया जायेगा कि हरेक विधानसभा में एकजूट होकर अपना मतदान करेंगे, जिससे मतों का बिखराव नहीं हो। इस अवसर पर उ.अ सतीश कुमार, डॉ० गौतम कुमार, उमेश कुमार, प्रवीण कुमार, इ० नारायण दास, पवन कुमार, करमू साह केशरी, ज्ञान रंजन, शम्भू चौरसिया, कुन्दन कुमार गुप्ता, डॉ० विभुरंजन, सिम्मी प्रसाद, सुनन्दा केशरी, संध्या गुप्ता, राजेश गाँधी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# आईआईटी पटना में आयोजित कवि सम्मेलन में गूंजे हास्य, श्रृंगार और वीर रस के स्वर

प्रात :किरण संवाददाता

पटना : आईआईटी पटना में द्वि-साप्ताहिक कैंपस इमर्सन कार्यक्रम के समापन पर रविवार को एक भव्य विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ने श्रोताओं को साहित्यिक सौंदर्य, देशभक्ति और हास्य के रंगों में डुबो दिया। कवि सम्मेलन का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ अल्पना सिंह, प्रोफेसर ए. के. ठाकुर (रजिस्ट्रार एवं डीन प्रशासन), डॉ. एन. के. तोमर (डीन रिसोर्सेज), नीरज राजहंस (महासचिव, माइक्रोटेक), तथा अनंताशुतोष द्विवेदी (महानिदेशक, हेरिटेज सोसाइटी) सहित आमंत्रित विशिष्ट कवियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न कोनों से आए प्रतिष्ठित कवियों ने अपनी कविताओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर भोपाल से आए नीलोत्पल मृणाल , साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित युवा कवि, जिन्होंने सामाजिक यथार्थ को छूती हुई कविता प्रस्तुत की` वहीं राजस्थान से आए वीर रस के चर्चित कवि विनीत चौहान की पंक्तियों ने देशभक्ति का जोश भर दिया` पटना के कुमार रजत और चंदन द्विवेदी, ने श्रृंगार और करुण रस से भरी रचनाओं से दर्शकों का दिल जीत लिया। गाजियाबाद से आए शिखा दीप्ति दीक्षित, श्रृंगार और भावप्रधान रचनाओं की प्रस्तुति दी तो प्रयागराज से आए राधेश्याम भारती, हास्य कविताओं से मंच को जीवंत कर दिया। देवरिया, उत्तर प्रदेश से आए आशुतोष त्रिपाठी की ओजस्वी प्रस्तुतियों को श्रोताओं की तालियों ने खूब सराहा।आईआईटी पटना में आयोजित भव्य कवि सम्मेलन न केवल एक साहित्यिक उत्सव था, बल्कि यह राष्ट्रभक्ति, सामाजिक जागरूकता और मानवीय भावनाओं का अद्भुत संगम भी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित कवियों के साथ-साथ छात्रों, शिक्षकों और आगंतुकों की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को अत्यंत सफल और स्मरणीय बना दिया। मौके पर प्रस्तुत रचनाओं ने न केवल श्रोताओं को भावविभोर किया, बल्कि समाज के विविध पहलुओं पर सोचने के लिए भी प्रेरित किया।

# पटना साहिब की संगत व पंथ सेवक जत्था श्री अकाल तख्त के आदेश के साथ

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



विश्व के दो प्रमुख तख्त श्री अकाल तख्त साहिब और तख्तश्री पटना साहिब के सिंह साहिबानों और पंज प्यारों के बीच तल्खी के साथ दूरियां भी बढ़ी हैं। ऐसा एक-दूसरे का आदेश को रद्द करने और आदेश को नहीं माने के साथ ही एक-दूसरे को तनखैया करने से जुड़ा है। इसी बात को लेकर पंथ सेवक जत्था ने स्थानीय सिख संगतों के साथ हरिमंदिर गली में बैठक की। इसमें सवार्नुमति से निर्णय लिया गया कि श्री अकाल तख्त को समर्पित और सहयोग में वह सब खड़े हैं। वह सिखों के लिए सुप्रीम बॉडी है और वहां से जो भी आदेश पारित होगा, उन सबों को ही नहीं, बल्कि दुनिया के सभी सिखों को शिरोधार्य है। बैठक की अध्यक्षता सरदार दीपक लांबा और संचालन जत्था के महासचिव इकबाल सिंह उर्फ लकी बग्गा ने किया। बैठक में महाराजा सिंह सोनू, अवतार सिंह, उदय सिंह, मनमीत सिंह, गुरचरण सिंह आशिक, नरेंद्र सिंह, परमजीत सिंह बग्गा, दारा सिंह, गुरु सिमरन सिंह सोनू, अंतू लांबा, चरणी सिंह, सुखबीर सिंह लांबा, मोनू सिंह, कमलजीत सिंह, जसवीर सिंह, गुर करण सिंह, राजदीप सिंह हनी, रणजीत सिंह, बॉबी सिंह आदि मौजूद थे। सबों ने एक स्वर से कहा कि प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही का कहना कि तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के द्वारा जारी आदेश के साथ वह हैं और श्री अकाल तख्त साहिब के द्वारा जो भी हुकुमनामा जारी हुआ है, वह गलत है। यहां की संगत पटना साहिब के पंज प्यारों और उनके आदेश के साथ है, की निंदा की गई। कहा गया कि जब छह दिसंबर, 2022 को श्री अकाल तख्त साहिब से हुकुमनामा जारी हुआ था, तब उसे यहां की कमेटी ने स्वीकार किया था। यही नहीं, यहां की पूरी कमेटी श्री अकाल तख्त साहिब में पेश होकर नतमस्तक हो चुकी है। साथ ही वहां से तनखैया घोषित तख्तश्री पटना साहिब कमेटी के पदाधिकारी और सदस्य भी जाकर माफी मांग चुके हैं और दी गई सजा को पूरा करने का काम किया है। ऐसे में यह कहना कि श्री अकाल तख्त साहिब का आदेश तख्तश्री पटना साहिब पर लागू नहीं होता है, दुखद है। पंथ सेवक जत्था ने कहा कि तग्तश्री कमेटी के प्रधान जगजोत सिंह के बयान को वह सब खारिज करते हैं। श्री अकाल तख्त साहिब के सिंह साहिबान और पंज प्यारे का आदेश हर सिख को मान्य है। बैठक के दौरान कहा गया कि यदि श्री पटना साहिब के जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह यदि पांच वाणियों का पाठ सुना देते, तो शायद इतना विवाद नहीं बढ़ा होता। वहीं कहा गया कि कमेटी के पदाधिकारी और कुछ सदस्य चुनाव को लेकर बीच-बीच में ऐसे मामले को उछाल उलझाना चाहते हैं, ताकि लोगों का ध्यान कमेटी के चुनाव की ओर से हट जाए और चुनाव लंबा खींचता चला जाए। यदि वाकई धरना पर बैठे तीन सदस्य राजा सिंह, महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन और हरपाल सिंह जौहल वाकई चुनाव चाहते हैं, तो वह सब कोर्ट में दाखिल याचिका को वापस लें और जिला एवं सत्र न्यायाधीश को लिखित रूप से दें कि जल्द से जल्द चुनाव कराया जाए और वह सब सहयोग करने को तैयार हैं।

# छात्रों को अपने भविष्य के बारे में उचित निर्णय लेने में मदद करता है एजुकेशन एक्सपो

प्रात :किरण संवाददाता



पटनाः एजुकेशन सलूशन एवं विहार विजन फाउंडेशन के द्वारा पटना के होटल गार्गी ग्रैंड में एजुकेशन एक्सपो और कॅरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आईएएस शशांक शेखर, जीएसटी कमिश्नर समीर परिमल, एवं डॉ दयानिधि शर्मा ने किया। एजुकेशन सलूशन एवं विहार विजन फाउंडेशन कार्यक्रम में 10वीं, 12वीं एवं स्नातक के छात्र और छात्राओं को सर्टिफिकेट, मेडल देकर सम्मानित किया गया। संस्था की संस्थापिका सोनी तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में कुल 500 से अधिक विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेज के छात्र-छात्राएं पहुंचे। कार्यक्रम में भारत के कई कॉलेज एवं कोचिंग इंस्टिट्यूट हिस्सा ले रहे थे जिसमें एमिटी यूनिवर्सिटी, आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी, फोनिक्स यूनिवर्सिटी, श्री राम ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस, लैंड मार्क फाउंडेशन, गुरु काशी यूनिवर्सिटी, मेवाड़ यूनिवर्सिटी, पी.डब्ल्यू इंस्टिट्यूट ऑफ इनोवेशन, एस्पायरिंग लाइफ, गुलजार ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस, जीएनआईओटी (ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस), शोभित यूनिवर्सिटी, ऑक्सफोर्ड बिजनेस कॉले, गोल एजुकेशनल सर्विसेज, दृश्यम इंस्टीट्यूट के अलावा कई संस्थान के प्रतिनिधि मौजूद थें। वही एजुकेशन सॉल्यूशन के संस्थापक राजकुमार राजन ने कहा कि एजुकेशन एक्सपो और करियर काउंसलिंग एक ऐसा आयोजन है जहाँ छात्रों को विभिन्न शैक्षिक पाठ्यक्रमों, करियर विकल्पों और संस्थानों के बारे में जानकारी मिलती है। यह छात्रों को अपने भविष्य के बारे में सूचित निर्णय लेने में मदद करता है। छात्र एक्सपो में संस्थानों के प्रतिनिधियों से सीधे बात कर सकते हैं, जिससे उन्हें संस्थानों, पाठ्यक्रमों, और प्रवेश प्रक्रिया के बारे में अधिक जानकारी मिलती है। वही साईं निवासन की निर्देशक अनामिका सिंह ने बताया कि एक्सपो में छात्रों को देश और विदेश के विभिन्न शैक्षिक संस्थानों, पाठ्यक्रमों, और स्कॉलरशिप के बारे में जानकारी मिलती है। करियर काउंसलिंग का उद्देश्य छात्रों को उनकी रुचियों, योग्यताओं, और भविष्य के लक्ष्यों के आधार पर सही करियर विकल्प चुनने में मदद करना है।

## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने डीसीएलआर कार्यालयों की अप्रैल माह की रैंकिंग की जारी

# डीसीएलआर कार्यालयों की रैंकिंग में पूर्वी चंपारण का चकिया पहले स्थान पर

### 15 वें से पहले स्थान पर पहुंचा चकिया, शेखपुरा दूसरे पर खिसका



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा हर महीने राज्य के सभी अंचल कार्यालयों से लेकर डीएम कोर्ट तक की रैंकिंग जारी की जाती है। मुख्यालय स्तर से नियमित रूप से राजस्व कार्यों की समीक्षा की जाती है ताकि आमजनता को राजस्व विभाग की सेवाओं का लाभ समुचित रूप मिल सके। इसी क्रम में विभाग द्वारा राज्य के सभी 101 भूमि सुधार उप समाहर्त्ता कार्यालयों की समीक्षा कर उनकी अप्रैल माह की रैंकिंग जारी की गई है।अप्रैल माह की रैंकिंग में पूर्वी चंपारण का चकिया भूमि सुधार उप समाहर्त्ता कार्यालय मार्च माह के 15 वें स्थान से पहले स्थान पर पहुंच गया है। शेखपुरा का शेखपुरा भूमि सुधार उप समाहर्त्ता कार्यालय पहले से दूसरे और मुंगेर का तारापुर भूमि सुधार उप समाहर्त्ता कार्यालय दूसरे से तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। बांका का बांका भूमि सुधार उप समाहर्त्ता कार्यालय तीसरे से चौथे तो सुपौल का निर्मली भूमि सुधार उप समाहर्त्ता छठे से पांचवें नंबर पर आ गया है।सीतामढ़ी का बेलसंड डीसीएलआर कार्यालय 25 वें से छठे, नालंदा का हिलसा डीसीएलआर कार्यालय 18 वें से सातवें तो बेगूसराय का मंझौल डीसीएलआर कार्यालय पांचवें से आठवें, पटना का पालीगंज दो स्थान खिसककर सातवें से नौवें और बेगूसराय का बेगूसराय डीसीएलआर कार्यालय आठवें से दसवें स्थान पर जा पहुंचा है। बेगूसराय का बलिया डीसीएलआर कार्यालय 21 से 11 वें तो दरभंगा का बिरौल डीसीएलआर कार्यालय पिछले माह के चौथे स्थान से इस माह 12 वें स्थान पर है। बेगूसराय का बखरी डीसीएलआर कार्यालय 27 से 13 वें और गया का शेरघाटी 29 वें से 14 वें स्थान पर आ गया है।

**रैंकिंग का आधार:** परिमार्जन प्लस के सुपरविजन पर 15, म्यूटेशन के सुपरविजन पर 15, अंचल कार्यालयों के निरीक्षण पर 10, अभियान बसेरा-2 पर 15, म्युटेशन अपील पर 15, आधार सीडिंग की स्थिति पर 05, बीएलडीआरए पर 20 अंक निर्धारित है।

टॉपर चकिया भूमि सुधार उप समाहर्त्ता कार्यालय को 100 में 76.14, दूसरे टॉपर शेखपुरा भूमि सुधार उप समाहर्त्ता कार्यालय को 73.99 अंक मिले हैं तो तीसरे टॉपर तारापुर भूमि सुधार उप समाहर्त्ता कार्यालय को 72.25 अंक मिले हैं।

### रैंकिंग जारी करने का मिल रहा अच्छा परिणाम : मंत्री

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि विभाग द्वारा प्रत्येक माह रैंकिंग जारी करने का अच्छा परिणाम मिलने लगा है।

अप्रैल माह में कई भूमि सुधार उप समाहर्त्ता कार्यालयों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। विभाग का उद्देश्य भी यही है कि बिहार की जनता को राजस्व संबंधित किसी भी प्रकार की सेवा का लाभ लेने में परेशानी का सामना ना करना पड़े, इसलिए विभाग द्वारा जिलों में जाकर भी राजस्व कार्यों की समीक्षा की जा रही है।

**टॉप 10 भूमि सुधार उप समाहर्त्ता कार्यालय**

1.चकिया (पू. चंपारण)-76.14 अंक
2. शेखपुरा (शेखपुरा)- 73.99 अंक
3. तारापुर (मुंगेर)-72.25 अंक
4. बांका (बांका)- 71.23 अंक
5.निर्मली (सुपौल)-70.67 अंक
6.बेलसंड (सीतामढ़ी)-70.32 अंक
7. हिलसा (नालंदा)-70.20 अंक
8. मंझौल (बेगूसराय)- 69.54 अंक
9.पालीगंज (पटना)- 69.09 अंक
10. बेगूसराय (बेगूसराय)- 67.79 अंक

**अंतिम 10 भूमि सुधार उप समाहर्त्ता कार्यालय**

1. मधेपुरा(मधेपुरा)- 50.09 अंक
2. कटिहार (मनिहारी)- 49.85 अंक
3. बेतिया(प. चंपारण)- 47.92 अंक
4. फारबिसगंज (अररिया)- 47.90 अंक
5. त्रिवेणीगंज (सुपौल)- 47.72 अंक
6. मुजफ्फरपुर पूर्वी (मुजफ्फरपुर)- 45.77 अंक
7. सहरसा सदर (सहरसा)- 44.14 अंक
8. मुजफ्फरपुर पश्चिमी (मुजफ्फरपुर)- 44.09 अंक
9. जयनगर (मधुबनी)- 44.03 अंक
10. नवगछिया (भागलपुर)- 36.70 अंक

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य नेताओं ने सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात

### विकसित भारत के लिए वोकल फॉर लोकल को प्राथमिकता देने की पीएम मोदी ने रखी बातः दिलीप

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल समेत तमाम नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसंवाद कार्यक्रम मन की बात को तन्मयता से सुना। भाजपा प्रदेश कार्यालय में मन की बात के 122वें एपिसोड को सुनने वालों में भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल के अलावा विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, संगठन महामंत्री भिखू भाई दलसानिया, बिहार सरकार में मंत्री रेणु देवी, जीवेश मिश्रा, कृष्ण कुमार मंटू, सांसद भीम सिंह, विधायक संजीव चौरसिया, सिद्धार्थ सौरभ, संजय सिंह, अवधेश पटेल सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे। सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरक विचारों को सुना। मन की बात सुनने के बाद भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने सभ्यता, संस्कृति और विरासत की चर्चा की तो आतंकवाद से लड़ने की भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति को भी रेखांकित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मन की बात में आतंकवाद के खिलाफ भारत के प्रयासों के तहत ऑपरेशन सिंदूर की चर्चा की। इस दौरान विश्वास व्यक्त किया कि आतंकवाद के खिलाफ पूरी दुनिया भारत के साथ खड़ी है। भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने बताया, पीएम मोदी ने सेना के शौर्य और पराक्रम की प्रशंसा कर उनकी हौसलाअफजाई की। प्रधानमंत्री ने आज के अपने मन की बात में खेलो इंडिया गेम्स के उत्साह और युवा प्रतिभाओं की उपलब्धियों को देशवासियों के साथ साझा किया। उन्होंने बिहार के पांच शहरों में आयोजित खेलो इंडिया गेम्स में पूरे भारत से 5,000 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लेने और इन खिलाड़ियों की मेहमाननवाजी और खेल भावना के लिए बिहार की भी जमकर तारीफ की। खेलो इंडिया गेम्स की सफल मेजबानी कर बिहार ने इस आयोजन को खास बनाया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि बिहार में खेल की आधारभूत संरचनाओं में वृद्धि हो रही है। हमने हाल ही में कई प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन कर यह साबित भी किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने आगे कहा कहा कि प्रधानमंत्री ने इस क्रम में मधुमक्खी पालन की भी चर्चा की और भारत में एक ह्रास्वीट रिवॉल्यूशन की बात कही। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि स्वीट रिवॉल्यूशन से मतलब मिठास से भरी क्रांति से है, यानी मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए सरकार और अन्य संस्थानों ने कई कदम उठाए हैं, जिससे शहद उत्पादन में वृद्धि हुई है। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष संजय खंडेलिया, मृत्युंजय झा, मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल, मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलू, अरविंद शर्मा, प्रभात कुमार, पटना जिला अध्यक्ष रूप नारायण मेहता, ज्ञान ओझा सहित पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री के प्रेरक संवाद सुने।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में मनी रानी अहिल्याबाई होल्कर जयंती

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बोलें- अहिल्याबाई की जीवनी को आत्मसात करें

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को रानी अहिल्याबाई होल्कर जयंती मनाई गई। इस समारोह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल समेत कई नेता उपस्थित रहे। इस मौके पर सभी उपस्थित लोगों ने रानी अहिल्याबाई होल्कर की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके जीवन पर प्रकाश डाला। समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन को रेखांकित करते हुए कहा कि उनका जन्म एक साधारण परिवार में हुआ था, लेकिन उनकी तीक्ष्ण बुद्धि को देखकर गांव वालों ने कह दिया था कि यह लड़की काफी आगे बढ़ेगी। उन्होंने आगे कहा कि बहुत कम उम्र में ही अहिल्याबाई के पति का निधन हुआ और जब महारानी बनीं तो उन्होंने जीवन के परिचय देने की शुरूआत की। साधारण घर की महिला भी सत्ता चलाने में माहिर हो सकती है, यह उनकी जीवनी से समझा जा सकता है। उनकी जीवनी से काफी कुछ सीखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि महारानी के जीवन को अगर देखा जाए तो यह साफ पता चलता है कि उस समय भी महिलाएं सशक्त थीं। भाजपा अध्यक्ष जायसवाल ने कहा, ह्लमहारानी के किए गए कार्यों की गाथा पुरुषों को भी सुननी चाहिए। आज महारानी अहिल्याबाई की जीवनी को समझने की जरूरत है। उनके कार्य एवं विचार आज भी प्रासंगिक हैं।

नागरिकों की सुविधाओं के लिए सड़क मार्ग बनाना, कुएं एवं जलाशय खुदवाना, महिलाओं की शिक्षा की बात करना, मंदिरों का जीर्णोद्धार एवं धर्मशाला आदि का निर्माण करना अहिल्याबाई के ऐसे कार्य हैं, जो उन्हें कुशल प्रशासक की श्रेणी में खड़ा करते हैं। महारानी ने जिस तरह से धर्मार्थ के कार्य किए, वह आज भी एक अप्रतिम उदाहरण है। उन्होंने लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि वे अहिल्याबाई की जीवनी को आत्मसात करें, जिससे गर्व की अनुभूति होगी।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर जिलाध्यक्ष सोनी मिश्रा ने किया तथा वमंच संचालन सीता सिन्हा ने किया और धन्यवाद ज्ञापन अंजलि राय द्वारा किया गया। इस जयंती समारोह में भाजपा के संगठन महामंत्री भिखूभाई दलसानिया, बिहार सरकार में मंत्री रेणु देवी, विधायक संजीव चौरसिया, पटना मेयर सीता साहू, प्रदेश मंत्री रीता शर्मा, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मृत्युंजय झा, प्रदेश महिला मोर्चा महामंत्री शोभा, सुनीता दुबे, रागिनी यादव, पटना महानगर अध्यक्ष रूप नारायण मेहता, ममता रानी के अलावा पटना महानगर के सभी जिला पदाधिकारी , प्रदेश के पदाधिकारी और सैंकड़ों महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शिव शंकर गुप्ता बिरसा यूनाईटेड के नए अध्यक्ष चुने गये

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। यूनाइटेड रेवन्यू सर्विस एसोसिएशन ऑफ बिहार यानि बिरसा का वार्षिक चुनाव शनिवार को पटना में सम्पन्न हुआ। चुनाव में बिहार राजस्व सेवा के राजस्व अधिकारी, अंचल अधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता एवं समकक्ष, जिला भू अर्जन पदाधिकारी एवं समकक्ष और अपर समाहर्ता एवं समकक्ष श्रेणी के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। रविवार को चुनाव का परिणाम घोषित किया गया है। बिहार राजस्व सेवा की मतदाता सूची से कुल 82 प्रतिशत पदाधिकारियों ने मतदान किया। शिव शंकर गुप्ता, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, भू अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को बीआईआरएसए यूनाइटेड का अध्यक्ष चुना गया है। उन्हें 59.9 फीसदी मत प्राप्त हुए। महासचिव पद पर सुधांशु शेखर, उपाध्यक्ष पद पर संजय कुमार निर्वाचित घोषित किए गए हैं। चुनाव समिति ने निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरित किया।

## प्रदेश किसान कांग्रेस ने आहूत की किसान महासम्मलेन

### किसानों के 23 सूत्री मांग को लेकर सभी जिलों में होगा आन्दोलन : किसान कांग्रेस

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में रविवार को प्रदेश किसान कांग्रेस के द्वारा किसान महासम्मलेन का आयोजन किया गया।

अन्नदाता के सम्मान में कांग्रेस मैदान में स्लोगन के साथ आयोजित किसान महासम्मेलन का आयोजन एवं अध्यक्षता अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक राज कुमार शर्मा ने किया। मंच संचालन पूर्व अतिपिछड़ा विभाग के अध्यक्ष कुन्दन गुप्ता ने किया। इस सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए राज कुमार शर्मा ने कहा कि किसान के जीवन में आर्थिक बदलाव को लेकर वर्तमान केन्द्र एवं राज्य सरकार कारगर पहल नहीं कर पा रही है। खेती एवं किसानी घाटे का सौदा बनकर रह गया है। किसान खेती छोड़ने को विवश है और मजदूर बनकर रह गए है। उन्होंने कहा कि किसानों को अपना फसल का मूल्य निर्धारण करने का अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों के 23 सूत्री मांग को लेकर सभी जिलों में आन्दोलन किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मोती लाल शर्मा ने अपने संबोधन में किसानों की समस्याओं को रेखांकित करके उसपर आन्दोलन की बात कही और कहा कि हम सबको मिलकर बिहार में किसानों के हक की लड़ाई को उचित मंच देने की जिम्मेदारी है। प्रत्येक जिले में किसानों की समस्या है, नहरों में पानी, उचित सिंचाई का अभाव, खाद व बीज की आपूर्ति और उचित बाजार के साथ कीमत दिलाना हमारी प्राथमिकता में शामिल है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता अजय चौधरी ने कहा कि मोदी सरकार किसानों के साथ नाइंसाफी कर रही है। सरकार को किसानों का कर्ज माफ करना चाहिए, जिससे आत्म हत्या करने वाले किसानों को रोका जा सके। बिना व्याज के किसानों को खेती के लिए सरकार को आसान लोन की व्यवस्था करनी चाहिए। इस सम्मेलन में प्रमुख रूप से मोती लाल शर्मा, जमाल अहमद भल्लू, अजय चौधरी, कुंदन गुप्ता, हबीबुल्ला अंसारी, रौशन कुमार सिंह, प्रवीण कुमार, रामचन्द्र पासवान, डा गौतम कुमार, अखिलेश्वर प्रसाद कुशवाहा, संतोष कुमार श्रीवास्तव, मो0 शाहनवाज, किशोर कुमार, उमेश प्रसाद राठौर, रहमत हुसैन, रणधीर सिंह यादव, अजीत उपाध्याय, अर्जुन माझी, विवेक यादव, महेश कुमार मुखिया, नवीन कुमार, गजेन्द्र सिंह, प्रमोद राय, विनोद सिंह, डा सुनीता, प्रभाकर झा, सोनी पासवान, सुमन कुमार मौजूद रहे।

## बिहार को पीएम मोदी सिर्फ सौगात ही दे रहे हैं, अब तक कोई ठोस विकास नहीं दे पाए हैं : कृष्णा

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावारु ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार आगमन को लेकर कहा कि बिहार को प्रधानमंत्री मोदी सिर्फ सौगात ही दे रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस विकास नहीं दे पाए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार को अब तक कुछ ठोस परिणाम नहीं मिला है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सवाल पूछा कि बिहार और बिहार की जनता को ये बताएं कि पिछले 11 साल में उन्होंने आम जनता, आम महिला, आम युवा और आम किसान के लिए क्या किया है? उसके बाद आगे की बात करें। भारत के चौथी अर्थव्यवस्था बनने और जापान को पीछे छोड़ देने पर बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारु ने कहा कि बिहार में क्या स्थिति है, उसके बारे में प्रधानमंत्री बताएं। बिहार आज हिंदुस्तान के राज्यों में रोजगार, अफसरशाही, भ्रष्टाचार के मामले में किस पायदान पर है, इन सब चीजों पर प्रधानमंत्री को खुलकर बताना चाहिए कि हम कहां हैं? प्रधानमंत्री को बताना चाहिए कि उनके 11 साल में बिहार बड़े प्रदेशों में 27-28 नंबर पर है। बहुत सारे पैमाने पर बिहार अन्य राज्यों से काफी पीछे है। दिल्ली में शनिवार को नीति आयोग की बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शामिल नहीं होने पर उन्होंने कहा कि बिहार का विकास नीति आयोग की बैठक में बैठने से हो जाता, तो हिंदुस्तान आज जापान नहीं, अमेरिका से आगे होता। असली मामला यह है कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और यहां की जो अफसरशाही है, तीनों लोग मिलकर खुद के लोगों के विकास की बात करते हैं, बिहार की जनता के विकास की बात नहीं करते हैं। निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के राहुल गांधी के नेतृत्व में महागठबंधन के चुनाव लड़ने के बयान पर बिहार कांग्रेस प्रभारी ने कहा कि बिहार में महागठबंधन मिलकर चुनाव लड़ेगा। हमारे हर नेता के लिए जनता के दिलों में जगह है और हम जनता के बीच में मिलजुल कर मजबूत चुनाव लड़ेंगे। जनता के मुद्दों पर चुनाव लड़ेंगे।

## शराबबंदी अभियान को विफल करने की साजिश : एजाज

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने बिहार में शराबबंदी के मामले पर पर्यटन मंत्री राजू सिंह के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। श्री एजाज ने कहा कि महात्मा गांधी के विचारों को कमजोर करने के लिए ही नाथूराम गोडसे के विचारों पर चलने वाले इस तरह की बातें कर रहे हैं, और शराबबंदी अभियान को विफल करने के प्रयास में लग गए हैं, यह कहीं से उचित नहीं है अपने ही शपथ से मुकरने वाली उनकी सोंच का स्पष्ट प्रमाण है। एजाज ने आगे कहा कि सबको पता है की महागठबंधन सरकार के रहते हुए 30 जनवरी 2016 को बिहार में पूर्णतः शराबबंदी लागू हुआ था। इसके लिए मानव श्रृंखला बनाया गया था जिसमें रिकॉर्ड तोड़ संख्या में लोगों ने शिरकत की थी और यह गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया था। लेकिन अफसोस की बात है कि जिन लोगों ने उस समय शपथ लिया था कि ना पियेंगे और ना पीने देंगे, वही लोग कहीं ना कहीं शराब बंदी अभियान को विफल करने में लग गए हैं। ऐसे मामले में राष्ट्रीय जनता दल ने नीतीश सरकार से पूछा है कि आखिर दोहरी नीति और दोहरी विचार नीतीश सरकार के मंत्री की ओर से क्यों आ रही है। आगे कहा कि बिहार में सबसे पहले शराबबंदी के लिए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने मुहिम चलाया था और नारा दिया कि हमें शराब नहीं किताब चाहिए, हमें मदिरालय नहीं पुस्तकालय चाहिए। उसी मुहिम में तेजस्वी जी ने संकल्प लिया था कि हमारी सरकार बनने पर बिहार में शराबबंदी को पूरी तरह से लागू किया जाएगा। जबकि इससे पहले वर्ष 2005 से 2015 के बीच भाजपा और जदयू ने मिलकर गांव-गांव और पंचायत- पंचायत शराब दुकानें खुलवाई थी, और नई शराब प्रोत्साहन नीति के माध्यम से इसे आय एक स्रोत बनाया था। बिहार में महागठबंधन सरकार के ऐतिहासिक कार्य को कमजोर करने के अभियान में भाजपा के नेता लग गए हैं इससे यह स्पष्ट होता है कि उनको शराबबंदी का अभियान पच नहीं रहा है।

## पीएम मोदी के आगमन की तैयारी को लेकर जोरदार तैयारी

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। 30 मई को वे बिहार के विक्रमगंज में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल आज विक्रमगंज पहुंचकर प्रधानमंत्री के विक्रमगंज आगमन को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए कई संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों और संघों के सदस्यों के साथ बैठक की। भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल आज विक्रमगंज पहुँचे और 30 मई को प्रधानमंत्री के विक्रमगंज आगमन को लेकर संत शिवनाथ ग्लोबल स्कूल में निजी विद्यालयों के संचालको के साथ बैठक कर कार्यक्रम से संबंधित आवश्यक विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इसके बाद उन्होंने मुखिया संघ की बैठक में सम्मिलित होकर सभी सम्माननीय जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम में सपरिवार आमंत्रित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री का आगमन पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। हम सब मिलकर इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बनें। प्रधानमंत्री मोदी के विक्रमगंज आगमन से बिहार को विकास का उपहार मिलेगा। उनके आगमन को लेकर विक्रमगंज तैयार है और लोग उनके स्वागत को लेकर लालायित हैं। इसके बाद भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने डीपीएस स्कूल में क्षेत्र के सम्मानित जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की।

## नगर आयुक्त ने सैदपुर संप एवं बाकरगंज नाला का किया औचक निरीक्षण



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। पटना नगर निगम एवं बुडको द्वारा मानसून पूर्व तैयारी युद्ध स्तर पर चालू है इसी क्रम में रविवार को नगर आयुक्त सह बुडको एमडी अनिमेष कुमार पराशर द्वारा सैदपुर संप एवं बाकरगंज नाले का औचक निरीक्षण किया गया। सैदपुर संप हाउस में जहां स्थिति संतोषजनक पाई गई वहीं कर्मियों को प्राप्त वॉकी टॉकी की जांच की गई।

संप के पास ही बुडको द्वारा तैयार किये जा रहे नाला निर्माण की जांच की गई। जांच के क्रम में पाया गया कि बना हुआ नाला कनेक्ट नहीं हो पाया है। संवेदक को उसे दो दिन के अंदर कनेक्ट करने एवं बुडको के पदाधिकारियों को कार्य के उपरांत निरीक्षण करने का भी निर्देश नगर आयुक्त द्वारा दिया गया।

**बाकरगंज नाला निर्माण एजेंसी को स्पष्टीकरण:** बाकरगंज नाले के निर्माण स्थल पर एक साथ-साथ कई जगह निर्माण का मलवा पाया गया। जिस पर एजेंसी से स्पष्टीकरण पूछा गया है इसके साथ ही रात भर में सभी जगह से मलवा हटाने का भी निर्देश भी नगर आयुक्त द्वारा दिया गया। निरीक्षण के क्रम में स्थल पर अपर नगर आयुक्त श्री राजन सिन्हा, कार्यपालक अभियंता, कार्यपालक पदाधिकारी एवं नगर निगम और बुडको के कर्मी मौजूद रहे।

## जदयू मुख्यालय में एकदिवसीय प्रवक्ता, मीडिया व आईटी कार्यशाला का आयोजन

# प्रदेश के हर बूथ पर होगा जदयू का डिजिटल कार्यकर्ताः उमेश

### तथ्यों और तर्कों के साथ विपक्ष के आरोपों का करारा जवाब दें : नीरज कुमार

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय में रविवार को मीडिया, आईटी और प्रवक्ता की एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने की। इस अवसर पर संचार माध्यमों पर सक्रियता को और बढ़ाने, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार की उपलब्धियों का व्यापक एवं प्रभावी प्रचार-प्रसार करने तथा विपक्ष के भ्रामक दावों और दुष्प्रचार का तथ्यपरक व तर्कसंगत जवाब देने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि विपक्ष के पास न तो कोई स्पष्ट विजन है और न ही15 वर्षों के शासन की कोई उल्लेखनीय उपलब्धि है। उनकी पूरी राजनीति झूठ, भ्रम और दुष्प्रचार पर आधारित है। वहीं दूसरी ओर, हमारे पास विकास की मजबूत और प्रमाणित उपलब्धियाँ हैं, जनसेवा का सशक्त रिकॉर्ड है, और सबसे महत्वपूर्ण हमारे नेता की बेदाग और ईमानदार छवि है, जो हमारी सबसे बड़ी राजनीतिक पूंजी है। उन्होंने कहा कि अगर हम हर दिन सिर्फ चार प्रमुख उपलब्धियाँ भी सोशल मीडिया पर साझा करें, तो शायद दिन कम पड़ जाएं, लेकिन हमारी उपलब्धियाँ कभी समाप्त नहीं होंगी। विपक्ष का शासन जंगलराज, परिवारवाद और भ्रष्टाचार का त्रासदी रहा है। जातीय नरसंहार, घोटाले और अराजकता की घटनाएँ आज भी जनता की स्मृति में जीवित हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमारा लक्ष्य है 2025 में 225 और फिर से नीतीश। जब तक विजय प्राप्त न हो, तब तक हमें रुकना नहीं है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे जिला, प्रखंड और बूथ स्तर पर डिजिटल योद्धा के रूप से सक्रिय और मजबूत उपस्थिति सुनिश्चित करें। साथ ही विपक्ष की विफलताओं को बार-बार जनता के बीच दोहराएं और उन्हें सोशल मीडिया पर मजबूती से उठाएं। विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता व कोषाध्यक्ष ललन सर्राफ ने कार्यकताओं से आग्रह किया कि वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकासात्मक कार्यों को अपने-अपने बूथों तक पहुँचाने का संकल्प लें।

**ये रहें मौजूद :** कार्यक्रम में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, मीडिया सेल के संस्थापक अध्यक्ष डा अमरदीप, नहोरा प्रसाद यादव, प्रदेश प्रवक्ता डा भारती मेहता, प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा, अरविंद निषाद, अभिषेक झा, हिमराज राम, मनीष यादव सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यशाला में उपस्थित रहे।

### नीतीश सरकार की उपलब्धियों को सोशल मीडिया पर साझा करें

राष्ट्रीय प्रवक्ता रंजन प्रसाद प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने न्याय के साथ विकास की शासन पद्धति को अपनाकर समाज के हर वर्ग तक विकास की रौशनी पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर पार्टी की सशक्त उपस्थिति सुनिश्चित कर, विपक्ष की नाकामियों और नीतीश सरकार की उपलब्धियों सोशल मीडिया पर साझा करें। मुख्य प्रवक्ता व विधानपार्षद नीरज कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कभी वोट की परवाह किए बिना समाज के हर वर्ग के लिए काम किया है। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि इन उपलब्धियों को लगातार लोगों तक पहुंचाएं। तथ्यों और तर्कों के साथ विपक्ष के आरोपों का करारा जवाब दें। प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी स्थापना चंदन कुमार सिंह ने पार्टी, प्रकोष्ठ एवं संगठन के विभिन्न स्तरों पर समन्वय बनाने पर जोर दिया, साथ ही उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर बेहतर तालमेल स्थापित कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यों का प्रचार प्रसार करें। मीडिया सेल के प्रदेश अध्यक्ष मनीष कुमार मंडल ने कहा कि सोशल मीडिया एक सशक्त माध्यम है, जिसके जरिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के कार्यों और उपलब्धियों को तेजी और प्रभावशीलता के साथ जनता तक पहुँचाना हम सभी कार्यकताओं की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### शिवम सुंदरम पत्रिका के प्रकाशन की होगी समुचित व्यवस्था

मुजफ्फरपुर।श्री गरीब नाथ मंदिर न्यास समिति की बैठक जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष, प्रबंधन समिति सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में मंदिर सभाकक्ष में की गई। बैठक के एजेंडा के अनुरूप हर बिंदु पर अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिया गया। बैठक में श्रद्धालु भक्तों की सुविधा एवं सुरक्षा का ध्यान रखने पर बल दिया गया।शिवम सुंदरम पत्रिका के प्रकाशन की समुचित व्यवस्था हेतु तीन सदस्यों की कमेटी गठित करने तथा नियमानुसार प्रकाशन करने का निर्णय लिया गया। मंदिर के ग्राउंड फ्लोर पर फिसलन को देखते हुए टाइल्स का रिप्लेसमेंट करने, मंगल भवन में पेंटिंग करने पर विचार किया गया। बैठक में प्रधान पुजारी परिवार का अंशदान में 50% की वृद्धि करने तथा कैपिंग को बढ़ाकर 11 लाख करने का निर्णय कमिटी द्वारा लिया गया। बैठक में दिव्यांग शिविर खर्च की जांच एवं अनुमोदन हेतु तीन सदस्यों की कमेटी गठित करने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त जेनरेटर का क्रय करने, वित्तीय कामकाज का नियमानुसार संधारण करने, अंकेक्षण कराने आदि का भी निर्णय लिया गया।बैठक में उपाध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी अमित कुमार, सचिव एन के सिन्हा, समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### पुलिस लाईन में पालना घर खुला

मुजफ्फरपुर।मुख्यमंत्री-नारी-शक्ति योजना अंतर्गत पुलिस लाइन मुजफ्फरपुर परिसर में संचालित होने वाले पालना घर के लिए क्रैच वर्कर एवं सहायक क्रैच वर्कर को नियोजन पत्र जिलाधिकारी के कार्यालय प्रकोष्ठ में दिया गया। मुजफ्फरपुर जिला में यह तीसरा पालना घर का संचालन किया जाएगा इससे पूर्व समाहरणालय परिसर एवं खुदीराम बोस कारावास में पालना घर संचालित है इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक महिला बाल विकास निगम के द्वारा सहयोग दिया गया

### रघुनंदन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय समर्था के प्रभारी एच एम बने संजीव कुमार झा

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत संचालित जिला के ख्याति प्राप्त विद्यालय राजकीय रघुनंदन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय समर्था के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजीव कुमार झा को बनाया गया है। उक्त बात की जानकारी जिला शिक्षा पदाधिकारी कामेश्वर प्रसाद गुप्ता ने पत्र निर्गत कर दिया है। पत्र के माध्यम से बताया गया है कि उक्त विद्यालय से प्राप्त आवेदन, पदस्थापन विवरणी एवं विभागीय पत्र के आलोक में विद्यालय के वरीयतम शिक्षक ऋतु कर्ण द्वारा विद्यालय के प्रभार ग्रहण करने के संदर्भ में आवेदन के माध्यम से असमर्थता व्यक्त किए जाने के फलस्वरूप वरीयता क्रम के द्वितीय पात्र शिक्षक उच्च माध्यमिक शिक्षक वनस्पति विज्ञान के संजीव कुमार झा को प्रभारी प्रधानाध्यापक घोषित किया गया है। साथ ही निर्देश दिया गया है कि विद्यालय के संपूर्ण प्रभार प्राप्त कर विद्यालय के समुचित संचालन करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त बात की सूचना संबंधित शिक्षक एवं संबंधित पदाधिकारियों को दी गई है।

### शराब कारोबारी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। चकमहेसी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव में छापेमारी कर थाना कांड 21/25 के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। इस संबंध में थाना अध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने बताया कि गुप्त सूचना मिलते ही थाने से सहायक अवर निरीक्षक नौशाद अंसारी को दलबल के साथ भेजा गया। जहां बिहार मध्य निषेध उत्पाद अधिनियम एक प्राथमिक की अभियुक्त सैदपुर गांव के स्वर्गीय विनोद सहनी के पुत्र रोशन कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### समूह कर्मचारी से हथियार के बल पर लूट मामले में पुलिस ने तीन संदिग्ध युवक को पकड़

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत संसागाछी के समीप एक महीना पूर्व हुई चैतन्या इंडिया पीन क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड समूह के कर्मचारी से बदमाशों ने हथियार के बल पर 43 हजार 700रुपए लूट लिया था। पुलिस ने इस मामले में बीती रात ध्रुवगामा गांव से तीन संदिग्ध युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। साथ ही चार बाईक को भी विभिन्न जगहों से छापामारी कर जप्त कर लिया। पुलिस छानबीन कर रही है। इस मामले में पुलिस विशेष कुछ भी बताने से परहेज कर रही है। इस मामले को लेकर समूह के कर्मचारी हथौड़ी थाना क्षेत्र के छतौनी गांव के बसंत कुमार ने कल्याणपुर थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया था। जिसमें उसने बताया कि सिमरिया भिंडी गांव से समूह की राशि वसूली कर कल्याणपुर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान उक्त स्थल के समीप बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया।

# बच्चों में एईएस का लक्षण दिखते ही तुरंत सरकारी अस्पताल ले जाएं : जिलाधिकारी



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।चमकी बुखार की रोकथाम एवं बचाव हेतु जागरूकता अभियान को गति प्रदान करते हुए अन्य शनिवारीय चौपाल की भांति जिला अंतर्गत सभी पंचायतों में संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में कुढ़नी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संपन्न हुआ।बच्चों को एईएस संबंधी लक्षण प्रतीत होते ही बिना देर किये उपलब्ध किसी वाहन से निकटतम सरकारी अस्पताल पहुँचे। स्वास्थ्य केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त ट्रेंड डाक्टर हैं जो निर्धारित एसओपी के तहत इलाज करेंगे। यह बातें जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने कुढ़नी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित संध्या चौपाल में कही।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में कार्यरत डॉक्टर की उपस्थिति दर्पण प्लस एप्प से मॉनिटरिंग कर सुनिश्चित की जा रही है। स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत डॉक्टरों की गुणवत्तापूर्ण ट्रेनिंग दी गई है तथा ट्रेंड डॉक्टर के द्वारा ही सरकारी मानक संचालन प्रक्रिया के तहत इलाज की उत्तम व्यवस्था है। जिले में एईएस के इलाज की व्यवस्था एवं संसाधन की चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि एसकेएमसीएच में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त 100 बेड का डेडीकेटेड पीकू वार्ड गठित है।इसके अतिरिक्त सदर अस्पताल से लेकर प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक संसाधन से पूर्ण इलाज की समुचित व्यवस्था है। सभी पंचायतों में सरकारी व प्राइवेट वाहन की टैगिंग की गई है तथा वाहन चालक का नंबर आशा,सेविका सहायिका को उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने वाहन के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि बच्चे को इन वाहनों के अतिरिक्त किसी अन्य वाहन से भी स्वास्थ्य केंद्र लाया जा सकता है जिसके लिये सरकारी निर्धारित दर 400 से लेकर 1000 तक उन्हें भुगतान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिलांतर्गत शून्य से 15 वर्ष तक आयुवर्ग के 11 लाख बच्चे हैं जिनके स्वास्थ्य की नियमित निगरानी आंगनबाड़ी सेविका सहायिका आशा कार्यकर्ता के माध्यम से गृह भ्रमण कर प्रतिदिन की जा रही है। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जीरो डेथ के संकल्प को दोहराते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि वर्ष 2023 में 41 केस तथा वर्ष 2024 में भी 41 केस पाये गये किंतु लोगों की सावधानी, सतर्कता तथा सरकारी मशीनरी की तत्परता एवं कुशल प्रबंधन के कारण कोई मृत्यु नहीं हुई। पुनः इस वर्ष भी आम लोगों को सावधान एवं सतर्क रहने की अपील की तथा प्रशासनिक तंत्र को एक्टिव रहकर जीरो डेथ के संकल्प को पूरा करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।उन्होंने कहा कि जिले में इस वर्ष अब तक 13 केस प्रतिवेदित है।

## बहादुरपुर में युवक की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा, एक गिरफ्तार

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

नगर थाना क्षेत्र के बहादुरपुर में युवक की हत्या मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से हत्या में प्रयुक्त हसुआ और खून से सना कपड़ा बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान बहादुरपुर वार्ड 21 के स्व. दीपनारायण साह के पुत्र मनोज साह के रूप में हुई है। छापेमारी दल में नगर थानाध्यक्ष पुनि शिव कुमार यादव, पुअनि निशा भारती व पुअनि प्रवीण कुमार एवं नगर थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। घटना का खुलासा करते हुए सदर एसडीपीओ-1 ने बताया कि 20 मई की सुबह अनुरूप टॉकीज के पूरब गंडक नदी के दक्षिणी किनारे एक युवक का शव बरामद हुआ था। मृतक की पहचान महेश शर्मा के रूप में हुई थी। शव पर जख्म के निशान पाए जाने पर मामला हत्या का प्रतीत हुआ था। मृतक की पत्नी ज्योति देवी के आवेदन पर नगर थाना में कांड दर्ज किया गया था। एसपी अशोक मिश्रा के निर्देश पर सदर एसडीपीओ-1 के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी। तकनीकी और मानवीय सूचनाओं के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 24 मई को आरोपी मनोज साह को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि मृतक उसके साथ खाना बनाने के कार्य में मजदूरी करता था। मजदूरी का पैसा बकाया था, जिसे लेने मृतक 19 मई की रात उसके घर आया था। पैसे को लेकर विवाद बढ़ा, गाली-गलौज और हाथापाई हुई। इसी दौरान मृतक ने आरोपी का अंगूठा काट लिया, जिससे गुस्से में आकर उसने हसुआ से वार कर दिया और ईंट से कुचल कर हत्या कर दी। बाद में शव को बांध के किनारे छिपा दिया था।

## समारोह आयोजित कर किया गया महात्मा कबीर एवं संत शिरोमणि रविदास की मूर्ति अनावरण

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत कबीर चौक पर रविवार को समारोह आयोजित कर महात्मा कबीर एवं संत शिरोमणि रविदास की मूर्ति का अनावरण किया गया। समारोह की अध्यक्षता आश्रम निमार्ता सह समारोह आयोजनकर्ता कवि राम बालक सिंह बालक ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में यूआर कालेज रोसड़ा के पूर्व प्राचार्य सह मैथिली विनाश के अध्यक्ष डॉ प्रवीण कुमार प्रभंजन एवं बेगूसराय निवासी दलसिंहसराय प्रखंड के पूर्व चिकित्सा प्रभारी ए के गुप्ता उपस्थित हुए। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन रोसड़ा यूआर कालेज के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ परमानंद मिश्र ने किया। तत्पश्चात मूर्ति का अनावरण मूर्ति निर्माण सहायिका शैल कुमारी सिन्हा, पूर्व प्रखंड प्रमुख रुपांजलि कुमारी, जिला परिषद सदस्या रीना राय ने किया। समाचार को उपस्थित वक्ताओं ने संबोधित करते हुए महात्मा कबीर एवं संत शिरोमणि रविदास के भक्तिभाव एवं व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। मौके पर बेगूसराय पुलिस पदाधिकारी सरोज मिश्र,अभितानन्द मिश्र, रामाकांत राय रमा, राजेंद्र महतो सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## लूटकांड का पुलिस ने किया खुलासा, लूटी गई दो बाइक बरामद, एक गिरफ्तार



समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

ताजपुर थाना क्षेत्र के हरपुर भिंडी फोरलेन पुल के पास 18 मई की रात हुई लूटपाट की घटना का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए लूटी गई दो बाइक, एक मोबाइल और घटना में प्रयुक्त बाइक को बरामद किया है। गिरफ्तार युवक के बयान के आधार पर पुलिस अन्य फरार दो अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। घटना को लेकर वारा जितवारपुर, वार्ड संख्या-15, थाना हलई निवासी मनीष कुमार ने ताजपुर थाना में मामला दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि 18 मई की रात करीब 9 बजे वह हरपुर भिंडी फोरलेन स्थित अर्द्धनिर्मित पुल के पास पीपल के पेड़ के नीचे पहुंचे थे। इसी दौरान अपाचे बाइक पर सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने हथियार के बल पर उन्हें डराकर पांच हजार रुपए नकद, एक मोबाइल और उनकी बाइक लूट ली। इस संबंध में अपने कार्यालय में रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए सदर एसडीपीओ-1 ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए समस्तीपुर एसपी अशोक मिश्रा ने सदर एसडीपीओ-1 और एसडीपीओ पटोरी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया था। टीम में ताजपुर २और हलई थानाध्यक्ष को शामिल करते हुए तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया गया था। पुलिस टीम ने 24 मई को गुप्त सूचना के आधार पर ताजपुर थाना क्षेत्र के गुनाई बसही के राजाराम सहनी के पुत्र नितीश कुमार को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्त ने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार की और अपने दो अन्य साथियों के नाम भी उजागर किए। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने उसके घर से घटना में प्रयुक्त बाइक, हलई थाना क्षेत्र से लूटी गई बाइक, ताजपुर की घटना से जुड़ा मोबाइल और बेगूसराय से लूटी गई बाइक बरामद की। इसके अलावा पुलिस ने बाइक बरामदगी के साथ ही एक और लूटकांड का भी खुलासा किया है। हलई थाना में दर्ज बाइक लूट मामले का भी पुलिस ने खुलासा कर दिया है। घटना में शामिल दो अन्य फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। साथ ही, उनके आपराधिक इतिहास को अन्य जिलों से खंगाला जा रहा है। ताजपुर थाना पुलिस टीम को इस सफल कार्रवाई के लिए पुरस्कृत करने की अनुशंसा की गई है।

## सभी छूटे हुए परिवारों का बनाएं आयुष्मान कार्ड : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 26 से 28 मई तक चलने वाले स्पेशल ड्राइव के सफल एवं सुचारु संपादन हेतु जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने जिला स्तरीय अधिकारियों एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ बैठक की। जिला पदाधिकारी ने प्रखंडवार निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने हेतु प्रखंडवार की गई तैयारी के बारे में फीडबैक प्राप्त किया तथा आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को आदेश निर्गत कर स्थलवार कर्मियों की तैनाती करने की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। विकास मित्रों को अनुसूचित जाति एवं जनजाति टोलों में डोर टू डोर भ्रमण कर छूटे हुए परिवारों को आयुष्मान कार्ड से आच्छादित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सीडब्ल्यूसी को स्कूल में बैठने तथा बच्चों एवं उनके परिवार के सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को वैसे स्कूलों की सूची जारी करने का निर्देश दिया गया जहां आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। कार्यपालक सहायक, पंचायत में बैठेंगे तथा आयुष्मान कार्ड बनायेंगे। डीलर को भी अपने क्षेत्र के उपभोक्ताओं का आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश दिया गया है। जीविका दीदी, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका को भी अपना अपना आयुष्मान कार्ड निकटवर्ती केंद्र पर बनवा लेने का निर्देश दिया गया है। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को प्रतिदिन शाम को 5:00 बजे उस दिन के कार्य की रिपोर्टिंग करने का निर्देश दिया गया है।

सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा प्रखंडों के वरीय पदाधिकारी को अपने अपने प्रखंड अंतर्गत केंद्रों का भ्रमण करने तथा टारगेट पूरा करने का टास्क दिया गया है। इस कार्य की प्रतिदिन रिपोर्टिंग एवं मॉनिटरिंग की जाएगी।

## बदमाशों को ग्रामीणों ने खदेड़ा पुलिस ने मौके पर से सात बाइक सहित एक देसी कट्टा को किया जब्त

प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिरसिंहपुर के महम्दाबाद गांव में रविवार की दोपहर पूर्व के विवाद को लेकर हथियार के बल पर आधे दर्जन से अधिक की संख्या में बदमाश रणधीर राय के घर पर हमला कर दिया। हालांकि ग्रामीणों ने बदमाशों को ख देर कर भगा दिया। वही बदमाशों की भीड़ देखकर ग्रामीण भी पहुंचने लगे बदमाश युवक जैसे ही देसी कट्टा निकाल कर रणधीर राय के पुत्र निशांत कुमार उर्फ आशु पर हमला करना चाह कि ग्रामीणों ने उसका विरोध करते हुए बदमाशों को ख देर कर भगा दिया। इसी दौरान बदमाश के हाथ से देसी कट्टा नीचे गिर गया। ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए बदमाश युवक बाइक छोड़कर भाग निकला। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही कल्याणपुर पुलिस मौके पर पहुंची और मौके पर से एक देसी कट्टा और सात बाइक को जप्त कर थाना ले आई । वहीं लोगों का बताना है कि शनिवार की शाम निशांत कुमार आशु अपने दोस्त के साथ जन्मदिन मनाने कल्याणपुर जा रहा था कि कुछ युवकों ने मंजिल मुबारक चौक के समीप उसे धेरकर मारपीट किया। हालांकि घटना के कारण का ठोस पता नहीं चल पाया है। वहीं थाना अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि पूर्व के विवाद को लेकर घटना होने की बात बताई जा रही है वैसे पीड़ित युवक के द्वारा आवेदन देने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## झपहां में 5.10 एकड़ में बनेगा केन्द्रीय विद्यालय

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले में उत्कृष्ट कोटि के प्रतिष्ठित केंद्रीय विद्यालय के भवन के निर्माण के लिए भूमि चयनित कर ली गई है।बोचहा अंचल अंतर्गत सीआरपीएफ कैंप परिसर में केंद्रीय विद्यालय झपहां के भवन निर्माण हेतु 5 एकड़ 10 डिसमिल जमीन चिन्हित कर ली गई है जो लीज पर लिया जाना है। इसके लिए जिला पदाधिकारी की पहल पर निबंधन विभाग ने भूमि की लीज से संबंधित दस्तावेज के पंजीकरण पर लगने वाले स्टांप शुल्क में छूट प्रदान की है। तदनुसार जिला पदाधिकारी ने उक्त भूमि के निबंधन हेतु निबंधन शुल्क से मुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की है।जिला में केंद्रीय विद्यालय जैसा उत्कृष्ट एवं प्रतिष्ठित संस्थान के बन जाने से स्टूडेंट को स्थानीय स्तर पर ही उच्च कोटि की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो जाएगी।समाज के कमजोर वर्ग के बच्चों की शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा आवासीय विद्यालय तथा छात्रावास की सुविधा हेतु संसाधन युक्त भवन बनाए जा रहे हैं।उल्लेखनीय है कि मीनापुर अंचल के मीनापुर पंचायत में 720 आसन का डॉ भीमराव अंबेडकर प्लस टू आवासीय विद्यालय के भवन निर्माण हेतु 4 एकड़ 80 डिसमिल जमीन चिन्हित कर ली गई है। अंतर्विभागीय प्रक्रिया पूरी करते ही प्रस्ताव कल्याण विभाग को जल्द भेजे जाएंगे। बोचहा, सकरा, बंदरा,पारू और मोतीपुर में 720 आसन का डॉ भीमराव अंबेडकर प्लस टू आवासीय विद्यालय के लिए जिला पदाधिकारी ने भूमि उपलब्ध करा दी है और टेंडर की प्रक्रिया में है। इन विद्यालयों के बन जाने से कमजोर वर्ग के विशेष कर अनुसूचित जाति एवं जनजाति के बच्चों बच्चियों के लिए न केवल पठन-पाठन के लिए विद्यालय मिल जाएंगे बल्कि आवासन की भी सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।इसके अतिरिक्त समाज के पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के बालक के लिए 720 आसन का विद्यालय कुढ़नी के केरमा में भवन बनाने के लिए 4 एकड़ 99 डिसमिल जमीन चिन्हित कर ली गई है। जल्द ही प्रस्ताव सरकार को भेज दिए जाएंगे।

## बीसीए छात्र और छात्र नेताओं का आमरण अनशन तीसरे दिन भी जारी



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा बीएन मंडल विश्वविद्यालय में बीसीए छात्र का रिजल्ट सुधार समेत अन्य मांग को लेकर अनिश्चितकालीन आमरण अनशन तीसरे दिन भी जारी रहा मालूम हो कि दो दिनों से विश्वविद्यालय प्रशासन के तरफ से आंदोलन को लेकर काफी उथल पुथल मचा था। विश्वविद्यालय प्रशासन के तमाम कोशिश के बावजूद भी छात्रों ने आंदोलन को आगे बढ़ाने में सफल हुआ कल एक बार अनशनकारी छात्र नेता एवं एनएसयूआई के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक मनीष कुमार ,आइसा विश्वविद्यालय अध्यक्ष अरमान अली और युवा शक्ति के नेता सौरभ यादव की गिरफ्तारी के बाद ऐसा लगा था कि आंदोलन अब खत्म हो जाएगी। विश्वविद्यालय के द्वारा काफी सारे पुलिस बल मांगा ली गई थी छात्रों के अनशन स्थल को प्रॉक्टर डॉ बिमल सागर के द्वारा खाली कराने की कोशिश की गई किंतु युवा नेता हर्षवर्धन सिंह राठौड़ के द्वारा अनशन स्थल पर पहुंचकर मोर्चा संभाल लिया गया और छात्रों के साथ डटकर विश्वविद्यालय प्रशासन का विरोध प्रदर्शन किया इसके बाद विश्वविद्यालय पर शासन कदम के पीछे हटाया और और अनिश्चितकालीन आंदोलन अनशन गिरफ्तार छात्र नेताओं के आने के बाद जारी हो गया तीसरे दिन अनशन स्थल पर कई सारे राजनीतिक दलों के नेता ने पहुंचकर समर्थन दिया और अनशनकारियों का हौसला बढ़ाया अनशन स्थल पर समर्थन देने पहुंचे राजद के वरिष्ठ नेता और पटना विश्वविद्यालय के शिक्षक संघ नेता डॉ रणधीर यादव ने कहा कि मधेपुरा की धरती पर इस विश्वविद्यालय की स्थापना इसलिए हुआ था की शोषित वंचित पीड़ित के बच्चे को शिक्षित हो सके और किसी भी विश्वविद्यालय में कुलपति छात्रों के लिए नियुक्त होते है इसलिए यहां की कुलपति से आग्रह है कि वह छात्रों के पास आकर उनके डिमांडों को सुन लोकतंत्र में आंदोलन का अधिकार सभी को है इस परिस्थिति में विश्वविद्यालय के अंदर बनी आधिकारिक धरना स्थल पर छात्रों को नहीं जाने देना गलत है सड़क किनारे हो रहे अनशन से छात्रों पर कई तरह के खतरे हैं यह राष्ट्रीय राजमार्ग है तेज वाहन अगर अनियंत्रित हो गया या फिर रात में कोई सामाजिक तत्व यह पहुंच कर कुछ भी दुर्घटना कर देता है तो इसकी जिम्मेदार विश्वविद्यालय प्रशासन को होना चाहिए। वही अंश र्थन करने पहुंचे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी नेता गणेश मानव ने कहा कि कुलपति विश्वविद्यालय में तालिबानी शासन लागू किए हुए हैं छात्र संगठन से मिलकर कुलपति को बात करनी चाहिए। वहीं आज तीसरे दिन अनशन पर बैठे अनशनकारी छात्र नेता और एनएसयूआई मनीष कुमार, आलोक कुमार और रौनक कुमार का तबीयत आज अचानक बिगड़ गया मेडिकल टीम के द्वारा जांच करने पर ब्लडप्रेशर सभी अनशनकारी का कम हो गया। वही एक अनशनकारी सानू कुमार को चक्कर आ गया। अनशनकारी मनीष कुमार ने कहा कि अनशन स्थल पर गंदगी से भरा नाला है जहां भारी मात्रा में कूड़ा करकट फैला है इस स्थिति में संक्रमण फैलने की संभावना बढ़ गई है।

## सेंट्रल विद्या मंदिर स्कूल के 3 बच्चों का सैनिक स्कूल में हुआ चयन

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा ऑल इंडिया सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा पास कर मधेपुरा के छात्रों ने विद्यालय और अपने शहर का नाम रोशन किया है। शहर के मधेपुरा डिग्री कॉलेज के समीप आवासीय सेंट्रल विद्या मंदिर के तीन छात्रों ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा पास की है। रविवार को छात्रों का विद्यालय में प्रबंधक द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुमारी विनीता भारती ने कहा कि हमारे वार्ड में बहुत सारे शिक्षण संस्थान हैं लेकिन यहां से प्रत्येक वर्ष बच्चों का विभिन्न विद्यालयों के लिए चयन होता है। जो की हम सबों के लिए बहुत ही खुशी की बात है। वहीं उन्होंने कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जो पियेगा वही दहाड़ेंगे। स्कूल के डायरेक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि हमारे विद्यालय के तीन छात्रों ने फॉर्म फिल किया था। जिसमें तीनों छात्रों का सैनिक स्कूल के चयन होना हम सबों के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि हमारे संस्थान से प्रत्येक वर्ष नवोदय, सैनिक स्कूल सहित अन्य प्रवेश परीक्षाओं के लिए बच्चों का चयन होता है। जिसमें हमारे शिक्षकों का अहम योगदान होता है हम सभी शिक्षकों का भी शुक्रिया अदा करेंगे। जिन्होंने बच्चों के साथ-साथ हमारे विद्यालय को आगे बढ़ने का काम कर रहे हैं। मौके धीरेंद्र कुमार, डॉ० अशोक कुमार, पो० किशोर यादव, शशि कुमार, कैलाश कुमार, मनीष कुमार, पिंटू यादव, दिनेश यादव, विनोद यादव, दिलखुश कुमार अनिता कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

## नीति आयोग की बैठक में उठाए गए मुद्दों में विकसित भारत की झलक : सांसद



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। भारत मंडपम में सम्पन्न बैठक की गवर्निंग काउंसिल की दसवीं बैठक में नीति आयोग के सीईओ बी आर सुब्रमण्यम के द्वारा जिस तरह से भारत की अर्थव्यवस्था को विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में घोषणा की गई है वह देश के डेढ़ सौ करोड़ लोगों के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है । यदि देश इसी तरह से उपलब्धियों को हासिल करता रहा तथा देशवासियों की एकजुटता बनी रही तो आने वाले समय में जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए भारत शीघ्र ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में सफलता प्राप्त करेगा। दरभंगा के सांसद डॉ गोपाल जी ठाकुर ने मुंबई में कल्याण के लोक श्री ग्रीन लोढ़ा पलावा फेज 2 में बिहार निवासी आदित्य सिंह के आवासीय परिसर, मुंबई के कोपरखेना के समस्तीपुर निवासी राजाराम सिंह के आवासीय परिसर बांद्रा बेस्ट के कृष्णचंद्रमार्ग स्थित होटल रंग शारदा सहित आधा दर्जन जगहों पर मुंबई में रह रहे मिथिलावासी तथा प्रवासी बिहारियों के बीच केंद्र सरकार की उपलब्धियों की जमकर सराहना करते हुए कहा कि केवल बिहार और देश के अन्य प्रांतों के गांव तथा क्षेत्रों का ही विकास नहीं हुआ है बल्कि देश ने आर्थिक राजनीतिक एवं सामरिक मुद्दों पर भी विश्व स्तर पर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। सांसद डा ठाकुर ने एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के क्रम में भारत के आर्थिक विकास की उपलब्धियों की चर्चा के क्रम में अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष आईएमएफ का हवाला देते हुए कहा है कि डोनाल्ड ट्रंप का टैरिफ भी भारत के ग्रोथ को नहीं रोक पाया और आज देश विकसित भारत के संकल्पों को पूरा कर रहा है। संसद डा ठाकुर ने इस अभियान से होने वाले दूरगामी संदेशों पर चर्चा करते हुए कहा कि आज पीएम मोदी तथा बिहार के सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में जिस तरह से विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं उसी आगे बढ़ाने के लिए बिहार में फिर से एनडीए सरकार का बनना आवश्यक है।

## मन की बात से शिक्षा, स्वास्थ्य व आर्थिक विकास पर विशेष बल मिलता है : पप्पू सिंह



प्रात : किरण संवाददाता

अलीनगर(दरभंगा)।अलीनगर विधानसभा अंतर्गत अलीनगर पश्चिमी मंडल के अधलोआम ग्राम में बूथ संख्या 113 पर सुजित चौधरी के आवास पर मंडल अध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव के अध्यक्षता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 122 वीं एपिसोड ह्मन की बातह्व कार्यक्रम को सुना गया।मौके पर संगठनात्मक जिला दरभंगा पूर्वी के महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह मौजूद रहे।इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की, जिनमें ऑपरेशन सिंदूर, नक्सलवाद, शहद उत्पादन और बस्तर ओलंपिक्स शामिल हैं।प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर चर्चा की और हमारी सेनाओं की बहादुरी की प्रशंसा की, नक्सलवाद के खिलाफ कार्रवाई की चर्चा की और कहा कि सरकार इस समस्या का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है।उन्होंने शहद उत्पादन के महत्व पर चर्चा की और कहा कि यह हमारे किसानों के लिए आय का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत है,इससे छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेस,बंगाल जैसे राज्यों में किसानों की कई गुना आमदनी बढ़ी है,उन्होंने बस्तर ओलंपिक्स की चर्चा की और कहा कि यह हमारे युवाओं के लिए खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का एक अच्छा अवसर है। उन्होंने कहा कि देश की तरक्की के लिए हमें शिक्षा, स्वास्थ्य, और आर्थिक विकास पर विशेष ध्यान देना चाहिए इस मौके पर महामंत्री संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह बोले मैं प्रधानमंत्री जी के ह्मन की बातह्व कार्यक्रम से बहुत प्रभावित हुआ।उन्होंने देश के विकास और प्रगति के लिए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

## विधानसभा चुनाव के लिए अभी से जुट जाएं कार्यकर्ता : मंत्री

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। खराजपुर गांव में पंचायत के मुखिया अभयनाथ मिश्र के निवास स्थान पर बहादुरपुर पश्चिमी मंडल के अध्यक्ष संजीव गुप्ता के अध्यक्षता में मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई। कार्यसमिति की शुरूआत वंदे मातरम एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी व अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के मंत्री हरि सहनी ने संगठनात्मक विषय पर अपनी बात रखते हुए कहा की सभी कार्यकर्ता अपने-अपने गांव में संगठण को मजबूत करने का काम करें ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए बहादुरपुर विधानसभा में पुनःजीत दर्ज करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार मे अनेकों विकासात्मक कार्य केंद्र सरकार ने किया है। कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधान पार्षद डॉ अर्जुन सहनी ने कार्यकताओं को आह्वान किया कि प्रत्येक पंचायत में बैठक कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यों की चर्चा करें और नए लोगों खासकर नौजवान को संगठन से जोड़ने का काम करें।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रो आदित्य नारायण चौधरी मन्ना ने बूथ सशक्तिकरण पर अपनी बात रखते हुए कहा की सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथो पर संगठन को मजबूत करें ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी पिछले चुनाव की तुलना में अधिक मतों से जीत दर्ज करें। मंडल कार्यसमिति की बैठक में जिला कार्यसमिति द्वारा पशु वध अधिनियम एवं कार्यकर्ता दरबार प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### रायजिंग वर्ल्ड स्कूल के प्रांगण में अखिल भारतीय धानुक उत्थान महासंघ के बैठक

बरियारपुर (मुंगेर)। अखिल भारतीय धानुक उत्थान महासंघ के बैठक आयोजित किया गया इस कार्यक्रम के अध्यक्षता पूर्व जिलापरिषद अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ बैलुन सिंह ने किया। इस अबसर पर उपस्थित मुंगेर जिला अध्यक्ष अनील कुमार सिंह के साथ इंजीनियर अबिनाश कुमार उपस्थित रहे उन्होंने कहा हम धानुक समाज के द्वारा बिगत बिधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा किया गया।जिस सामंग्य मे अपनी एकता के परिचय समाज मे हमलोगो के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज करने के लिये एकता कायम रखने के लिए बिशेष रुप से चर्चा किया गया।हमारे धानुक समाज को अपने हिस्से की भागीदारी कायम करनी चाहिए।चर्चा मे भाग लेते हुए अमितेश कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिह ने कहा सत्ता मे भागीदारी के लिए हमे एक शुत्र मे बधना जरुरी है आजादी भीख मागने से नही हमे छिनना होगा।

### चार लोगों ने दाखिल किया नामांकन पर्चा

हवेली खड़गपुर (कोर्ट)। श्री महादेव अहिल्या देवी स्मृति ट्रस्ट प्रबंध समिति 2025 2030 गठन के लिए रविवार के दिन चार लोगों ने अपनी उम्मीदवारी के लिए नामांकन पर्चा चुनाव पदाधिकारी अमरदीप कुमार अमर के कार्यालय कक्ष में दाखिल कर दिया है ट्रस्ट के चुनाव पदाधिकारी ने बताया कि चार पदों के लिए चुनाव होना है इसके लिए सदानंद झा ने साधारण सदस्य पद के लिए श्रीमती कंचन कुमारी ने संस्थापक सदस्य पद के लिए श्रीमती खुशबू कुमारी ने संस्थागत सदस्य पद के लिए और श्रीमती गुड़िया कुमारी ने स्थाई सदस्य पद के लिए नामांकन पर्चा दाखिल किया है ट्रस्ट के चुनाव पदाधिकारी ने बताया कि 25 और 26 मई 2025 तक प्रत्याशी अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे नामांकन पत्र की संवीक्षा 27 मई 2025 को की जाएगी प्रत्याशी अपना नाम को 28 मई 2025 तक वापस ले सकेंगे इसके साथ ही 31 मई 2025 को चुनाव संपन्न कराया जाएगा। इस मौके पर उपचुनाव पदाधिकारी कुमार राज और चुनाव पर्यवेक्षक मोहम्मद मुर्शीद आलम मौजूद थे।

# सरकार को चाहिए कि ग्राम पंचायत स्तर पर लघु उद्योग की स्थापना कर रोजगार उपलब्ध कराएं

## महिला जन संवाद में उठा शुद्ध पानी आपूर्ति बिजली बिल में कमी अच्छी क्वालिटी का राशन वितरण करने की मांग

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर। महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिला संवाद कार्यक्रम एक प्रेरणादायक पहल के रूप में काम कर रहा है जो ग्रामीण महिला को अपनी एवं अपने क्षेत्र में समस्याओं को रखने के लिए एक खुला मंच प्रदान कर रहा है। इसी कड़ी में पिछले पिछले 38 दिनों से मुंगेर जिले में महिला संवाद कार्यक्रम में महिलाएं बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही है और ग्रामीण क्षेत्र में विकास को लेकर नई तस्वीर खींच रही है। संग्रामपुर प्रखंड के सन्हौली गांव में ज्ञान जीविका महिला ग्राम संगठन के कार्यक्षेत्र में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 230 दीदियों ने भाग ली बैठक में संचालन सामुदायिक समन्वय विपिन कुमार के द्वारा किया गया इसके बाद उक्त कार्यक्रम में दीदियों को माननीय मुख्यमंत्री का संदेश पत्र पढ़ कर सुनाया गया। इसके बाद संवाद रथ में लगे एल ई डी के माध्यम से सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालक बालिकाओं हेतु चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी योजनाओं योजना के बारे में दिखाया गया इसके बाद सरकार की योजनाओं से लाभान्वित कुछ दीदियो ने अपना अनुभव साझा की और इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया, जिसमे बेबी देवी जिन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना फूलन दीदी जो पहले रात के अंधेरे में खुले में शौच जाने के लिए मजबूर थी उन्हें लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत शौचालय निर्माण हेतु राशि मिली वही दुर्गा कुमारी को छात्रवृति, योजना का लाभ प्राप्त हुआ है। वही मंजु दीदी, रेखा दीदी, निरमा ,दीदी आशा दीदी , उषा दीदी, इंदु दीदी , पूनम दीदी, ललीता दीदी , कल्पना दीदी, संगीता दीदी,और मीरा दीदी को सतत जीविकोपार्जन योजना का लाभ मिलने पर खुशी व्यक्त की आकांक्षा एवं मुद्दा के सत्र में कुछ दीदियों अपने क्षेत्र हेतु अपनी आकांक्षाएं व्यक्त की जिसमें संगीता दीदी जो ज्ञान जीविका ग्राम संगठन अध्यक्ष है उनके द्वारा वार्ड सं०-03,04 मे नाले की व्यवस्था एवं जल की व्यवस्था की मांग की गई, गुंजा दीदी के द्वारा पंचायत में समुदायिक भवन की मांग की गई एवं ६१ 02 में आंगनबाडी, नाला, एवं कचरा प्रबंधन बनवाने की मांग की गयी रजनी दीदी, निर्मला दीदी एवं अन्य सदस्य द्वारा जीविका भवन - उछक्रके अलग संकुल संघ भवन की मांग की गयी साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए उच्च संस्थानों में पढ़ाई एवं प्रतियोगिता की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग संस्थान में दाखिल की मांग की गई। एवं सभी सदस्यों के द्वारा अनाज गोदाम की मांग, दलहन के बीज में शतप्रतिशत सब्सिडी की मांग, फसल बीमा निःशुल्क करने आदि की मांग की गई इसके बाद सभी ने सामाजिक कर्तव्यों एवं दायित्व को निभाने हेतु शपथ लिया। धरहरा प्रखंड के अमारी पंचायत में उम्मीद जीविका महिला "ग्राम" संगठन के क्षेत्र में महिला संवाद कार्यक्रम किया गया जिसमें कार्यक्रम का शुरूआत समुदाय समन्वयक पुष्पलता कुमारी द्वारा किया गया .संवाद रथ में लगे एलईडी के माध्यम से बिहार सरकार द्वारा संचालित योजना से मिलने वाली लाभ के बारे में दीदी को वीडियो फिल्म के माध्यम से विस्तार पूर्वक से दिखाया गया इसके बाद इस उम्मीद ग्राम संगठन की लाभार्थी दीदी जिनको इस योजना का लाभ मिला उन्होंने अपना अनुभव साझा की आकांक्षा एवं मुद्दा के सत्र में लोगों ने बताया कि अमारी पंचायत के अंतर्गत ग्राम लकड़ापताल वार्ड नंबर 15 जल नल की व्यवस्था अच्छी नहीं है पूनम देवी ग्राम संगठन की सचिव है उनके द्वारा लकड़ापताल 15 नंबर वार्ड में एक मध्य विद्यालय की मांग की गई है और वार्ड 15 में बिजली बिल का राशि अधिक आता है उसको कम किया जाए। सभी दीदी की मांग है कि एक लघु उद्योग होना चाहिए " नीलम देवी के द्वारा बताया गया कि राशन 5 " के जगह पर 15 " मिलना चाहिए और जो अनाज राशन में मिलता है उसमें गुणवत्ता होनी चाहिए। बरियारपुर प्रखंड के झौआ बहियार पंचायत के सांभवी जीविका महिला ग्राम संगठन के द्वारा महिला संवाद कार्यक्रम किया गया। जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रिय समन्वयक अमित कुमार, के द्वारा किया गया जिसमें सर्वप्रथम उपस्थित महिला को महिला संवाद के उद्देश्य बारे में जानकारी प्रदान की गई साथ ही कार्यक्रम में संवाद रथ के माध्यम से बिहार सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं से अवगत कराया गया जैसे कन्या उत्थान योजना, पोशाक योजना, पेंशन योजना, नल जल योजना इत्यादि के बारे में बताया गया।

# सहरसा की चौपालों में गूंजने लगी महिला संवाद की नई आवाजें



सहरसा जिले के गाँवों में इन दिनों एक नई हलचल है। जहाँ कभी महिलाओं की आवाजें सीमित थीं, वहाँ अब संवाद और बदलाव की गूँज सुनाई दे रही है। यह बदलाव महिला संवाद के माध्यम से संभव हुआ है, जो केवल एक सरकारी योजना से आगे बढ़कर सामाजिक जागृति और आंदोलन का रूप ले चुका है। एक समय था जब यह पहल कुछ गाँवों और गिनी-चुनी महिलाओं तक सीमित थी। लेकिन आज, इस अभियान ने 1468 ग्राम संगठनों के जरिए दो लाख पच्चीस हजार से अधिक महिलाओं को जागरूकता और सशक्तिकरण का मंच दिया है। 25 मई 2025 को, महिला संवाद कार्यक्रम ने ज़िले भर के 24 स्थानों पर आयोजित होकर 6000 से अधिक महिलाओं को एकत्र किया। ये आयोजन केवल बैठकें नहीं थे, बल्कि महिलाओं की आकांक्षाओं, समस्याओं और अधिकारों की अभिव्यक्ति देने वाले मंच बन गए। कार्यक्रमों में हर उम्र की महिलाओं ने अपनी आवाज को मंच दिया। किशोर लड़कियों की आँखों में भविष्य के सपने थे, तो पंचायत प्रतिनिधियों के विचारों ने राजनीतिक चेतना का परिचय दिया। आत्मविश्वास से भरी महिलाओं ने अपनी समस्याओं को उजागर किया और समाधान की ओर कदम बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया। मोबाइल संवाद कार्यक्रम में तकनीकी पहलुओं का भी विशेष योगदान रहा। मोबाइल संवाद रथ–12 विशेष वैन, जो गाँव-गाँव जाकर महिलाओं तक योजनाओं की जानकारी और प्रेरणा पहुँचा रही हैं। इन वैनों में लगी एलईडी स्क्रीन पर योजनाओं की व्याख्या, प्रेरक कहानियाँ और जागरूकता संदेश प्रसारित किए गए। यह प्रयास महिलाओं को सशक्त बनाते हुए उनकी पहचान को नया आयाम दे रहा है। महिला संवाद ने महिलाओं को केवल बोलने का अवसर ही नहीं दिया, बल्कि सवाल उठाने का भी साहस दिया। पेंशन में कटौती, दुरस्थ कॉलेज, सड़कों पर रोशनी की व्यवस्था जैसी समस्याओं पर खुलकर चर्चा हुई।

# हाईटेंशन तार से 12 वर्षीय बालक झूलसा, विरोध प्रदर्शन



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा कांठो पंचायत के वार्ड संख्या 12 स्थित शनिवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब 11 हजार हाईटेंशन लाइन के तार के चपेट में आने से 12 वर्षीय बच्चा झुलस कर जख्मी हो गया। मामला कांठो पंचायत के मटेश्वर धाम के बगल से गुजर रहे 11हजार हाईटेंशन तार की चपेट में आने से कांठो निवासी विपीन राय के पुत्र पवन कुमार (12) गंभीर रूप में झुलस गए, आनन फानन में परिजनों ने उसे निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां बच्चे की स्थिति नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगो में आक्रोश फैल गया। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग की लापरवाही को लेकर नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन कर रहे धीरेंद्र राय, मुन्ना भगत, अरुण राय, मिथुन राय, मो सद्दाम, मंजर आलम, संजय कुमार, मिथुन कुमार आदि लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए रोष जाहिर करते हुए कहा कि बिजली विभाग की घोर लापरवाही के कारण इस तार के चपेट में आने से पांच वर्ष पूर्व भी एक युवक की मौत हुई, उसके बावजूद भी बिजली विभाग अबतक कोई सुध नहीं ली है, हाईटेंशन तार सरजमीं से थोड़ी ही ऊंचाई पर लटकी हुई है जिससे दुर्घटना की आशंकाएं हमेशा बनी रहती है।

# बाल कलाकारों ने किलकारी भवन में दी समर कैंप की जानकारी

## बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर बीस दिवसीय समर कैंप का आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

स्थानीय किलकारी बाल भवन में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। यह प्रेस कॉन्फ्रेंस चक धूम धूम समर कैंप जो कि 03 जून से 22 जून तक के लिए आयोजित की जाएगी, से संबंधित जानकारी लोगो तक पहुंचाने हेतु रखी गयी ताकि इस समर कैंप में अधिक से अधिक बच्चे जुड़ सके और लाभान्वित हो सके। चक धूम धूम समर कैंप की पूरी जानकारी यानी प्रशिक्षण संबंधित विषय, विशेषज्ञ, अवधि, फन गेम आदि की पूरी जानकारी बच्चों के माध्यम से दी गयी, जिसमें अंश, आदित्य, उदित, अनुभव, मौसम ताथा अनुभव ने मीडिया को संबोधित किया। व किलकारी की चक धूम धूम समर कैंप की योजना को विस्तार से बताया। समर कैंप का उद्घाटन 03 जून को होने जा रहा है, जिसमें बच्चों के मनोरंजन हेतु गयाजी के जादूगर अमन कुमार को आमंत्रित किया गया है। उद्घाटन दिवस के अतिरिक्त जादूगर अमन कुमार द्वारा बच्चों को तीन दिवसीय जादू का प्रशिक्षण दिया जाएगा व समापन मंचीय प्रस्तुति एवं पुरस्कार वितरण से किया जाएगा। 20 दिवसीय समर कैंप में 10 विशेषज्ञों के निर्देशन में बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। सभी विधाओं के विशेषज्ञ की अपनी अलग योजना है जैसे चित्रकला विधा से दिनेश कुमार द्वारा छापा कला तथा मीनाक्षी दास द्वारा फाइन आर्ट सिखाया जाएगा, विशेषज्ञ सुधीर कुमार सिंह द्वारा चेस का, आनंद सिंह द्वारा कबड्डी का, अमन कु० द्वार जादू का, मो० राही द्वारा कराटे का, शंकर बिहारी द्वारा लोक संगीत भगैत का, मो वकील अहमद द्वारा लोक नृत्य का इसके तथा अखिलेश कुमार द्वारा नाटक गोदान सिखाए जाने की योजना है।

इसके अतिरिक्त बाल भवन के सभी ट्रेनर्स भी अपनी अलग-अलग योजनाओं के साथ तैयार हैं, जो कि काफी मनोरंजक रहने वाली है साथ ही बच्चों के लिए अनेक प्रकार के मजेदार फैन गेम का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें गोलगप्पा खाओ प्रतियोगिता, तरबूज खाओ प्रतियोगिता, साइकिल रेस, जलेबी रेस, राशना रेस, केला रेस आदि जैसे गेम सम्मिलित है, जिसमें बच्चों को खूब मजा आने वाला है। बच्चों की सुविधा के लिए गतिविधियों का समय प्रातः 6 बजे संध्या 6:30 तक रखी गई है, जिसमें प्रातः 6 बजे से 10 बजे तक कबड्डी, कराटे तथा कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा प्रातः 10:30 से संध्या 5 बजे तक सभी विधाओं का प्रशिक्षण विशेषज्ञों के माध्यम से प्राप्त करेंगे। संध्या 5 बजे से 6:30 तक फन गेम का आयोजन किया जाएगा।इस निःशुल्क समर कैंप के रजिस्ट्रेशन की तिथि 31 मई तक है। अतः बच्चे अपने सुविधानुसार बाल भवन आकर अपने मनचाहे विषयों में रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

मौके पर कार्यालय के सभी कर्मी एपीओ मधु कुमारी, सीआरपी सोनम कुमारी तथा एएओ विश्वविजय झा उपस्थित थे।

# ग्यारहवीं अंतराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी का प्रभाकर नें किया शंखनाद

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा जिले के सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड अंतर्गत साधना स्थल खजुरी में शनिवार को प्रातः योगाभ्यास सत्र के बाद शारीरिक शुद्धि का भी अभ्यास कराया गया। वही ग्यारहवीं विश्व योग दिवस का शंखनाद योग प्राकृतिक चिकित्सा एवं षट्कर्म से हुआ। सभी प्रशिक्षणार्थी ने कहा गुरुजी हम-सब षट्कर्म सिखना चाहते है। आज जल नेति करके दिखायें। फिर बारी बारी से सभी को अभ्यास कराए। साथ हीं उन्होंने कहा षट्कर्म मे हठयोग गुरु के सानिध्य में हीं करना चाहिए अन्यथा हानि होने की संभावना रहती है। षट्कर्म हठयोग के विना योग में सिद्धि नहीं मिलता है।केवलं राज योगाय, हठ विद्याप दृश्यते। आसन प्राणायाम राजयोग का अंग है। शारिरिक शुद्धि के लिए षट्कर्म अनिवार्य है। जिसके अंतर्गत नेति वस्ति धोती त्राटक नौलि कपालभाति निहित है। आज शिविर में जल नेति का अभ्यास कराया गया। इन क्रिया को योगीजन ई एन टी, का डाक्टर भी कहते हैं। गले से उपर के सभी रोग जल नेति के नियमित अभ्यास से धीरे-धीरे ठीक हो जाता है। जैसे नजला-जुकाम खांसी एलर्जी अनिंद्रा माइग्रेन आंखों की खोई हुई रोशनी स्वांस रोग में भी आराम मिलता है। पेट संबंधित रोग के लिए कुंजल गजकरणी कृया अपने आप में सम्पूर्ण औषधि है। ज्ञात हो सेवक प्रभाकर द्वारा दृढ़संकल्प के साथ ढाई दशकों से घूम घूम कर योग का प्रचार कर रहे हैं।साधना स्थल खजुरी में दूर-दूर से रोगी दुखी आते है और योग से आरोग्य होने का टिप्स लेकर जाते हैं। उन्होंने कहा योग का अभ्यास नियमित करने से हीं लाभ मिलता है। श्री प्रभाकर ने बताया कि साधना स्थल में अभी से ही विश्व योग दिवस के तैयारी में साधक गण जुट गए हैं। इस वर्ष भी विश्व योग दिवस पर लक्ष्मीनाथ योग ट्रस्ट के द्वारा जिले के कयी स्थानों पर आयोजित होगा योग शिविर। संस्था को सहयोग करने में वरीय अधिवक्ता विरेन्द्र कुमार झा उर्फ अनीश भाईजी, विशाल खेतान, सुजय सिन्हा आज के शिविर में शाण्डिल शंकर विद्यार्थी, बम-बम, राजू सदाशिव, वीरभद्र मिश्र, खुशी, कन्हैया, आजाद सहित काफी संख्या में लोग भाग लिए।

# विकासशील इंसान पार्टी अति पिछड़ा कार्यकर्ता सम्मान समारोह आयोजित

## जिले के दो विधानसभा पर वीआईपी को विजयी बनाने का संकल्प : भोगी सहनी



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा कोशी बिहार मतस्त्यगंधा रिसोर्ट में रविवार को विकासशील इंसान पार्टी अतिपिछड़ा कार्यकर्ता सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सकलदीप मुखिया और संचालन महिषी विधान सभा अध्यक्ष अभिषेक वर्मा नें किया। वही विकासशील इंसान पार्टी को धारदार बनाने के लिए कार्यकर्ताओ को पाग चादर देकर सम्मानित किया गया। अति पिछडा प्रकोष्ठ की कार्यकर्ता को बहुत जिम्मेदारी दी गई है। आई पी पार्टी को जवाबदेही दी गई कि जिला मे पार्टी दो सीट पर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया है। जिसका जोर-शोर से आज आगाज किया गया। प्रदेश महासचिव भोगी सहनी को बनाए जाने पर जिला के कार्यकताओं में काफी हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर भोगी सहनी को फूल माला पाग चादर देकर सम्मानित किया गया। अति पिछड़ा प्रकोष्ठ का विस्तार करते हुए कहरा प्रखंड अध्यक्ष श्याम साह, महिषी से अनिल मुखिया, सहरसा नगर रमेश कामत, सलखुआ से केशव चौधरी, सिमरी बख्तियारपुर लक्ष्मी मुखिया, सिमरी बख्तियारपुर महिला अध्यक्ष रिकू देवी, सिमरी नगर आकाश कुमार, सतरकटैया से किशार मुखिया, पतरघट से रवेन मुखिया, सोनवर्षा से चन्देश्वरी शर्मा, सौर बाजार से सुलेन मुखिया को अध्यक्ष बनाया गया।जिला उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष अनिरुद्ध मुखिया, महासचिव अवितन मुखिया को सर्व सम्मति से बनाया गया। सम्मान समारोह मे प्रदेश प्रवक्ता मिथिलेश विजय, गणेश मुखिया, राजाराम मुखिया, वरीय नेता गणेश मुखिया, जिला प्रभारी ब्रहमदेव मुखिया, सुप्रभात मुखिया, महेन्द्र मुखिया, दिनेश मुखिया, सुनील मुखिया, शांति देवी, कुमार नंदन, वकील विन्द, ललन मुखिया, कुमार मुखिया, अशोक मुखिया, बद्री मुखिया, रोशन कुमार, इंदल मुखिया, परमेश्वर मुखिया, शंभू मुखिया, सज्जन मुखिया, हरीश यादव, पिन्टू सहनी सहित अन्य मौजूद रहे।

# डीआईजी ने सदर थानाध्यक्ष सें मांगा स्पष्टीकरण

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा सदर थाना क्षेत्र के पुरानी जेल निवासी जदयू कार्यकर्ता युवा व्यवसायी कुश मोदी ने कोशी रेंज डीआईजी को आवेदन देकर सदर थानाध्यक्ष के विरूद्ध शिकायत दर्ज करवाई है। कुश मोदी नें बताया कि डीआईजी नें आवेदन के आलोक में थानाध्यक्ष सें स्पष्टीकरण मांगा है।दिए गए आवेदन में कहा कि सदर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार के द्वारा माननीय न्यायालय का पारित निषेधाज्ञा आदेश का अनुपालन नहीं करते हुए विपक्षीगण के मेल में आकर मकान का निर्माण कराने तथा मुझे झूठा केस दर्ज करके जेल भेजवाने की धमकी देते है। उन्होंने बताया कि माननीय न्यायालय सहरसा के द्वारा दिनांक 19 मई को निषेधाज्ञा का आदेश पारित किया गया है तथा आदेश की एक प्रति थानाध्यक्ष सदर सहरसा सुबोध कुमार को लिखित रूप से हस्तगत कराते हुए उक्त जमीन पर विपक्षीगण राम गुप्ता पिता स्व० बादो गुप्ता, ममता देवी पति राम गुप्ता, साकिन पुरानी जेल, वार्ड नं0-22/37 थाना वो जिला सहरसा के द्वारा जमीन पर निर्माण कार्य कर रहे को अविलम्ब रोकने का निर्देश दिया गया लेकिन थानाध्यक्ष जमीन पर निर्माण कार्य को नहीं रोकने के बजाय विपक्षीगण के मेल में आकर निर्माण कार्य कर रातों-रात मकान का छत का ढलाई करवा दिये है तथा मेरे द्वारा थानाध्यक्ष को उक्त घटना की सूचना देने पर उल्टे मुझे ही झूठा केस दर्ज करके जेल भेजवा देने की धमकी देने लगा तथा महिला पुलिस कर्मी भी निर्माण स्थल पर जाकर उल्टे मुझे ही झूठा केस दर्ज कराकर जेल भेजने की धमकी देने लगी। ज्ञात हो कि जमीन विवाद मामले में पुलिस आर्थिक लाभ पाकर निष्पक्ष न्याय के बजाय पार्टी बनकर विवाद को सुलझाने के बजाय और उलझाने की कोशिश हो रही है जिसके कारण आये दिन जमीन विवाद का मामला दिनानुदिन बढ़ता ही जा रहा है।

# राशि आवंटन के बाद भी विश्वविद्यालय निर्माण कार्य शुरू नहीं कर रही है जिला प्रशासन : विनय कुमार सुमन


प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। रविवार को नौवागढ़ी शिव मंदिर प्रांगण में सर्व दलीय संघर्ष समिति,नौवागढ़ी, मुंगेर की एक अति आवश्यक बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता कामरेड राम अवतार पंडित एवं संचालन सर्वदलीय संघर्ष समिति के संयोजक कामरेड रविंद्र मंडल ने किया। बैठक की शुरूआत करते हुए संयोजक रविंद्र मंडल ने कहा कि आज की बैठक में पूर्व में की गई संघर्ष एवं भविष्य में नौवागढ़ी मैं विश्वविद्यालय भवन का निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण अति शीघ्र कैसे हो इस पर ही आने वाले वक्ता अपनक विचार व्यक्त करें।बैठक को संबोधित करते हुए प्रमंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा मुंगेर के संरक्षक नरेश सिंह यादव ने कहा कि मुंगेर विश्वविद्यालय भ्रमण निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण हेतु बिहार सरकार ने आवंटन भी भेज दी है फिर भी अभी तक भूमि अधिग्रहण जिला प्रशासन द्वारा नहीं किया जाना समझ से परे है।

अक्षय कुमार दास ने कहा कि नौवागढ़ी की जनता यह कहती है की जब नौवागढ़ी मैं विश्वविद्यालय भवन निर्माण की स्वीकृति मिल ही गई है तो संघर्ष करने से क्या लाभ।मोहम्मद शकील अहमद ने कहा बिना संघर्ष किये बिना इस सरकार तो क्या किसी भी सरकार में कुछ नहीं मिलता ।अतः हमें यथाशीघ्र विश्वविद्यालय भवन निर्माण के लिए आंदोलन को और तेज करना चाहिए।मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित प्रमंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा मुंगेर के संयोजक प्रोफेसर विनय कुमार सुमन ने कहा कि मुंगेर विश्वविद्यालय भवन निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण के लिए राशि आने के बावजूद भी जिला प्रशासन के लापरवाही के कारण भूमि अधिग्रहण के कार्य की शुरूआत नहीं करना बेहद दुखद है। अतः प्रमंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा मुंगेर एवं सर्व दलीय संघर्ष समिति,नौवागढ़ी आज की बैठक में यह निर्णय ले की अगर जून माह तक भूमि अधिग्रहण का कार्य प्रारंभ नहीं किया जाता है तो विवश होकर हमें करो या मरो के तर्ज पर पहले अनिश्चित कालीन आमरण अनशन करना चाहिए इसके बावजूद भी कार्य प्रारंभ नहीं होता है तो हमें आत्मदाह करने के लिए भी तैयार रहना चाहिए। प्रोफेसर सुमन के इस प्रस्ताव का उपस्थित सभी साथियों ने ध्वनि मत से पारित किया।बैठक को अशोक रजक, गीता साह, उपेंद्र मंडल, जयप्रकाश यादव अधिवक्ता, योगेंद्र यादव उर्फ योगी जी, मनी अकेला बौद्ध, पवन रंजन, प्रकाश चंद्र यादव, पंकज कुमार दास, निरंजन यादव, अशोक चौधरी ने भी संबोधित किया।

# सड़क निर्माण कार्य में रंगदारी नहीं देने पर मुंशी पर जानलेवा हमला, मुंशी लहूलुहान

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई जिले के सिकन्दरा थाना क्षेत्र में आनन्द कुमार कन्सन्ट्रेशन शेखपुरा कम्पनी का पाठक चक में रोड़ निर्माण कार्य चल रहा था। गुरुवार 22 मई को संध्या करीब 7:00 बजे कम्पनी के मुंशी रंजय कुमार सिंह अपने हीरो होंडा पैशन प्रो बी आर 08 सी/4315 से लेवर पेमेंट करने पहुंचे। तभी पूर्व से घात लगाए बैठे दबंगों ने मुझसे बकझक करने लगे और बोला कि बिना रंगदारी दिये रोड क्यों बनवा रहे हो। पहले 05 लाख रुपए रंगदारी दो तो काम करवाना। बकझक करते करते भोथला यादव पिता दरोगी यादव और विकास यादव पिता बैधनाथ यादव साकिन राजडीह एवं अन्य 3-4 लोग मिलकर हमें मारने पीटने लगे। तभी भोथला यादव जान से मारने की नियत से लोहे के रड से सर पर वार कर दिया जिससे मेरा सर लहूलुहान हो गया तभी दुसरा वार विकास यादव ने किया जो मेरे कंधे पर लगा और मैं जोर से चिल्लाए।दर्द से कराह रहे थे कि भोथला यादव ने पिस्टल कनपटी में सटा कर वोला 5 लाख रुपए रंगदारी पहले पहुंचना तभी काम शुरू करना।इसी बीच विकास यादव एवं अन्य ने मेरे पास लेवर पेमेंट का 33,000 हजार रुपए छीन लाया और लोहे के रड से मोटरसाइकिल को क्षतिग्रस्त कर दिया। तभी हल्ला होने पर ग्रामीण लोग आये और उन लोगों के सहयोग से घर बाले को सूचना दी और 112 पर भी सूचना दी। पुलिस पदाधिकारी आने से पहले सभी लोग फरार हो गए थे। जब सिकन्दरा थाना पहुंचे तो लिखित शिकायत थाने में देकर मामला दर्ज कराया। तत्पश्चात प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल जमुई आया। जहां एक्स-रे और सीटी स्कैन करवा कर दवा लेकर फिर घर महादेव सिमरिया पहुंचे। ये आप बीती घटना को रंजय कुमार सिंह ने बताया। उन्होंने यह भी बताया कि वाटर वेज मोड़ पर आये दिन घटना होते रहता है।इस घटना के पूर्व में भी घटना स्थल पर मोटरसाइकिल छिनताई, राहजनी करके रूपए पैसे छीनना आम बात हो गई है।

# हदसा : पारिवारिक कार्यक्रम में घर आए एयरफोर्स के जवान की हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता

बरियारपुर (मुंगेर)।पारिवारिक कार्यक्रम में घर आए एयरफोर्स के जवान की करंट लगने से मौत हो गई है बताया जाता है कि पंडाल में लगे पंख को ठीक करने के दौरान करंट उसे लग गया। तत्काल परिजनों और ग्रामीणों के सहयोग से उन्हें सदस्य अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।स्वजनों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक बरेली में एयर फोर्स स्टेशन में सार्जेंट पद पर तैनात थे।इंडिया पाकिस्तान युद्ध के सीजफायर के बाद जब स्थिति सामान्य हुई तो सेना के जवान भी छुट्टी पर घर जाने लगे थे ।इसी कड़ी में बरेली एयरफोर्स स्टेशन में सार्जेंट के पद पर तैनात अवनीश कुमार अपने पत्नी और तीन बच्चों के साथ अपने घर परिवार में चल रहे चार बच्चों के जेनेऊ कार्यक्रम में भाग लेने एक सप्ताह पहले ही सफियासराय थाना क्षेत्र के पूर्वी इंद्रुख गांव पहुंचा हुआ था। चूंकि 28 मई को जेनेऊ होना था ।और जेनेऊ के पहले कई विधि विधान का भी कार्यक्रम हो रहा था। इसी को ले घर के पीछे पंडाल लगाया गया था। उसी पंडाल में लगा पंखा नहीं चल रहा था उसी पंखा को ठीक करने की कोशिश अवनीश कुमार के द्वारा किया जा रहा था ।की उसी वक्त पंखा ठीक करने के दौरान ही अवनीश को करेंट का जोर का झटका लगा और वो वहीं मूर्छित हो गिर पड़ा ।जिसके बाद घर में अफरातफरी मच गया। ग्रामीण और परिजन ने तुरंत उसे ले मुंगेर सदर अस्पताल पहुंचे जहां अस्पताल में तैनात डॉक्टर के द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया ।उसके मृत के सूचना मिलते ही परिजनों में हाहाकार मच गया ।एयरफोर्स जवान की पत्नी सहित पूरा परिवार में हाहाकार मच गया । वृद्ध पिता बमबम सिंह के आंखों से आंसू नहीं रुक रहे थे ।तो पत्नी और बच्चे की हालत भी खराब हो रही थी । परिजनों का रो रो के बुरा हाल है। घटना के बाद पुलिस को भी इस बात की सूचना दी गई ।वहीं सूचना के बाद जवान के पार्थिव शरीर शारीर का पोस्टमार्टम कराया गया। जवान के आकस्मिक मौत की सूचना एयर फोर्स कैंप बरेली को दे दी गई है।टीम वहां से आने के बाद दाह संस्कार क जाएगी। एयर फोर्स के जवानों के द्वारा गॉड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। बताते चले कि जवान की नौकरी 2008 में हुई थी 2005 में शादी हुई थी। जवान घर समाज परिवार में काफी लोकप्रिय था। उनके आकस्मिक मौत से पूरा समाज शोक में डूब गया।

# मधेपुरा के साथ रेलवे का सौतेला व्यवहार नहीं किया जाएगा बर्दाश्त : निशांत यादव

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा क्षेत्र में रेल सेवा के विस्तार एवं लंबी दूरी की ट्रेनों को चलाने सम्बंधित मुद्दों पर मधेपुरा एन एस यू आई का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश उपाध्यक्ष निशांत यादव के नेतृत्व में दौराम मधेपुरा स्टेशन अधीक्षक जीवन प्रकाश से मिलकर मांग पत्र सौंपा। प्रदेश उपाध्यक्ष निशांत यादव ने कहा कि हमेशा से मधेपुरा के साथ सौतेला व्यवहार हुआ है। रेल सेवा के नाम पर केवल पटरी और प्लेटफॉर्म बचा है। उन्होंने कहा कि लंबी दूरी के ट्रेन के अभाव में लोगों को काफी समस्याएं हो रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के पूर्व से चली आ रही ट्रेन को भी बंद कर दिया गया है। मधेपुरा अब बिहार में एक प्रमुख शहर के रूप में चिन्हित है। यहां विद्युत रेल इंजन कारखाना, मेडिकल कॉलेज, इंजिनियरिंग कॉलेज, और विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थान है। प्रतिदिन हजारों छात्र एवं आम नागरिक मधेपुरा आते है, किंतु रेल संपर्क की वर्तमान स्थिति अत्यंत दयनीय है। यात्रा सुविधा के अभाव के कारण यहां के स्थानीय नागरिकों एवं यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। प्रदेश उपाध्यक्ष निशांत यादव ने कहा कि पूर्णिया कोट से वाया बनमनखी, मुरलीगंज, दौराम मधेपुरा होते हुए नई दिल्ली के सीधी ट्रेन शुरू की जाय या वैशाली सुपरफास्ट को पूर्णिया तक विस्तार किया जाय। पटना से मधेपुरा तक एक नई बंदे भारत एक्सप्रेस, अमृतसर - सहरसा गरीब रथ को मधेपुरा तक विस्तार, हाटे बाजरे का संचालन प्रतिदिन किया जाय, इंटरसिटी को पुनः मधेपुरा तक विस्तार किया जाए, आनंद बिहार टर्मिनल सहरसा गरीब रथ का विस्तार मधेपुरा होते हुए पूर्णिया कोर्ट तक विस्तार एवं सहरसा बायपास का अविलंब निर्माण हो जिससे मानसी से आने वाली गाड़ी सीधे दौराम मधेपुरा की ओर आ सके। उसके साथ ही मधेपुरा, बुधमा एवं मुरलीगंज में मेमूसेड हेतु पर्याप्त भूमि उपलब्ध हैं। अतः उपयुक्त स्थल का चयन कर अविलंब मेमूसेड का निर्माण करवाया जाना चाहिए।

## कलादान प्रोजेक्ट से खुलेगा पूर्वोत्तर भारत का समुंदर से दरवाजा



जितेन्द्र कुमार सिन्हा

भारत के पूर्वोत्तर राज्य अपनी सांस्कृतिक विविधता, प्राकृतिक सौंदर्य और रणनीतिक महत्त्व के लिए जाने जाते हैं। मगर वर्षों से इस क्षेत्र की सबसे बड़ी चुनौती रही है- कनेक्टिविटी। केवल 22 किलोमीटर चौड़े सिलीगुड़ी कॉरिडोर के माध्यम से शेष भारत से जुड़ाव होना इस पूरे क्षेत्र को रणनीतिक रूप से असुरक्षित और आर्थिक रूप से सीमित बनाता है। हाल ही में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया ने चीन को यह कहकर संकेत दिया कि भारत का पूर्वोत्तर ह्यलैंड लॉकडह्व है और बांग्लादेश ही इस क्षेत्र का ओशन गेटवे है। इस टिप्पणी ने भारत की विदेश नीति और सुरक्षा रणनीति को सक्रिय किया और इसके जवाब में एक बड़े प्रोजेक्ट की नींव रखी गई- कलादान मल्टीमॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट। कलादान मल्टीमॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट भारत और म्यांमार के बीच समुद्र, नदी और सड़क मार्ग से जुड़ाव का एक बहुआयामी प्रोजेक्ट है। यह कोलकाता से म्यांमार के सित्तवे बंदरगाह और फिर वहाँ से म्यांमार के जमीनी क्षेत्रों से होकर मिजोरम के लॉगंतलाई जिले तक पहुंचेगा। मुख्य मार्ग कोलकाता से सित्तवे (समुद्री मार्ग) 539 किलोमीटर, सित्तवे से कालेतवा (कलादान नदी पर जल मार्ग) 158 किलोमीटर और कालेतवा से जोरिनपुई, मिजोरम (सड़क मार्ग) 110 किलोमीटर है। प्रोजेक्ट का उद्देश्य सिलीगुड़ी कॉरिडोर पर निर्भरता को कम करना, पूर्वोत्तर में व्यापारिक और सैन्य पहुंच को मजबूती देना, भारत-म्यांमार व्यापारिक रिश्तों को प्रोत्साहित करना और एक्ट ईस्ट नीति को सशक्त करना है। कलादान परियोजना से समन्वय में भारत सरकार ने शिलांग (मेघालय) से सिलचर (असम) तक हाई स्पीड राजमार्ग की योजना को मंजूरी दी है। इस प्रोजेक्ट की कुल लंबाई 166.8 किलोमीटर है, जिसमें 144.8 किलोमीटर मेघालय में और 22 किलोमीटर असम में निर्मित होगा। इसकी प्रमुख विशेषता 22,864 करोड़ की लागत, 19 बड़े पुल, 153 छोटे पुल, 326 पुलिया, 22 अंडरपास, 26 ओवरपास, 8 लो-लेवल सबवे और सफर का समय 8.5 घंटे से घटकर 5 घंटे हो जाएगा। यह प्रोजेक्ट राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम (NHIDCL) द्वारा तैयार किया जाएगा और 2030 तक इसके पूरा होने की उम्मीद है। बांग्लादेश के नेताओं द्वारा भारत के पूर्वोत्तर को लैंड लॉक्ड कहने का मतलब केवल एक भौगोलिक तथ्य नहीं है, बल्कि यह भारत की प्रभुता और पूर्वोत्तर के आत्मसम्मान को चुनौती देने जैसा था। यह संदेश चीन के सामने आत्मसमर्पण की तरह था, जो लगातार इस क्षेत्र में अपने पाँव पसारने की कोशिश में लगा है। भारत की प्रतिक्रिया है कि कलादान प्रोजेक्ट को तेजी से आगे बढ़ाना, शिलांग-सिलचर हाईवे को रक्षा दृष्टिकोण से प्राथमिकता देना और बांग्लादेश पर निर्भरता कम करना तथा म्यांमार जैसे वैकल्पिक साझेदारों पर भरोसा बढ़ाना है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर, जिसे चिकन नेक कहा जाता है, भारत के उत्तर-पूर्व को शेष भारत से जोड़ने वाला एकमात्र मुख्य जमीनी मार्ग है। अगर किसी दुश्मन देश या आतंकी संगठन द्वारा यह कॉरिडोर बाधित कर दिया जाए, तो पूरा पूर्वोत्तर भारत अलग-थलग पड़ सकता है। इसकी समस्याएँ हैं भौगोलिक रूप से संकरा (केवल 22 किमी चौड़ा), भूस्खलन और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित और सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है। कलादान और शिलांग-सिलचर मार्ग इस निर्भरता को तोड़ने की दिशा में मजबूत कदम हैं पूर्वोत्तर दशकों से विकास की मुख्यधारा से थोड़ा अलग रहा है। वहाँ की सुंदरता, संस्कृति और संभावनाएं होते हुए भी यह क्षेत्र कनेक्टिविटी की कमी से पीछे रह गया है। कलादान और शिलांग-सिलचर प्रोजेक्ट से पर्यटन को मिलेगा बड़ा बढ़ावा, उद्योग और व्यापार के लिए परिवहन लागत कम होगी, रक्षा और सुरक्षा की दृष्टि से सेना को लचीलापन मिलेगा और नौकरियों के नए अवसर पैदा होंगे।


## नीति नीयत सब नापाक, फिर भी कहिये पाकिस्तान

स्वतंत्रता पूर्व 1941 में ब्रिटिश हुकूमत द्वारा कराई गयी भारत की जनगणना के अनुसार अविभाजित भारत की कुल जनसंख्या लगभग 39-40 करोड़ थी। जिसमें मुस्लिम आबादी लगभग 24-25% थी। इस आधार पर अविभाजित भारत में मुस्लिम जनसंख्या लगभग 9.5 से 10 करोड़ के आसपास थी। 1947 के विभाजन के समय भारत की कुल मुस्लिम आबादी का लगभग 35-40% हिस्सा पाकिस्तान और पूर्वी पाकिस्तान (1971 के बाद का बांग्लादेश) चला गया। जिन भारतीय राज्यों के अधिकांश मुस्लिम भारत छोड़कर गये उनमें खासतौर से पंजाब, सिंध, और उत्तर-पश्चिम सीमा प्रांत जैसे क्षेत्रों के मुस्लिम शामिल थे। पूर्वी बंगाल या पूर्वी पाकिस्तान में पहले से ही मुस्लिम बहुसंख्यक थे, इसलिए वहां अपेक्षाकृत कम प्रवास हुआ। विभाजन के समय मुस्लिम आबादी का लगभग 60-65% हिस्सा भारत में ही रह गया। भारत में ही रहने का फैसला करने वाले अधिकांश मुस्लिम खास तौर से उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश व कई दक्षिण राज्यों के थे। पाकिस्तान के अस्तित्व में आने के समय जो प्रक्रिया अपनाये गयी वह अत्यंत हिंसक और अव्यवस्थित थी जिसमें सभी धर्मों के लाखों लोग मारे गये। बहरहाल, कहने को तो भारत से विभाजित होकर पाकिस्तान का गठन विश्व के सबसे बड़े मुस्लिम राष्ट्र निर्माण जैसे दुःस्वप्न को लेकर किया गया था। इसी मुहिम के अंतर्गत 1943 में उर्दू शायर असरार सौदाई ने यह नारा लिखा था-ह्यपाकिस्तान का मतलब क्या है, ह्वला इलाहा इल्ललल्लाहह्व। यह नारा हालांकि उस समय मुस्लिम लीग द्वारा अपनाया गया था परन्तु आज वहां कि न केवल अनेक कट्टरपंथी धार्मिक पार्टियाँ बल्कि वहाँ पनाह पा रहे अनेक आतंकी संगठन भी समय समय पर इस नारे का इस्तेमाल करते हैं। परन्तु यदि हम पाकिस्तान के गठन की घोषित मंशा और इस्लामी कलमे को पाकिस्तान के नाम के साथ इस्तेमाल करने की हकीकत को देखें तो हमें सब कुछ उल्टा नजर आता है। हकीकत तो यह है कि पाकिस्तान ने अपने वजूद में आते ही सिवाय नफरत, हिंसा, क्षेत्रवाद, फिरका परस्ती, भ्रष्टाचार, अल्पसंख्यकों पर जुल्म व आतंकवाद के सिवा दुनिया को कुछ दिया ही नहीं। अन्यथा प्रकृतिक सम्पदाओं से परिपूर्ण 1971 से पहले के इस भूभाग को आज दुनिया में धार्मिक व राजनैतिक रूप से इतना कमजोर व अलग थलग न रहना पड़ता। पाकिस्तान की सत्ता एक तरफ तो पाकिस्तान का मतलब ला इलाहा इल्ललल्लाह बताते हैं दूसरी तरफ इसी देश की सेना लगभग 30 लाख बंगाली मुसलमानों की हत्या कर देती है। जब पाकिस्तान ला इलाहा इल्ललल्लाह के नारे के साथ अलग हुआ तो क्या कारण था कि बांग्लादेश का गठन यानी क्षेत्रवाद इस्लामी नारे पर भारी पड़ गया? यह आखिर कैसा इस्लाम है तो कैसा ला इलाहा इल्लल लाह? इसी पाकिस्तान पर 40 लाख अफगानी मुसलमानों का आरोप है। और इसी ह्यअल्लाह वाली ह्य पाकिस्तानी सेना पर दो लाख से अधिक बलूचों की हत्या का भी इल्जाम है? आरोप तो यह भी है कि पाकिस्तानी सेना बलूच लोगों के घरों में आग लगाती है, उनके खेतों और बागों को नष्ट करती है, और बलोची युवाओं को अपहृत कर उनकी आंखें, दिल, और गुर्दे जैसे अंग बेच देती है। क्या यही पाकिस्तान के अस्तित्व में आने का मकसद था? आज पाकिस्तान पर बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना द्वारा ह्यजातीय सफायाह्व और ह्यनरसंहारह्व करने जैसा संगीन इलजाम है। जियाउलहक के शासनकाल में उर्दन में 10 हजार फिलिस्तीनी एक ही रात में मारने का आरोप इसी पेशेवर पाक सेना पर है। यह कैसा इस्लामी देश है? इसी पाकिस्तान पर भारत के कश्मीर में गत तीन दशकों से आतंकवाद व अशांति फैलाने का आरोप है। भारत में जगह जगह आतंकवादी हमले कराने जैसा अमानवीय व गैर इस्लामी काम पाकिस्तान करता रहा है। मस्जिदों से लेकर दरगाहों, इमामबारगाहों व धार्मिक जुलूसों पर आत्मघाती हमले करने वाले हमलावरों की पैदावार तैयार करने वाला पाकिस्तान जब यह कहे कि पाकिस्तान का मतलब, ला इलाहा इल्ललल्लाह, तो इससे बढ़कर अफसोसनाक व शर्मनाक बात और क्या हो सकती है? इसी नफरत की सियासत ने जुल्फिकार अली भुट्टो को फांसी के फंदे तक पहुंचा दिया। कल पाकिस्तान ने जिन तालिबानों की सरपरस्ती की थी वही आज पाकिस्तान के लिये बड़ी चुनौती बन चुके हैं।

# इतिहास बना सियासी हथियार : मुस्लिम शासक पाठ्यक्रम से गायब

**एनसीईआरटी ने पहले मुगलों और दिल्ली सल्तनत का विवरण कम कर दिया था-जिसमें तुगलक, खिलजी, ममलुक और लोधी साम्राज्यों की जानकारी और दो पृष्ठों की तालिका, जिसमें मुगल सम्राटों की उपलब्धियां की जानकारी थी, को हटाना शामिल था। यह विवरण 2022-23 में कोविड-19 महामारी के दौरान पाठ्यक्रम को युक्तिसंगत बनाने के बहाने हटा दिया गया था। अब नई पाठ्यपुस्तक में उनका विवरण पूरी तरह से गायब कर दिया गया है। ह्य दिल्ली सल्तनत और मुगल शासकों का विवरण कक्षा 7 की पाठ्यपुस्तक से पूरी तरह हटा दिया गया है। इसके अलावा जिन अन्य पाठ्युपुस्तकों में जहां भी मुस्लिम शासकों का जिक्र था, उसे भी हटा दिया गया है। बाबरी मस्जिद ढ़हाए जाने के बाद मुंबई में हुई हिंसा (1992-1993) और गोधरा ट्रेन आगजनी के बाद गुजरात में हुई हिंसा (2002) का विवरण भी विलोपित कर दिया गया है। कई अन्य बातों के अतिरिक्त नाथूराम गोडसे के एक प्रशिशित आरएसएस प्रचारक होने और गांधीजी की हत्या के बाद आरएसएस पर प्रतिबंध लगाए जाने की बात भी हटा दी गई है। कुंभ मेले का विवरण दिया गया है लेकिन वहां हुई भगदड़ में हुई मौतों और दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ का कोई जिक्र नहीं है।**






राम पुनियानी


(लेखक)

नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 पर धीरे-धीरे अमल किया जा रहा है। अन्य बातों के अलावा, इसमें भारतीय ज्ञान प्रणाली एवं भारतीय परंपराओं को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। इतिहास विषय के पाठयक्रम में यह बदलाव किया गया है कि दिल्ली सल्तनत एवं मुगल शासन का विवरण पुस्तकों से हटा दिया गया है। मतलब करीब सात सौ सालों के इतिहास को मिटा दिया गया है। यह किसी भी पैमाने पर एक लंबा कालखंड है। एनसीईआरटी ने पहले मुगलों और दिल्ली सल्तनत का विवरण कम कर दिया था-जिसमें तुगलक, खिलजी, ममलुक और लोधी साम्राज्यों की जानकारी और दो पृष्ठों की तालिका, जिसमें मुगल सम्राटों की उपलब्धियां की जानकारी थी, को हटाना शामिल था। यह विवरण 2022-23 में कोविड-19 महामारी के दौरान पाठ्यक्रम को युक्तिसंगत बनाने के बहाने हटा दिया गया था। अब नई पाठ्यपुस्तक में उनका विवरण पूरी तरह से गायब कर दिया गया है। ह्य दिल्ली सल्तनत और मुगल शासकों का विवरण कक्षा 7 की पाठ्यपुस्तक से पूरी तरह हटा दिया गया है। इसके अलावा जिन अन्य पाठ्युपुस्तकों में जहां भी मुस्लिम शासकों का जिक्र था, उसे भी हटा दिया गया है। बाबरी मस्जिद ढ़हाए जाने के बाद मुंबई में हुई हिंसा (1992-1993) और गोधरा ट्रेन आगजनी के बाद गुजरात में हुई हिंसा (2002) का विवरण भी विलोपित कर दिया गया है। कई अन्य बातों के अतिरिक्त नाथूराम गोडसे के एक प्रशिक्षित आरएसएस प्रचारक होने और गांधीजी की हत्या के बाद आरएसएस पर प्रतिबंध लगाए जाने की बात भी हटा दी गई है। कुंभ मेले का विवरण दिया गया है लेकिन वहां हुई भगदड़ में हुई मौतों और दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ का कोई जिक्र नहीं है। इस सबकी शुरूआत कोविड के दौरान हुई जब विद्यार्थियों का बोझा कम करने के बहाने पाठ्यक्रम से कुछ सामग्री हटाई गई और उसके बाद ह्ययुक्तियुक्तकरणह्य का तर्क देते हुए ऐसा किया गया। हटाया गया हिस्सा वह था जिसे लेकर हिंदू राष्ट्रवादी विचारधारा वाले असहज महसूस करते थे। मुसलमानों का दानवीकरण करने और उनके खिलाफ घृणा फैलाने के लिए मुगलों को इतिहास के प्रमुखतम खलनायकों के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। मुगलों के पहले के अलाउद्दीन खिलजी जैसे शासक भी हिंदुत्ववादी आख्यान के निशाने पर रहे हैं। अब तक मुसलमानों का दानवीकरण मुस्लिम राजाओं द्वारा मंदिरों को नष्ट किए जाने पर आधारित होता था, जिसे तर्कवादी इतिहासकार चुनौती देते रहे हैं। मुस्लिम राजाओं द्वारा तलवार की नोंक पर इस्लाम फैलाया जाना भी इसका एक आधार रहा है। यह बात पूरी तरह गलत है क्योंकि शुरूआती दौर में हिन्दुओं के इस्लाम स्वीकार करने की वजह मुस्लिम अरब व्यापारियों के साथ भारतीयों का मेल-मिलाप था। बाद में निचली जातियों के कई लोगों ने जाति प्रथा पर आधारित जुल्मों से मुक्ति पाने के लिए इस्लाम अपनाया। हिंदुत्व विचारधारा तो इस हद तक आगे बढ़ गई है कि उसने इस कालखंड को अंधकारमय दौर बताया जिसमें हिंदुओं को व्यापक नरसंहार किया गया। इसमें कोई शक नहीं कि साम्राज्यों के दौर में राजनैतिक वजहों से युद्ध होना आम बात थी। राजा सदैव अपने साम्राज्य का विस्तार करना चाहते थे और इस प्रक्रिया में बहुत से लोगों को अपनी जान गवांना पड़ती थी। लेकिन इसे व्यापक नरसंहार बताना पूरी तरह गलत है। हिन्दुत्व आख्यान के मूल में है साम्प्रदायिक नजरिए से इतिहासलेखन जो अंग्रेजों ने अपनी ह्यफूट डालो और राज करोह्य की नीति के तहत करवाया था। इसमें राजाओं के समस्त निर्णयों को उनके धर्म से जोड़ा जाता है और राजाओं को उनके धार्मिक समुदाय के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। हिन्दू साम्प्रदायिक इतिहासलेखन में एक कदम और आगे बढ़कर यह दावा किया गया कि मुसलमान और ईसाई ह्यविदेशीह्य थे जिन्होंने हिन्दुओं को सताया। मुस्लिम साम्प्रदायिक इतिहासलेखन में इसी सिक्के के दूसरे पहलू को दिखाया गया जिसमें मुसलमान शासक थे और हिन्दू उनके अधीन उनकी प्रजा थे। उन्होंने यह तस्वीर प्रस्तुत की कि मुसलमानों का यहां का शासक होना पूर्णतः तर्कसंगत था। यह नजरिया बाद में अंग्रेजों के लिए बहुत मददगार साबित हुआ और उन्होंने हमारे मिले-जुले समाज को बांटकर हमारे देश को दो भागों-भारत और पाकिस्तान में बांट दिया। सावरकर ने यह मत व्यक्त किया कि इस देश में दो राष्ट्र हैं, और जिन्ना ने इसी बात को आगे बढ़ाते हुए मुसलमानों के लिए एक अलग राष्ट्र, पाकिस्तान की मांग सामने रख दी। पाकिस्तान अपने निर्माण के समय से ही मुस्लिम साम्प्रदायिकता के चंगुल में फंस गया और जहां तक वहां की पाठ्यपुस्तकों का संबंध है, उन्होंने पाकिस्तान का उद्भव मोहम्मद बिन कासिम के समय, यानि आठवीं शताब्दी से प्रस्तुत किया। इस समय उनकी पाठ्यपुस्तकों में हिंदू शासकों के बारे में एक शब्द भी नहीं है। मुस्लिम साम्प्रदायिक तत्वों द्वारा हिंदुओं के बारे में फैलाई जा रही घृणा स्कूली पाठ्यक्रम से हिंदू राजाओं और संस्कृति का विवरण पूरी तरह से हटाने के साथ अपने शिखर पर पहुंच गई। एक तरह से पिछले तीन दशकों से भारत, पाकिस्तान की राह पर चल रहा है। पाकिस्तान के घटनाक्रम को पूरी तरह से यहां दुहराया जा रहा है। इस बात को पाकिस्तान की कवियत्री फहमिदा रियाज ने बहुत अच्छी तरह अपनी कविता में दशार्या था-ह्यह्यअरे तुम भी हम जैसे निकले, अब तक कहां छुपे थे भाईह्य। भारतीय शिक्षा प्रणाली पर हिंदू साम्प्रदायिक तत्वों के पूरी तरह काबिज होने के पहले भी आरएसएस शाखाओं के जरिए समाज के साम्प्रदायिक संस्करण को शाखा बौद्धिकों, एकल विद्यालयों और शिशु मंदिरों जैसी कई पहलों के जरिए फैलाया जा रहा था। समय के साथ मुख्यधारा का मीडिया और सोशल मीडिया भी इसमें उनका हाथ बंटाने लगा। संस्कृति सतत विकसित होती रहती है। इतिहास के जिस कालखंड को उलट-पुलट करने में हिन्दुत्ववादी शक्तियां जुटी हैं, उसके दौरान कई सामाजिक बदलाव हुए। वास्तुकला, खानपान वस्त्रों और साहित्य में तो परिवर्तन हुए ही, साथ ही धर्मों के मिलन से भक्ति और सूफी परंपराएं विकसित हुईं। इसी काल में सिक्ख धर्म की स्थापना हुई और वह फला-फूला। अब इस राजनैतिक विचारधारा को अपनी रणनीति में बदलाव करना होगा। अब मुस्लिम शासक तो हैं नहीं, तो वे मुसलमानों का दानवीकरण किस प्रकार करेंगे? औरंगजेब और बाबर की जगह लेने के लिए नए पैंतरे तैयार किए जा रहे होंगे क्योंकि अब वे तो किसी काम के रहे नहीं!

# आओ बड़े बुजुर्गों की छत्रछाया में मिलजुल कर रहने की भारतीय संस्कृति को विलुप्त होने से बचाएं

**अगर घर का हर सदस्य बड़ा बनने लगे तो घर टूटने में देरी नहीं लगती इसलिए अब समय आ गया है कि हमें बड़े बुजुर्गों की आज्ञा, उनकी छत्रछाया में जीने का अंदाज सीखने की तात्कालिक आवश्यकता है, इसलिए हम इस आर्टिकल के माध्यम से आओ बड़े बुजुर्गों की छत्रछाया में मिलजुल कर रहने की भारतीय संस्कृति को विलुप्त होने से बचाएं पर चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम महत्वपूर्ण फैसलों के बड़ों के हाथों से छुटने की करें तो, उम्र के फर्क.के साथ-साथ बड़े बुजुर्गों और बच्चों के मूल्यों में अंतर आ जाता है, मिसाल के लिए अगर बड़े बुजुर्ग बहुत धार्मिक हैं और उन्होंने बच्चों को भी वहीं संस्कार दिए तो भी जरूरी नहीं कि बच्चे उन्हीं संस्कारों को मानें, बस !यहीं से टकराव की शुरूआत होती है। अलगाव की स्थिति पैदा हो जाती है, ये भी देखा गया है कि आमतौर से अलग होने वाले माता-पिता और बच्चों के बीच अलग होने की वजह को लेकर कोई संवाद नहीं होता, इसलिए पता ही नहीं चलता कि आखिर वजह क्या है।**





किशन सनमुखदास भावनानी

लेखक

कुदरत द्वारा रचित अनमोल खूबसूरत सृष्टि में भारत आदि अनादि काल से संस्कृति सभ्यता बड़े बुजुर्गों को मान सम्मान संयुक्त परिवार प्रथा सहित सभी गुणों में विशाल वटवृक्ष की भांति फलता फूलता रहा है हमारे बड़े बुजुर्गों ने स्वर्णलोक, स्वर्ग अनुभूति इस सृष्टि में धरती पर अपनों के बीच किया देखा और सुख भोगा है। उन अपार सुख के फूलों में से एक फूल है घर, परिवार, संयुक्त परिवार एक मजबूत सुख की छावं देने वाला, छत्रछाया देने वाला संयुक्त परिवार, घर परिवार जहां बड़े बुजुर्गों के छत्रछाया में जीवन जीने, उनके फैसलों पर अमल करनें, आगे बढ़ाने और समर्पित भाव से जीवन जीने का सुख, अनमोल क्षण के साए में जीवन जीने का आनंद ही कुछ और है। परंतु वर्तमान परिपेक्ष में धीरे-धीरे हमारे देश के अधिकांश युवा पाश्चात्य संस्कृति के साए में बड़े बुजुर्गों को नजरअंदाज कर, एकला चलो रे !वाली नीति पर चलने की राह पर हैं किसी का लिखा एक खूबसूरत वाक्यांश बता दें, घर तब तक नहीं टूटता तब तक फैसला बड़ों के हाथों में होता है, अगर घर का हर सदस्य बड़ा बनने लगे तो घर टूटने में देरी नहीं लगती इसलिए अब समय आ गया है कि हमें बड़े बुजुर्गों की आज्ञा, उनकी छत्रछाया में जीने का अंदाज सीखने की तात्कालिक आवश्यकता है, इसलिए हम इस आर्टिकल के माध्यम से आओ बड़े बुजुर्गों की छत्रछाया में मिलजुल कर रहने की भारतीय संस्कृति को विलुप्त होने से बचाएं पर चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम महत्वपूर्ण फैसलों के बड़ों के हाथों से छुटने की करें तो, उम्र के फर्क.के साथ-साथ बड़े बुजुर्गों और बच्चों के मूल्यों में अंतर आ जाता है, मिसाल के लिए अगर बड़े बुजुर्ग बहुत धार्मिक हैं और उन्होंने बच्चों को भी वहीं संस्कार दिए तो भी जरूरी नहीं कि बच्चे उन्हीं संस्कारों को मानें, बस !यहीं से टकराव की शुरूआत होती है। अलगाव की स्थिति पैदा हो जाती है, ये भी देखा गया है कि आमतौर से अलग होने वाले माता-पिता और बच्चों के बीच अलग होने की वजह को लेकर कोई संवाद नहीं होता, इसलिए पता ही नहीं चलता कि आखिर वजह क्या है। इसके अलावा भाई-बहनों के अलग मिजाज और माता-पिता का किसी एक बच्चे के प्रति गहरा लगाव भी अलगाव की वजह बन जाते हैं, ऐसा नहीं है कि परिवार में अलगाव तेजी से और रातों रात हो रहा है, बल्कि ये बहुत धीरे-धीरे हो रहा है। कई बार छोटी सी घटना भी परिवार को तोड़ देती है। कहने को तो वो एक घटना होती है लेकिन उसके नतीजे दूरगामी होते हैं जिसको रेखांकित करना जरूरी है। साथियों बात अगर हम घर में हर कोई बड़ा बनने के दो मुख्य कारणों की करें तो, पिछले कुछ वर्षों में देखा गया है कि भूमंडलीकरण की वजह से उन देशों में भी परिवार टूट रहे हैं, जहां अकेले रहने की रिवायत नहीं है, भारत की ही बात करें तो बड़ी संख्या में लोग रोजगार की तलाश में गांवों से शहरों में या विदेशों में पलायन कर रहे हैं। वहीं जिन देशों में सरकार की ओर से बेहतर सुविधाएं नहीं मिलतीं वहां बुजुर्ग, नौजवान और बच्चों के बीच मजबूत रिश्ता और एक दूसरे से लगाव देखने को मिलता है, इसकी मिसाल हमें यूरोप के कुछ देशों में देखने को मिलती है। बाहर बड़े शहरों या विदेश में रोजगार में जाने की वजह से माता-पिता से दूरी बन जाती है, साथ ही ऐसे परिवारों में आर्थिक रूप से लोग एक दूसरे पर निर्भर नहीं करते, स्वाभाविक रूप से वे अपने फैसले खुद लेने लगते हैं, लिहाजा उन्हें अलग होने में कोई हिचक भी महसूस नहीं होती। ये भी देखा गया है कि जो किसी समुदाय के लोग एक दूसरे से ज्यादा करीब रहते हैं, उनके यहां बड़े परिवार भी एक छत के नीचे रहना पसंद करते हैं, ये भी हो सकता है कि असुरक्षा का भाव उन्हें ऐसा करने को कहता हो। शहरों में बड़े परिवार को साथ रखना आसान नहीं है, हर कोई बड़ा बनने एवं फैसला लेने की चाह रखता है इसलिए भी बुजुर्गों के साथ अलगाव की स्थिति पैदा हो रही है और गुजरते दौर के साथ ये स्थिति और मजबूत होगी। लेकिन किसी भी समाज में जो सांस्कृतिक मूल्य बहुत मजबूत होते हैं, वो आसानी से खत्म नहीं होते, लिहाजा जिन समाज में परिवार के साथ रहने का चलन है वो आगे भी रहेगा, परंतु मुमकिन है कि आने वाले 20 साल में स्थिति पूरी तरह बदल जाएगी। साथियों बात अगर हम उस एक पुराने जमाने की करें जहां संयम, बड़ों की कद्र और संयुक्त परिवार से संयुक्त समाज का निर्माण हुआ था और फैसला लेना बड़ों के हाथ में रहता था तो, उस दौर में संयम, बड़ों की कद्र, छोटे बड़े का कायदा, नियंत्रण इन सब बातों का प्रभाव था। ऐसे ही संयुक्त परिवारों से संयुक्त समाज का निर्माण हुआ था और पूरा मोहल्ला और गांव एक परिवार की ही तरह रहते थे। परिवार का नहीं, मोहल्ले का बुजुर्ग सबका बुजुर्ग माना जाता था और ऐसे बुजुर्गों के सामने जुबान चलानें या किसी अप्रिय कृत्य करने का साहस किसी का नहीं होता था। उस दौर में मोहल्लों में ऐसा माहौल और अपनापन होता था कि गांव का दामाद या मोहल्ले का दामाद कहकर लोग अपने क्षेत्र के दामाद को पुकारते थे और अगर कोई भानजा है तो किसी परिवार का नहीं, बल्कि पूरे मोहल्ले और गांव का भानजा माना जाता था और यही कारण था कि लोग गांव की बेटी या गांव की बहू कहकर ही किसी औरत को संबोधित करते थे जो रेखांकित करने वाली बात है। साथियों बात अगर हम आओ घर को टूटने से बचाने के आसान उपायों की करें तो, एक संयुक्त परिवार और बड़े बुजुर्गों के निर्देशन में जीने का सही तरीका है? स्वार्थ भावना से दूर रहकर, खुद से पहले दूसरों की खुशी का ध्यान रखना होगा और हमारा परिवार हमारी खुशी का ध्यान रखेगा। अपने कर्तव्यों को पूरा करने की कोशिश हमेशा होनी चाहिए। बड़ो के प्रति आदर भाव और छोटों के प्रति प्रेम होना चाहिए।

# मध्य प्रदेश में पर्यटन के चटख रंग

भारत का हृदय मध्य प्रदेश अपनी नैसर्गिक सुन्दरता, आध्यात्मिक ऊर्जा और समृद्ध विरासत के चलते सदियों से यात्रियों को आकर्षित करता रहा है। आत्मा को सुख देनेवाली प्रकृति, गौरव की अनुभूति करानेवाली धरोहर, रोमांच बढ़ानेवाला वन्य जीवन और विश्वास जगानेवाला अध्यात्म, इन सबका मेल मध्य प्रदेश को भारत के अन्य राज्यों से अलग पहचान देता है। इस प्रदेश में प्रत्येक श्रेणी के पर्यटकों के लिए कई चुम्बकीय स्थल हैं, जो उन्हें बरबस ही अपनी ओर खींच लेते हैं। यह प्रदेश उस बड़े हृदय के मेजबान की तरह है, जो किसी भी अतिथि को निराश नहीं करता है। वैभव की इस भूमि पर पराक्रम की गाथाएं सुनाते और आसमान का मुख चूमते दुर्ग हैं। भारत का जिब्राल्टर ग्वालियर का किला, महेश्वर में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर का राजमहल, मांडू का जहाज महल, दतिया में सतखंडा महल, रायसेन का दुर्ग, दुर्गावती का मदन महल, जलमग्न रहनेवाला रानी कमलापति का महल और गिन्नौरगढ़ सहित अनेक किले हैं, जो मध्य प्रदेश के स्थापत्य की विविधता का बखान करते हैं। देवों के चरण भी इस धरा पर पड़े हैं। उज्जैन, जहां योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण पढ़े। चित्रकूट, जहां प्रभु श्रीराम माता सीता और भ्राता लखन सहित वनवास में रहे। ओंकारेश्वर, जहां आदि जगद्गुरु शंकराचार्य ने आचार्य गोविन्द भगवत्पाद से दीक्षा ली। मध्य प्रदेश में दो ज्योतिर्लिंग-महाकाल और ओंकारेश्वर हैं। इसके साथ ही भगवान शिव ने कैलाश और काशी के बाद अमरकंटक को परिवार सहित रहने के लिए चुना है। एक ओर जहां द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण प्रतिवर्ष मुरैना में आकर ढाई दिन रहते हैं तो वहीं ओरछा में राजा राम का शासन है। महारानी कुंवर गणेश के पीछे-पीछे श्रीराम अयोध्या से ओरछा तक चले आये थे। ओरछा राजाराम के मंदिर के लिए ही नहीं, अपितु अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए भी प्रसिद्ध है। मध्य प्रदेश अपने वनों के लिए भी प्रसिद्ध है। सतपुड़ा के घने जंगल का तो अद्भुत वर्णन कवि भवानी प्रसाद मिश्र की कविता में आता ही है। चंबल नदी के भरकों से लेकर कटनी, उमरिया और जबलपुर से लगा शाहडार का जंगल भी रोमांचक यात्राओं का ठिकाना है। मेकल पर्वत पर सदानीरा मां नर्मदा का उद्गम स्थल ही नहीं, अपितु वहां का सघन वन भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। मध्य प्रदेश भारत का इकलौता राज्य है जहां सर्वाधिक 12 राष्ट्रीय उद्यान हैं। कान्हा, बांधवगढ़, पेंच, शिवपुरी, पन्ना और कई अन्य राष्ट्रीय उद्यान लोगों को वन्य जीवन को देखने का दुर्लभ, रोमांचपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। मध्य प्रदेश सफेद बाघ मोहन का ही घर नहीं है, अपितु यह रहस्य और कौतुहल बढ़ानेवाले बालक मोगली का भी जन्मस्थान है। सर विलियम हेनरी स्लीमन ने ह्यएन एकाउंट ऑफ वाल्वस नरचरिंग चिल्ड्रन इन देयर डेन्सह्न शीर्षक से लिखे अपने एक दस्तावेज में उल्लेख किया है कि मध्य प्रदेश के सिवनी जिले के जंगल (पेंच टाइगर रिजर्व) में मोगली का घर था। वाइल्ड लाइफ पर्यटन मध्य प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान दिलाता है। वन्य जीवों के संरक्षण के कारण मध्यप्रदेश के पास ह्यटाइगर स्टेटह्न के साथ ही ह्यद लेपर्ड स्टेटह्न और ह्यघड़ियाल स्टेटह्न का दर्जा भी है। बाघ देखने के लिए न केवल देशभर से बल्कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से भी लोग मध्यप्रदेश में आते हैं। भिंड और मुरैना के समीप स्थित चम्बल सफारी तो घडियाल संरक्षण का बड़ा केंद्र बन गई है। कभी डाकुओं के लिए कुख्यात रहे चंबल के बीहड़ अब डॉल्फिन के लिए प्रसिद्ध हैं। भारत में गंगा के बाद सबसे अधिक डॉल्फिन चंबल सफारी में पाए जाते हैं। जनजातीय संस्कृति से साक्षात्कार करने का अवसर भी मध्य प्रदेश देता है। मंडला, उमरिया, छिंदवाडा, बालाघाट, झाबुआ और अनूपपुर में कई स्थान हैं, जो पर्यटन के तौर पर विकसित किये गए हैं। कुछ समय के लिए दुनिया की भागम-भाग से दूर प्रकृति की गोद में सुख की अनुभूति करने के लिए तामिया और पातालकोट जैसे स्थान भी हैं, जो आम पर्यटकों से छुपे हुए हैं। वहीं, मढ़ई, तवा, परसिली, हनुमंतिया जैसे अनेक स्थल भी हैं, जिन्हें पर्यटन गतिविधियों का केंद्र बनाया जा रहा है। पर्यटकों द्वारा खोजे जा रहे नये पर्यटन स्थलों को भी व्यवस्थित करने में मध्य प्रदेश की सरकार अग्रणी है। इंदौर के समीप महू से पातालपानी-कालाकुंड तक चलनेवाली हेरिटेज ट्रेन भी सीटी बजाकर उन पर्यटकों को बुलाती है, जो प्रकृति के नजारों में खोना चाहते हैं। सब प्रकार के पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध मध्य प्रदेश के ऐसे अनेक स्थान हैं, जो अभी भी पर्यटन के वैश्विक मानचित्र पर आने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। वर्तमान में यूनेस्को की विश्व विरासत की सूची में मध्य प्रदेश के चार स्थल हैं-बुद्ध का सन्देश देते सांची के स्तूप, प्रागैतिहासिक सभ्यता के चिह्न भीमबेटिका, सौंदर्य के साक्षी खजुराहो के साथ त्यागमय संस्कृति का प्रतीक ओरछा। ये चारों ही स्थान विदेशी पर्यटकों को लुभाते हैं। मध्य प्रदेश का कोई कोना ऐसा नहीं है, जो पर्यटन की दृष्टि से मरुस्थल हो। ग्वालियर के आसपास ककनमठ, मितावली, पड़ावली, दतिया, सोनागिर, ओरछा, चंदेरी और शिवपुरी का एक ट्रेवल रूट बनता है। भोपाल के आसपास सांची, विदिशा, ग्यारसपुर, उदयगिरी की गुफाएं, भोजपुर, भीमबेटका, देलावाडी और रायसेन एक पर्यटन स्थल समूह बनता है।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

पटना, सोमवार, 26 मई 2025



# तंबाकू से होने वाली बीमारियों से बचाव के प्रति समुदाय में फैलायी जा रही है जागरूकता

- जिले में चल रहा है 15 दिवसीय जागरूकता अभियान
- 31 मई को मनाया जायेगा विश्व तंबाकू निषेध दिवस

प्रातः किरण, संवाददाता




छपरा। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों में गांव-गांव में विद्यालयों में जाकर तंबाकू से होने वाली बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिले में 15 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जायेगा।इसी क्रम में दिघवारा प्रखंड के कई शैक्षणिक संस्थानों एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह जागरूकता कार्यक्रम जनक ईश्वर उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज, माध्यमिक विद्यालय शीतलपुर और उत्क्रमित मध्य विद्यालय बस्ती जलाल में आयोजित हुआ। इस दौरान शिक्षकों और छात्रों को तंबाकू के सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य प्रभावों और इस लत से बचने के उपायों के बारे में बताया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि तंबाकू न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव डालता है।कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने सक्रिय भागीदारी दिखायी और कई सवाल भी पूछे।

## आशा कार्यकर्ताओं को भी किया गया प्रशिक्षित

हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर शीतलपुर डीह एवं बस्ती जलाल में आशा कार्यकताओं को यह निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्र में नशे के शिकार या तंबाकू का सेवन करने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें जिला तंबाकू विमुक्ति केंद्र भेजें, ताकि उन्हें समय पर परामर्श और इलाज मिल सके।

## स्वास्थ्य अधिकारियों की विशेष सहभागिता

इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिंहा ने चिंता जताते हुए कहा कि तंबाकू सेवन से रोगियों की संख्या बढ़ रही है, जिसे केवल आत्मचिंतन और निरंतर जागरूकता से रोका जा सकता है।संपूर्ण कार्यक्रम का उद्देश्य यह था कि तंबाकू के खिलाफ लोगों में जागरूकता लाई जाए और उन्हें इसके दुष्परिणामों से बचाया जा सके। गैर-संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. भूपेंद्र कुमार ने बताया कि तंबाकू के सेवन से मुंह, फेफड़े और पेट के कैंसर का खतरा सबसे अधिक होता है। उन्होंने कहा कि आज के युवा बड़ी तेजी से इसकी चपेट में आ रहे हैं।

## नि :शुल्क पराशर्म की सुविधा उपलब्ध :

साइकोलॉजिस्ट डॉ. निधि ने तंबाकू की लत से उत्पन्न मनोवैज्ञानिक प्रभावों की चर्चा की और बताया कि यह आदत धीरे-धीरे व्यक्ति की सोचने-समझने की शक्ति को भी प्रभावित करती है। उन्होंने बताया कि तंबाकू छोड़ने के लिए जिले के सदर अस्पताल स्थित डीटीसीसी (तंबाकू विमुक्ति केंद्र) पर निःशुल्क परामर्श और सहायता उपलब्ध है। इस आयोजन में सीएचओ विकास कुमार एवं नेहा कुमारी ने भी सक्रिय सहयोग किया और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# नहीं थम रहा है वीटीआर सेफ्टी जोन में अवैध खनन का कारोबार, सभी सुरक्षा एजेंसियां मौन

प्रातः किरण, संवाददाता



बगहा। वाल्मीकिनगर स्थित वीटीआर के सेफ्टी जोन में नहीं थमा रहा है अवैध खनन का कारोबार। बरसात के सीजन को छोड़कर सालों भर चलता रहता है वीटीआर के सेफ्टी जोन में अवैध खनन का कारोबार। हालांकि समय समय खनन विभाग द्वारा साल में दो एक बार एक दो खनन माफियाओं पर केस दर्ज कराकर खानापूर्ति करा दी जाती है।लेकिन इसके बावजूद वीटीआर के कई जगहों पर अवैध बालू,गिट्टी व पत्थर खनन का धंधा खूब परवान चढ़ रहा है।जबकि इसके रोकथाम के लिए स्वतः संज्ञान लेते हुए सुरक्षा में लगे तमाम एजेंसियां कार्यवाई कर सकती है। आखिर क्या वजह है कि सालों भर चलने वाले अवैध खनन की जानकारी व भनक इन एजेंसियों को नहीं लग पाती है। सूत्रों की माने तो वीटीआर जंगल के 8 से 10 किलोमीटर के रेंज में किसी भी तरह के खनन करना अवैध व वन अधिनियम के खिलाफ व अपराध है। बतादें की इसी को आधार बनाकर गत वर्ष रामपुरवा पोस्ट के एसएसबी जवानों ने गश्ती के दौरान कार्यवाई करते हुए जेसीवी और ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ा था। ठाढ़ी,कोतराहां,पुराना हाइड्रो इलेक्ट्रिकल पावर हाउस के आसपास,6 आरडी के समीप,हवाई अड्डा चौक से नहर व पाइन मार्ग,चरघरिया,नेवार पानी आदि जगहों पर खनन का अवैध कारोबार चल रहा है,जिनमे से कुछ में काम बंद हो गए है,लेकिन विशाल गड्ढे आज भी अवैध खनन का गवाही दे रहे है।खनन कर या तो भंडारण किया जाता है या फिर सीधे डिमांड स्थल पर पहुंचा दिया जाता है।खनन विभाग चाहे तो इन अवैध खनन के गड्ढों का मेजरमेंट कर चिन्हित माफियाओं पर कार्यवाई कर सकती है।

## संक्षिप्त खबरें

### नेपाल पुलिस ने नदी से शव बरामद किया

बगहा।इंडो नेपाल सीमा स्थित गंडक बराज के 36 नम्बर चौक के समीप गंडक नदी में तैरता शव बरामद किया है।नेपाल त्रिवेणी चौकी इंचार्ज एसआई महेश राय मांझी ने बताया कि उसके पास से बरामद 3 से चार हजार रुपये और कागजात बरामद हुए जिसके आधार पर शव की पहचान चितवन माड़ी नगर पालिका निवासी पदम् पोखरेल के रूप में हुई है।नेपाल चौकी इंचार्ज महेश राय मांझी ने बताया की मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया था जिसके बाद परिजनों के घटनास्थल पर पहुंचने के पश्चात पोस्टमार्टम के बाद उनके हवाले शव को कर दिया गया है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

### पुलिस ने 6 अभियुक्तों को भेजा जेल

परसा।थाना कांड संख्या 252/25 शराब तस्करी के मामले में फरार चल रहे चार नामजाद आरोपितों को पुलिस ने बीती रात्रि गिरफ्तार करते हुए रविवार को भेजा जेल. गिरफ्तार शराब तस्करों में स्थानीय थाना क्षेत्र के अन्याय गांव निवासी जय मंगल महतो का पुत्र राजेंद्र महतो स्वर्गीय दीनदयाल मांझी का पुत्र कन्हाई माझी परमेश्वर मांझी का पुत्र अखिलेश माझी वह शैलेश माझी बताया जाता है वहीं थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवो में शराब पीकर हंगामा कर रहे दो शराबियों को भी गिरफ्तार कर रविवार को भेजा छपरा व्यवहार न्यायालय. गिरफ्तार शराबियों में परसा शंकरडीह निवासी बाली तिवारी का पुत्र मुन्ना तिवारी तथा बालिगाव गांव निवासी पुनदेव सहनी का पुत्र संतोष सहनी बताया जाता है.

### बीजेपी नेताओं ने सुनी मन की बात

छपरा सदर।प्रखंड क्षेत्र के तकिया पंचायत के मुखिया सह भाजपा नेता शैलेश कुमार यादव ने रविवार को अपने कार्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यमन की बातह्ण कार्यक्रम का 122वां एपिसोड लगभग 500 कार्यकताओं के साथ सुना.उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम जनजागरण और देशभक्ति की भावना को मजबूती देता है.वहीं इस अवसर पर रंजित प्रसाद, अमित जायसवाल, अभिषेक कुमार, कामेश्वर राय, राजकुमार राय, धर्मेंद्र राय, गुड्डू राय, पुलिस राय, रंजन कुमार, सोनू, विवेक कुमार, परवेज अख्तर, टिंकु सिंह, चिंटू राय, सोनू राय, विशाल राय, सिकंदर राय, मोहित कुमार, विवेक गुप्ता सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे.

### विशेष अभियान में 35 अभियुक्त गिरफ्तार

छपरा कार्यालय।वरीय पुलिस अधीक्षक,द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में असामाजिक तत्त्वों / अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन / बिक्री/भण्डारण / निर्माण / परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई को द्द ष्टिगत रखते हुए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल-35 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें शराब सेवन-16, वारंट में-06, शराब कारोबार में-08 एवं पॉक्सो एक्ट में-05 अभियुक्त शामिल हैं।जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल 17 वाहनों से 37,000 रु0 जुमार्ना राशि वसूली गई। साथ ही जिला अंतर्गत देशी शराब-150.80 ली०, विदेशी शराब-530.70 ली० एवं कार-02 बरामद किया गया

# जिला एथलेटिक्स संघ का प्रतिनिधि मंडल जाएगा एएफआई दिल्ली

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। सारण जिला एथलेटिक्स संघ की बैठक रविवार को कार्यकारी अध्यक्ष अजय सिंह के प्रभुनाथ नगर स्थित आवासीय परिसर में आयोजित की गयी. बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रदेश सह जिलाध्यक्ष सलीम परवेज ने की. बैठक में आगामी नेशनल जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चयनित प्रतिभागियों के इंट्री भेजने पर विचार विमर्श किया गया. टीम के लिए रेलवे रिजर्वेशन पूर्व से कराने की सहमति बनी ताकि समय पर कठिनाई न हो. संघ के सचिव गजेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि निडजैम के पूर्व इस वर्ष का जिला मीट करा लिया जाना चाहिए. इसके लिए कार्यकारी सचिव नीलाभ गुंजन को जिम्मेवारी सौंपी गयी. उनसे तीन दिनों के अंदर प्रखण्डों से समन्वय स्थापित कर स्थान सुनिश्चत करने को कहा गया.

आवश्यकता पड़ने पर जिला के पदाधिकारियों ने भी प्रखंड का दौरा कर मैनेजमेंट और तकनीकी सपोर्ट उपलब्ध कराने की सहमति जतायी. इस मौके पर विभिन्न समस्याओं पर भी विचार विमर्श किया गया. सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया जिला का एक प्रतिनिधि मंडल एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अधिकारियों से मिलने जाएगा. बैठक में श्यामदेव सिंह, ब्रजकिशोर सिंह, नवीन पूरी, नदीम अहमद, राज किशोर तिवारी, अमित सौरभ, संजय कुमार सिंह, कमलजीत कुमार, आयुष राज, कुंदन कुमार, अंकित कुमार पूरी और विशाल कुमार आदि उपस्थित थे.

# वाहन के कुचलने से महिला की हुई मौत

## आक्रोशितों ने किया सड़क जाम, घंटो आवागमण हुआ बाधित

प्रातः किरण, संवाददाता



गड़खा (सारण) छपरा गड़खा मुख्य मार्ग मटखौआ गाँव के समीप रविवार के प्रातः वाहन के कुचलने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, मृत्तिका मटखौआ गाँव के बाबूलाल राम के 72 वर्षीय पत्न ी मीणा देवी है, वही इस घटना से गुस्साए लोगो ने घटना स्थल पर ही सड़क जाम कर मुआवजे की मांग करने लगे, जाम से कुछ घंटो के लिए यातायात पूरी तरह ठप रहा,

मटखौआ गाँव के मितिका मीणा देवी रविवार के सुबह करीब पांच के आस पास शौच करने जा रही थी तभी अज्ञात वाहन ने महिला को कुचल चालक वाहन लेकर फरार हो गया वाहन के कुचलने से महिला लहुलुहान हो वही गिर पड़ी इस घटना को देख लोगो ने दौर घटना स्थल पर पहुच महिला को देखा तो महिला की मौत हो चुकी थी, देखते ही देखते वहा सैकड़ो लोग इकठ्ठे हो गय और छपरा गड़खा मुख्य मार्ग को जाम कर अपने गुस्से का इजहार करते हुए प्रशासन से सरकारी मुआवजे की मांग करने लगे, सूचना के बाद गड़खा थाना अध्यक्ष शशिरंजन कुमार और अंचलाधिकारी नीली यादव मामले की तहकीकात किया और स्थानीय मुखिया व जनप्रतिनिधि के साथ मिल गुस्साए लोगो को करी मशक्कत के बाद समझा बुझाकर जाम हटवाया जिससे आवागमन चालु हुआ जाम करीब दो घंटे तक रहा, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेजा,

मुखिया प्रतिनिधि मुखलाल महतो बीडीसी डा साहेब राय ने मृतक के परिजन को पांच पाच हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान करते हुए प्रशासन से घटना स्थल के समीप स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग किया,

# ई - उमीद कार्ड से पेंशनर्स को चिकित्सा में मिलेगी बेहतर सुविधा

## पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक संपन्न

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। .. वाह, गजब !हाल ही में कम दिनों के भारत एवं पाकिस्तान के बीच चले युद्ध में जिस तरीके से भारतीय सेना ने पाकिस्तानी आतंकियों को नेस्तनाबूद किया उससे देश के प्राय सभी नागरिको के साथ रेलवे के पेंशनधारी काफी गर्व महसूस कर रहे है तथा इसके लिए भारतीय सेना चाहे वह थल सेना हो या वायु सेना हो अथवा जल सेना हो,सभी बधाई के पात्र है। इन सेनाओं के भरपूर सहयोग के लिए रेलवे पेंशनधारी कभी पीछे नहीं रहेंगे। इस बात को जिक्र करते हुएपूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन , छपरा के कार्यकारी अध्यक्ष एवं नई दिल्ली रेलवे बोर्ड के सेवानिवृत मुख्य ट्रैफिक इंस्पेक्टर ओम प्रकाश पराशर ने कही।उन्होंने कहा कि देश का मान सम्मान पहले है उसके बाद ही हमारी मांग है।अपने घर एवं आंगन से अपनी मांग को कभी पूरा करा सकते है मगर देश की प्रतिष्ठा पर कोई आंच आयेगा तब उसे दूर करना या कराना भी एक नैतिक जवाबदेही है। इस आशय का संकेत श्री पराशर ने अपने एसोसिएशन की मासिक बैठक के दौरान बातों बातों में दिया।

उधर,एसोसिएशन के उप सचिव डॉ ए एच अंसारी ने बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन छपरा शाखा की मासिक बैठक स्थानीय पराशर कम्प्लेक्स भगवान बाजार में हुई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष विश्व मोहन सिंह ने किया। कार्यकारी अध्यक्ष श्री पराशर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार आठवें वेतन आयोग गठित की तो खुशी हुई फिर भी ,उसके क्रियाकलापों से मन दुखित है। उसने वित्त विधेयक पास कराकर पेंशनर्स के हित पर कुठाराघात किया है। इस काला कानून की हम अवश्य निंदा करते हैं। गर्मी के मौसम में पेंशनर्स को अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई और कहा कि लू से बचाव करने की जरूरत है।

शाखा सचिव मिथिलेश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि केन्द्र सरकार 25 मार्च को संसद में विधेयक लाकर सेवानिवृत्ति के आधार पर 8वें वेतन आयोग के लाभों से पेंशनर्स को वंचित करने की साज़िश कर रही है। यह पेंशनर्स के लिए काला कानून है। केन्द्र सरकार की यह कुठाराघात पेंशनर्स कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। ऐसा करना केंद्र सरकार को मँहगा पड़ेगा। इससे पेंशनर्स के बीच भारी आक्रोश है। आठवें वेतन आयोग से जनवरी 2026 के पहले सेवानिवृत कर्मचारियों को लाभ से वंचित करना और पेंशनरों की हितों की अनदेखी करना भारी पड़ेगा। इस काले कानून के खिलाफ आज की बैठक में सदस्यों द्वारा निंदा प्रस्ताव पारित किया गया और इसकी घोर निन्दा की गई। उन्होंने सरकार से माँग की पेंशनरों के साथ भेदभाव सरकार नहीं करे। साथ ही 65 , 70 , 75 वर्ष आयु पर क्रमशः 5 ,10 ,15 प्रतिशत अतिरिक्त भत्ता की माँग केंद्र सरकार से की।

# वित्त राज्यमंत्री ने लैंड कस्टम उपायुक्त से ली इंडो नेपाल कस्टम गतिरोध पर जानकारी

बगहा।वाल्मीकिनगर स्थित जलसंसाधन विभाग के गेस्टहाउस में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने कस्टम अधिकारियों के साथ बैठक कर बड़ी भंसार चालू करने में आ रहे गतिरोध की जानकारी ली।वित्त राज्य मंत्री पंकज कुमार ने बताया कि स्थानीय सांसद और विधायक के प्रयास से वाल्मीकिनगर के छोटी भंसार को बड़ी भंसार में बदलकर लैंड कस्टम चालू किया जाने का प्रयास किया गया था। हमने प्रयास भी किया है,भारत और नेपाल के बीच काठमांडू में हुई बैठक में भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई। नेपाल के तरफ से कस्टम कार्यालय में टेस्टिंग लैब अभी नही लग पाया है।इसलिए कस्टम सुचारू होने में विलंब हो रहा है। श्री पंकज ने आगे बताया कि हमने कस्टम उपायुक्त विनोद कुमार से वस्तुस्थिति की जानकारी ली है कुछ त्रुटियां रह गई है जिसे जल्द ही निष्पादित कर लैंड कस्टम चालू कर लिया जाएगा।अभी ऑनलाइन इम्पोर्ट एक्सपोर्ट छोटे स्केल पर किया जा रहा है।वहीं कस्टम उपायुक्त विनोद कुमार ने कहा कि जलसंसाधन विभाग से जमीन मुहैया करा दी गई है लेकिन वन विभाग से एनओसी नहीं मिला है।कार्य प्रोसेस में है उम्मीद है जल्द ही धरातल पर काम शुरू कर दिए जाएंगे।इस बैठक में सदर विधायक उत्तरप्रदेश महराजगंज के जयमंगल प्रसाद,कस्टम सुपरिटेंडेंट अशोक कुमार प्रेस क्लब अध्यक्ष महराजगंज जनपद अजय श्रीवास्तव समेत कई वरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# पूरे जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। रविवार को देश के प्रधानमंत्री का 122 वा मन की बात कार्यक्रम भाजपा कार्यकताओं ने पूरे जिले में हर बुथ पर मन की बात कार्यक्रम को सुनने एवं आम जनों को सुनाने का काम किया इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा की ऑपरेशन सिंदूर कि सफलता से एवं सेना के शौर्य से पूरा देश गौरवान्वित है अब लोग अपने नवजात बच्चों का नाम सिंदूर रख रहे हैं और भारत आतंकवाद की समाप्ति के लिए संकल्पित है उन्होंने आज के मन के बात कार्यक्रम में बिहार में खेलो इंडिया की सफलता के लिए पूरे बिहारवासियों और यहां के खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामना दिए उन्होंने लोगों से स्वस्थ रहने के लिए योग करने के भी अपील की इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम भारत के युवाओं में एवं भाजपा कार्यकताओं जोश भरने का काम करता है महामंत्री विवेक कुमार सिंह ने कहा कि आज भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जापान को पीछे कर भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, आज 122 वा मन की बात कार्यक्रम जिले के सभी मंडलों के बूथ स्तर तक सुना गया कार्यक्रम की सफलता के लिए जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने सभी मंडल अध्यक्षो कार्यकताओं को बधाई दी। आज मन की बात कार्यक्रम पूर्व जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश उपाध्याय ,पूर्व जिला अध्यक्ष रामदयाल शर्मा, जिला अध्यक्ष रमेश प्रसाद ,पूर्व विधायक विनय सिंह , पूर्व प्रत्याशी डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह,महामंत्री विवेक कुमार सिंह ,धर्मेंद्र कुमार साह, निरंजन शर्मा ,उपाध्यक्ष श्रीनिवास सिंह , बलराम तिवारी,विकास गुप्ता, अनु सिंह , जिला मंत्री अर्धेदु शेखर, बलवंत सिंह,जीतू कुशवाहा, मीरा देवी, रंजन यादव, सुनीता कुमारी , सुनीता देवी, प्रवक्ता संजय सिंह, मदन सिंह, सुशील कुमार सिंह ,सत्यानंद सिंह, धर्मेंद्र चौहान रिंकू सिंह, शाहिद सभी पदाधिकारी कार्यकताओं ने अपने-अपने भूतों पर मन की बात कार्यक्रम को देखा और सुना।

# राजस्व कर्मचारी पद से सेवानिवृत कर्मियों का संविदा के आधार पर होगा नियोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार द्वारा राजस्व कर्मचारियों के हड़ताल से उत्पन्न परिस्थिति के कारण आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु वैकल्पिक व्यवस्था के तहत सेवानिवृत राजस्व कर्मचारी को नियोजित करने जा रही है। अपर समाहर्ता राजस्व राजीव कुमार सिंह ने बताया कि राजस्व कर्मचारियों के हड़ताल से राजस्व संबंधी कार्यों के निष्पादन में कठिनाइयां उत्पन्न हो रही है। हड़ताल से उत्पन्न परिस्थिति के कारण आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु विभागीय दिशा-निर्देश के आलोक में वैकल्पिक व्यवस्था के तहत सेवानिवृत राजस्व कर्मचारी को नियोजित करने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गयी है।उन्होंने बताया कि बिहार सरकार अन्तर्गत राजस्व कर्मचारी पद से सेवानिवृत सभी कर्मियों को राजस्व कर्मचारी के पद पर संविदा के आधार पर नियोजन करने की कार्रवाई की जानी है। सेवानिवृत राजस्व कर्मचारी यदि उक्त पद के लिए इच्छुक हों तो समाहरणालय अवस्थित अपर समाहर्त्ता के कार्यालय में दिनांक-27.05.2025 से दिनांक-31.05.2025 के मध्य किसी भी दिन कार्यालय अवधि में अपने पेंशन प्राधिकार एवं पहचान पत्र के साथ कार्यालय आएं। उन्होंने बताया कि ऐसे इच्छुक सेवानिवृत राजस्व कर्मचारी को सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प संख्या-10000, दिनांक-10.07.2015 में निहित प्रावधानों एवं शर्तों के अधीन है।

# गरीब हो या धनवान सभी को आयुष्मान कार्ड लाभ :नोडल पदाधिकारी



एकमा। स्थानीय समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे जिले के नोडल पदाधिकारी डॉ संजीव रंजन ने पहुंचकर आयुष्मान भारत कार्ड का लिया जायजा । इस दौरान डॉ संजीव रंजन ने समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात डॉ विवेक कुमार से इस संबंध में पूछताछ किया कहा कि पुरे राज्य भर में स्पेशल अभियान के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य गाईडलाइन के तहत बिहार राज्य स्वास्थ्य सुरक्षा समिति पटना के मॉनिटरिंग में आयुष्मान भारत कार्ड बनाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 26 ,27, 28 ,मई 2025 तक पूरे राज्य में अभियान की तरह कार्ड बनाया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि इसकी लाभ के लिए 70 वर्ष से कम उम्र वाले व्यक्ति को आधार व राशन कार्ड अनिवार्य है। तथा 70 वर्ष से अधिक उम्र वाले व्यक्ति को सिर्फ आधार कार्ड के आधार पर ही आयुष्मान कार्ड का लाभ ले सकते हैं । साथ ही इसका लाभ कोई व्यक्ति ले सकता है । चाहे वह गरीब हो या धनवान कलेक्टर हो या चपरासी इसका लाभ हर तबके का व्यक्ति इसका लाभ उठा सकते हैं । इस मौके पर हेल्थ मैनेजर वाहीद अख्तर जयराम तिवारी साहीद अल्ली राहुल दुबे शशि भूषण मिश्रा अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा में उतीर्ण प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

प्रात : किरण, संवाददाता




दिघवारा।नगर पंचायत के जयगोविंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बिहार पुलिस की कांस्टेबल परीक्षा में अंतिम रूप से चयनित क्षेत्र के लगभग 35 युवाओं को सम्मानित किया गया। सम्मान पाने के बाद ऐसे युवाओं के बीच काफी उत्साह दिखा एवं सम्मान पाने के दौरान सबों के चेहरे पर प्रसन्नता के भाव देखे गए।इससे पूर्व चयनित युवाओं को दिघवारा थानाध्यक्ष डॉ रितेश कुमार मिश्रा, दिघवारा आरपीएफ पोस्ट प्रभारी शमशेर कुमार, वार्ड पार्षद मुनेश्वर पासवान, अमित कुमार, उज्जवल तिवारी व कोच राजवीर कुमार सिंह उर्फ गोलू ने सम्मानित किया।अपने संबोधन में दिघवारा थानाध्यक्ष डॉ रितेश कुमार मिश्रा ने कहा कि आज बिहार में नौकरी की असीम संभावनाएं हैं पर हर युवा को अपनी रुचि के अनुसार करियर का चयन करना चाहिए। अभिरुचि के अनुसार करियर का चयन करने पर सफलता की गारंटी बढ़ जाती है।डॉ मिश्रा ने कहा कि बिहार में पुलिस विभाग की नौकरी में महिलाओं को आरक्षण मिलने के बाद अब बड़ी संख्या में लड़कियां भी पुलिस में चयनित होकर अपनी सेवा देते हुए अपनी क्षमता प्रदर्शित कर रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों को करियर चयन के लिए उचित प्लेटफार्म मिलना जरूरी है।उचित प्लेटफार्म व संसाधन मिलने से लक्ष्य को पाने में कम वक्त लगता है।श्री मिश्रा ने कोच राजवीर के प्रयासों की सराहना की और कहा कि उनके प्रयास से ही 35 युवा बिहार पुलिस की नौकरी पाने में सफल हुए हैं लिहाजा उनका यह प्रयास अनुकरणीय व प्रशंसनीय है।आरपीएफ पोस्ट प्रभारी शमशेर कुमार ने कहा कि किसी भी लक्ष्य को पाने के लिए समर्पण और जुनून जरूरी है। लक्ष्य केंद्रित कर पढ़ाई करने से सफलता को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है।उन्होंने समाज के सभी लोगों से नौकरी की तैयारी वाले युवाओं को निरंतर प्रोत्साहित करने का आग्रह किया।मोटीवेटर अमित कुमार ने कहा कि सतत प्रयत्न शील रहने व योजनावृद्ध तरीके से पढ़ाई व तैयारी करने से हर लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है।उन्होंने कहा कि सामान्य और कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि वाले परिवार के बच्चों ने अपनी मेहनत से अपने परिवार व क्षेत्र का मान बढ़ाया है।उन्होंने कहा कि मेहनत कर लक्ष्य पाने के बाद सफलता का स्वाद और भी बढ़ जाता है। कोच राजवीर ने कहा कि दिघवारा,दरियापुर,गड़खा आदि प्रखंड क्षेत्रों के जो भी युवा चयनित हुए हैं उनमें उनके प्रयास की अहम भूमिका है।

उन्होंने हर चयनित युवा को अपने अनुभव का लाभ अन्य युवाओं को देने की बात कही।कार्यक्रम में पूजा, निभा, सुप्रिया,निशु,रुक्मिणी, अंजली,शिल्पा, रंभा, दीपाली, अनामिका, सूरज, मुन्ना, राकेश, निशु कुमार, आलोक,हिमांशु भारद्वाज,महताब आलम, रंजन कश्यप,अरुण कुमार, अभिषेक कुमार, राधा कृष्णन व अमित कुमार जैसे चयनित युवाओं को मोमेंटो,मेडल व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।आयोजन की सफलता में चांद अंसारी, राजा कुमार, गौतम कुमार, धीरज कुमार,छोटू कुमार,कृष्ण कुमार व अभिषेक सिंह आदि युवाओं ने सराहनीय सहयोग दिया।

# भोजपुरी साहित्य सम्मेलन को ले बैठक संपन्न

मकेर । रविवार को अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन के 28 वां राष्ट्रिय अधिवेशन की तैयारी हेतु एक बैठक हुई । बैठक राजेन्द्र बिद्या मंदिर मकेर के सभागार में हुई जिसकी अध्यक्षता पूर्व जिला एवम सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार शर्मा ने किया ।बैठक को संबोधित करने वालो में जिला के वरिष्ठ पत्रकार शिवनुग्रह सिंह , पूर्व प्रचार्य अम्बिका राय , एवम पंकज कुमार ने भोजपुरी को बढ़ावा देने पर जोड़ दिया गया है । भोजपुरी बोलने की प्रचलन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए ।हमे अपने बच्चों को इसके लिए प्रेरित किया जाना चाहिए साथ ही भोजपुरी भाषा की गरिमा को हिंदी सिनेमा के कलाकारों द्वारा द्विअर्थी गानों को प्रचलन को रोकने एवम इसको विरोध करने की बात हुई है । भोजपुरी गानों के कलाकारों द्वारा फूहर गीत गानों को गाया जाता है जिससे समाज मे या देश विदेश में भोजपुरी बोलने से लोग कतराते हैं ।

भोजपुरी को विदेशों में बढ़ावा देने एवम बोलने वालों आमंत्रित किया जायेगा । बैठक में समाज के प्रबुद्ध नागरिक ,पत्रकार ,शिक्षक समाज सेवी मौजूद थे । बैठक में डॉ रंजीत कुमार ,संतोष कुमार सिंह ,बबीता कुमारी ,प्रीतम वर्मा ,रेणु कुमारी , धर्मेंद्र शर्मा ,रामनगीना राय, प्रवीण कुमार ,कुंदन तिवारी ,आतिश कुमार श्रीवास्तव मुखिया मिथलेश राय सहित अन्य लोग मौजूद थे ।

## नैतिकता का पाखंड और स्त्रियों के प्रति चरम उपेक्षा का प्रमाण है तेजप्रताप का बयान: मलिक

प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल) बिहार की राजनीति आज एक ऐसे मोड़ पर आ खड़ी हुई है जहाँ जनसेवा की भावना से ज्यादा नाटक पाखंड और निजी स्वार्थ का बोलबाला है। उक्त बातें जनता दल यूनाइटेड के जिला प्रवक्ता चाँद मलिक ने प्रेस वार्ता जारी कर कहीं उन्होंने कहा कि इसका सबसे ज्वलंत उदाहरण राजद नेता तेज प्रताप यादव द्वारा सोशल मीडिया पर दिया गया ताजा बयान है, जिसमें उन्होंने स्वीकार किया कि वे पिछले 12 वर्षों से एक महिला अनुष्का यादव के साथ प्रेम संबंध में थे, बावजूद इसके उन्होंने एक अन्य युवती से विवाह कर उसे मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक यातनाएं दीं यह मामला अब केवल पारिवारिक नहीं रहा। यह महिला सम्मान, सामाजिक जिम्मेदारी और सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी का बड़ा सवाल बन चुका है। तेज प्रताप यादव की स्वीकारोक्ति एक सामाजिक अपराध की खुली घोषणा है। एक महिला को अपने प्रेम में बाँधकर दूसरी महिला से विवाह कर लेना न केवल नैतिक अपराध है।

बल्कि सामाजिक धोखा है घरेलू हिंसा का सच सामने आया है तेज प्रताप यादव की पूर्व पत्नी द्वारा लगाए गए आरोप अब सच्चे प्रतीत हो रहे हैं। यह साफ है कि यह विवाह केवल समाज और राजनीति के लिए एक दिखावा था तेजस्वी यादव की चुप्पी खतरनाक है तेज प्रताप के बड़े भाई और बिहार के प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की चुप्पी इस पूरे प्रकरण पर उनकी सहमति का संकेत देती है। यदि वे इस अन्याय के खिलाफ नहीं बोलते, तो वे भी इसके समान दोषी माने जाएंगे राजद का महिला सशक्तिकरण सिर्फ भाषणों में यह परिवार महिलाओं के नाम पर राजनीति तो करता है लेकिन असल में उन्हें सिर्फ सत्ता के औजार की तरह इस्तेमाल करता है। हम जनता दल (यूनाइटेड) की ओर से यह मांग करते हैं तेज प्रताप यादव के खिलाफ महिला शोषण और धोखाधड़ी की धारा में मुकदमा दर्ज किया जाए और इसकी निष्पक्ष न्यायिक जांच हो। तेजस्वी यादव स्पष्ट करें कि क्या वह अपने भाई के इस कृत्य का समर्थन करते हैं या इसके खिलाफ हैं राष्ट्रीय जनता दल अपनी नीति और नीयत को लेकर जनता के सामने माफी मांगे और अपनी कथनी-करनी के फर्क को स्वीकारे। हम यह भी स्पष्ट करना चाहते हैं कि बिहार की जनता अब भावनात्मक ड्रामा और पारिवारिक नाटकों से बहकने वाली नहीं है। यह राज्य अब सुशासन, ईमानदारी और जन-कल्याण की राजनीति चाहता है, ना कि धोखे और पाखंड की। तेज प्रताप यादव की पोस्ट ने यह साबित कर दिया है कि लालू यादव का परिवार अब भी 90 के दशक की उसी मानसिकता में जी रहा है।

## आज से कुर्था हॉस्पिटल में लगेगा तीन दिवसीय शिविर लोगों के बनाए जाएंगे आयुष्मान योजना का कार्ड

प्रातः किरण संवाददाता




कुर्था (अरवल) स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सरकार के निर्देश के बाद प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रखंड क्षेत्र के लाभ को आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे उक्त बातों की जानकारी देते हुए कुर्था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार ने बताया कि कुर्था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया जाएगा जो सोमवार से बुधवार तक चलेगी ऐसे में प्रखंड क्षेत्र के लोग जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है वह अति शीघ्र कुर्था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर अपना आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें

### आयुष्मान योजना क्या है

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत ही आयुष्मान भारत योजना की शुरूआत की गई। इस राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना का उद्देश्य देश के गरीब और कमजोर वर्ग के करीब 50 करोड़ लोगों को भी प्राइवेट अस्पतालों में इलाज की सुविधा मिल सके। इस योजना के तहत सरकार 5 लाख रुपये तक का हेल्थ बीमा देती है, जिसका लाभ परिवार का कोई भी सदस्य उठा सकता है। इसे दुनिया की सबसे बड़ी सरकारी हेल्थ इंश्योरेंस स्कीम माना जा रहा है। जो अस्पताल इस योजना के अंतर्गत लिस्ट में शामिल हैं, वहां पर बीमाधारक इलाज करा सकता है।

### आयुष्मान कार्ड बनवाने के क्या फायदे हैं

गरीब व कमजोर वर्ग के परिवारों को अस्पताल में भर्ती होने पर मुफ्त इलाज मिलेगा 5 लाख रुपये की हेल्थ पॉलिसी प्रति परिवार को हर साल मिलेगी योजना से जुड़े अस्पतालों में भर्ती होने पर कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी (आयुष्मान योजना में 1300 से ज्यादा बीमारियों का इलाज शामिल है अस्पताल में भर्ती होने से पहले और बाद का खर्च भी इस बीमा पॉलिसी में शामिल आयुष्मान कार्ड को आप घर बैठे अपने मोबाइल या कंप्यूटर से आसानी से बना सकते हैं

### आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए पात्रता क्या है

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आने वाली आयुष्मान योजना मुख्य तौर पर गरीब और वंचित लोगों के लिए है। इसे दो श्रेणियों में बांटा गया है- ग्रामीण और शहरी। पात्रता की जांच करने के लिए सरकार ने 2011 की जातीय जनगणना का प्रयोग किया है।

## भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

नगरा। नगरा प्रखंड क्षेत्र के तकिया पंचायत के मुखिया सह भाजपा नेता शैलेश कुमार यादव के नेतृत्व में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 122 वा संस्करण सुना गया। तकिया पंचायत कार्यालय को आयोजन स्थल बनाया गया, जहां लगभग 500 कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर कार्यक्रम को सुना। जिसमें आज मन की बात का 122वां एपिसोड प्रसारित हुआ है। इस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ अहम राष्ट्रीय मुद्दों पर बात की है। इनमें हाल ही में सफल रहे ऑपरेशन सिंदूर, भारतीय सेना की बहादुरी, और पाकिस्तान द्वारा फैलाए गए झूठ की पोल खोलना शामिल है। साथ ही, वे विश्व पर्यावरण दिवस से जुड़ते हुए एक पेड़ माँ के नाम अभियान की भी चर्चा भी पीएम ने की। वहीं उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है। साथ ही पीएम ने लोगों से स्वदेशी चीजों को प्राथमिकता देने की अपील की और भारत की प्रगति में अपना योगदान देने को कहा।

## गैंग रेप की शिकार नाबालिग अस्पताल में भर्ती स्थिति नाजुक, पुलिस एक्शन मोड में

प्रातः किरण संवाददाता

बगहा। नाबालिग के साथ दरिंदगी के बाद पुलिस एक्शन मॉड में आ गई है। गैंगरेप की शिकायत दर्ज कर पुलिस नें आरोपियों कों धर दबोचा है। खुद एसडीपीओ कुमार देवेंद्र के नेतृत्व में कार्रवाई तेज कर दोषियों कों स्पीडी ट्रायल चलाकर सजा दिलाने की तैयारी चल रही है।दरअसल उतर प्रदेश की सीमा पर स्थित धनहा थाना क्षेत्र की घटना में नाबालिग से हैवानियत के बाद पीड़िता कों मधुबनी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहाँ उसकी हालत नाजुक थी लिहाजा उसे बेहतर उपचार के लिए जीएमसीएच बेतिया रेफर किया गया है। वहीं इस गैंग रेप के मामले में चार आरोपीयों कों पुलिस नें तत्काल गिरफ्तार कर लिया है। जबकि पीड़िता का मेडिकल जाँच समेत न्यायालय में बयान के बाद कार्रवाई तेज करने की तैयारी चल रही है।

बताया जा रहा है की शनिवार कों पीड़िता के साथ धनहा के एक गाँव में चार लोगों नें दुष्कर्म का कुकृत्य किया। मामले की गंभीरता कों देखते हुए एसडीपीओ कुमार देवेंद्र के नेतृत्व में घटना की जाँच समेत घटना स्थल से एफएसएल की टीम नें साक्ष्य इकट्ठा किये हैं औ अब धनहा थाना पुलिस केस दर्ज कर नाबालिग कों इंसाफ दिलाने के लिए जुट गईं है एसडीओ कुमार देवेंद्र नें दावा किया है की दोषियों कों जल्द हीं न्यायालय से सख़्त सजा दिलाई जायेगी, पुलिस घटना की त्वरित अनुसन्धान कर कानूनी प्रकिया पूरी करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बता दें की नाबालिग के साथ इन चार वहसी दरिंदो नें हैवानियत की हदें जिस तरह पार किया है ।

## अजय सिंह द्वारा छात्र प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित 201 विद्यार्थियों को मिली सहायता राशि

प्रातः किरण संवाददाता

बखोरापुर, बड़हरा (भोजपुर) (भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं समाजसेवी अजय सिंह के सौजन्य से रविवार को भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड स्थित ग्राम बखोरापुर में एक भव्य छात्र प्रोत्साहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 10वीं और 12वीं में उत्तीर्ण 201 जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को 2100 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 11 बजे राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके बाद अजय सिंह ने मंच से उपस्थित विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा, यह कार्यक्रम शिक्षा को बढ़ावा देने और समाज के गरीब एवं वंचित वर्ग के बच्चों को आगे बढ़ाने का एक प्रयास है। पढ़ेगा बड़हरा तभी तो बढ़ेगा(

उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा ही समाज की प्रगति की नींव है, और इस दिशा में उनका यह प्रयास जारी रहेगा। अजय सिंह ने भावुक होते हुए बताया कि उनकी अपनी बेटी भी इस वर्ष 12वीं की परीक्षा पास की है, और उनके लिए सभी बच्चे अपने बच्चों के समान हैं।कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि के साथ-साथ प्रमाण पत्र, हिंदू धर्म और संस्कृति पर आधारित डायरी, तथा पेन भी भेंट किए गए। इसके साथ ही उनके माता-पिता को भी सम्मानित कर सराहना की गई।

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता शाहनवाज हुसैन ने वीडियो कॉल के माध्यम से कार्यक्रम में हिस्सा लिया और विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, उन्होंने वैभव सूर्यवंशी का उदाहरण देते हुए छात्रों को प्रेरित किया।

बहुत से छात्र-छात्राओं ने भी इस अवसर पर अजय सिंह का आभार व्यक्त किया और अपने मन की बातें भी उनसे साझा कीं। कुछ ने मंच से अपने अनुभव साझा किए, तो कुछ ने व्यक्तिगत रूप से अजय सिंह से मिलकर उन्हें धन्यवाद दिया और अपनी भावनाएं प्रकट कीं।

कार्यक्रम में पत्रकारों की उपस्थिति के लिए अजय सिंह ने विशेष आभार प्रकट किया और कहा कि आपकी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ी और यह संदेश जन-जन तक पहुंचेगा।अगर आप चाहें तो मैं इसका प्रकाशन योग्य पीडीएफ या प्रेस रिलीज फॉर्मेट भी बना सकता हूँ।

इस प्रोग्राम में समाजसेवी रामप्रताप सिंह, पंचायत एकवना के मुखिया संजय सिंह, गुंडी निवासी मनोज सिंह, वरिष्ठ पत्रकार अनिल सिंह, भाजपा जिला मंत्री चुन्नीदेवी, दीपक सिंह (हॉली बॉल अंतरराष्ट्रीय निर्णायक), समाजसेवी टिंकू सिंह, अजय सिंह के भाई संजीत सिंह, जितेंद्र सिंह, उनकी भाभी उर्मिला देवी, विद्याभूषण सिंह, धुरंधर सिंह उपस्थित रहे।

## 114 आरएएफ कैंप में मधुबनी पेंटिंग प्रशिक्षण का सफल समापन



आरा। जिले के कोइलवर स्थित 114 आरएएफ कैंप में आयोजित तीन दिवसीय मधुबनी पेंटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन रविवार को हुआ। यह कार्यक्रम आरसीडब्लूए-114 के तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य सीआरपीएफ परिवारों की महिलाओं को पारंपरिक मधुबनी कला में दक्ष बनाना था। समापन समारोह की अध्यक्षता आरसीडब्लूए-114 आरएएफ की अध्यक्ष ऋतु झा ने किया। उन्होंने प्रशिक्षण की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक सुधीर कुमार मिश्रा का विशेष रूप से आभार प्रकट किया। मधुबनी से आए सुधीर मिश्रा ने अपने गहन ज्ञान, समर्पण और कला के प्रति निष्ठा से प्रतिभागियों को प्रेरित किया।लोगों को सम्बोधित करते हुए ऋतु झा ने कहा कि यह प्रशिक्षण केवल एक कला शिक्षा कार्यक्रम नहीं, बल्कि महिलाओं के आत्मविश्वास, सृजनात्मकता और सांस्कृतिक जुड़ाव को भी सशक्त करने का माध्यम बना है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों और प्रशिक्षण को उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया। यह आयोजन आरसीडब्लूए-114 आरएएफ द्वारा महिला सशक्तिकरण और भारतीय लोककला के संरक्षण की दिशा में एक उल्लेखनीय प्रयास रहा, जो निश्चित ही प्रेरणास्रोत बनेगा।

## शारीरिक शिक्षा का इतिहास, सिद्धांत एवं आधारभूत संरचना नामक पुस्तक का हुआ विमोचन

छपरा कार्यालय।कहते हैं कि अगर इरादे मजबूत हों तो कोई भी मंज़िल नामुमकिन नहीं होती है। इस कहावत को छपरा की बेटी सह गोपालगंज के थावे में स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) की व्याख्याता डॉ रंजिता प्रियदर्शिनी ने सच साबित कर दिखाई है। जिन्होंने कठिन परिस्थितियों और जीवन के अनेक संघर्षों के बावजूद न केवल शिक्षा के क्षेत्र में अपना स्थान बनाई है, बल्कि शारीरिक शिक्षा जैसे उपेक्षित विषय से संबंधित एक प्रेरक पुस्तक भी लिख डाली है। इनकी पुस्तक ह्लशारीरिक शिक्षा का इतिहास, सिद्धांत और आधारभूत संरचनाह्व को शिक्षा जगत में सराही जा रही है।बिहार खेल विश्वविद्यालय राजगीर एवं राज्य शैक्षिणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) पटना के बीच हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के आलोक में शारीरिक शिक्षा के व्याख्याताओं के लिए आयोजित एडवांस्ड रिफ्रेशर कोर्स के प्रथम बैच का शनिवार को विश्वविद्यालय परिसर में प्रमाण पत्र वितरण समारोह के दौरान बिहार का पहला और देश का छठा खेल विश्वविद्यालय जो बिहार के राजगीर में स्थित है के प्रथम कुलपति सह सेवानिवृत (आईएएस) शिशिर सिन्हा, कुलसचिव सह सेवानिवृत (आईएएस) अधिकारी रजनी कांत, परीक्षा नियंत्रक- सह- डीन निशिकांत तिवारी, खेल विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के सलाहकार रौशन कुमार और अजीत कुमार के अलावा शारीरिक शिक्षा का इतिहास, सिद्धांत और आधारभूत संरचना की लेखिका सह डायट गोपालगंज में पदस्थापित व्याख्याता डॉ रंजिता प्रियदर्शिनी के द्वारा संयुक्त रूप से पुस्तक का विमोचन किया गया।

खेल विश्वविद्यालय बिहार कुलपति सह सेवानिवृत (आईएएस) शिशिर सिन्हा ने पुस्तक विमोचन के दौरान कहा कि कई वर्ष पूर्व शारीरिक शिक्षा को अकादमिक विषयों के मुकाबले इसका महत्त्व कम दिया जाता था, लेकिन इन्होंने इस धारणा को बदलने की दिशा में एक ठोस कदम उठाया है। इस पुस्तक के माध्यम से उन्होंने न केवल इस विषय की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को उजागर किया है, बल्कि इसके सिद्धांतों और व्यवहारिक पक्षों को भी सरल भाषा में समझाने का प्रयास किया है। इस कृति से यह स्पष्ट होता है कि खेल- कूद और शारीरिक विकास केवल शारीरिक बल नहीं, बल्कि मानसिक, सामाजिक और नैतिक विकास का भी आधार है। हालांकि इनकी यात्रा इतनी आसान नहीं रही होगी, लेकिन सीमित संसाधनों और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच पढ़ाई जारी रखना, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना और नौकरी हासिल करना किसी जंग से कम नहीं हुआ होगा। इसके बावजूद इन्होंने अपने सपनों को जीवित रखा और जीवन की हर चुनौती को अवसर में बदलने का काम किया है। समाज को ऐसे ही शिक्षकों और लेखकों की जरूरत है, जो ना केवल ज्ञान देते हैं बल्कि खुद अपने जीवन से उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। इनकी कहानी यह संदेश देती है कि अगर मन में कुछ कर गुजरने की चाह हो, तो कोई भी परिस्थिति बाधा नहीं बन सकती है।

## अनुमंडल जिला कार्यालय में भ्रष्टाचार घूसखोरी चरम सीमा पर हो रहा: आशुतोष सिंह

प्रात: किरण संवाददाता




रोहतास । सासाराम कैंप कार्यालय में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी बिहार प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सह किसान के बिहार प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि रोहतास जिला में अंचल ब्लॉक थाना अनुमंडल जिला कार्यालय में भ्रष्टाचार घूसखोरी चरम सीमा पर हो रहा है, लेकिन सासाराम आंचल में बहुत ही ज्यादा घूसखोरी अंचल अधिकारी सासाराम के द्वारा भ्रष्टाचार किया जा रहा है कल निगरानी के द्वारा जो कंप्यूटर ऑपरेटर को 110000 लाखों रुपए के साथ निगरानी ने गिरफ्तार किया है इसका मुख्य सरगना भ्रष्ट घूसखोर अंचलाधिकारी सासाराम है जिसे तुरंत गिरफ्तार कर नौकरी से बर्खास्त करना चाहिए, भ्रष्ट घूसखोर सासाराम अंचल अधिकारी का रिश्वत उसके साथ रहने वाला ऑपरेटर मेन 110000 रुपए घूस लेते रंगे हाथ कल निगरानी विभाग ने गिरफ़्तारी किया लेकिन असली माहा भ्रष्ट घुसखोर अंचलाधिकारी सासाराम कब गिरफ्तार होगा, अंचल अधिकारी सासाराम से सासाराम के जनता परेशान हो चुकी है, किसान के बिहार प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने कहा कि जानता को सभी रिश्वत मांगने वाले के शिकायत निगरानी विभाग को बताकर सभी घूसखोरी भ्रष्ट कर्मचारियों अधिकारियों को गिरफ्तार कर जेल भिजवाना चाहिए।

## सड़क दुर्घटना में चार घायल, दो की स्थिति नाजुक, दोनों को किया गया रेफर

प्रातः किरण संवाददाता

एकमा । मांझी बरौली पंथ के आमडाढी पंचायत के मंकुद पुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के समीप दो बाइकों कि आमने-सामने की भिषण टक्कर में चार लोग घायल हो गए । मौके पर पहुंचे हुस्सेपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बच्चा सिंह ने सभी घायलों को चारपहिया वाहन से एकमा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराकर । दिया सामाजिकता परिचय दिया । जहां चिकित्सक डॉ विवेक कुमार ने इलाज के पश्चात सभी घायलों का बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। वहीं डॉ विवेक कुमार ने इलाज के पश्चात बताया का घायलों में दाऊद पुर थाना क्षेत्र के गोबरही गांव निवासी लाल बाबू यादव का 25 वषिय पुत्र मुकेन्दर यादव कि स्थिति नाजुक बनी हुई है। वहीं रसुलपुर थाना क्षेत्र के सराव गांव निवासी विनोद महतो के 22 वषिय पुत्र निरज महतो उत्तिम महतो का 25 वषिय पुत्र हीरों महतो तथा नेता महतो का 22 वषिय पुत्र पंकज महतो कि भी स्थिति नाजुक बनी हुई है। इलाज के दौरान एकमा थाना पुलिस ने पहुंचकर घटना का जायजा लिया।

## बीजेपी नेता ने प्रचार रथ को किया रवाना

बड़हरा। भाजपा के वरिष्ठ नेता सूर्यभान सिंह के द्वारा बड़हारा विधानसभा में दो प्रचार रथ रवाना किया गया जो पूरे बड़हारा विधानसभा के सभी पंचायत एवं सभी गांव में घूम घूम कर आगामी 30 मई 2025 को शाहाबाद की धरती बिक्रमगंज दुगार्डीह मैदान में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का कार्यक्रम सुनिश्चित हुआ है इस कार्यक्रम में भोजपुर की धरती से लाखों लाख की संख्या में जनसभा बिक्रमगंज के सभा स्थल दुगार्डीह मैदान में पहुंचकर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के भाषण को सुनकर कार्यक्रम को पूर्ण रूप से सफल बनाएंगे माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा शाहाबाद के लिए विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास करेंगे एवं हजारों करोड़ों का सौगात बिहार वासियों को देंगे इसी संदर्भ में आ रहे एवं बड़हारा विधानसभा के दो प्रचार रथ को अपने आवास से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया इस अवसर पर भाजपा भोजपुर के वरिष्ठ एवं गणमान्न लोग उपस्थित रहे कमलेश नारायण सिंह डॉक्टर मंजीत सिंह वरुण सिंह हरेंद्र सिंह ठाकुर संजय सिंह मृत्युंजय सिंह चंद्रभान सिंह बबलू शुक्ला सूरज सिंह बृजेश पांडे अजय सिंह और भी लोग उपस्थित रहे।

## नरकटियागंज में आशा कार्यकर्ताओं की बहाली नही होने से लोग स्वास्थ्य सुबिधा से है वंचित, दलालों के कारण नही हो पा रही बहाली




बेतिया (कुमार अभिजितम) ।नरकटियागंज प्रखंड क्षेत्र के पंचायतों में आशा कार्यकताओं की बहाली नही होने से ग्रामीण क्षेत्र की जनता को सरकारी स्वास्थ्य की सुविधा नही मिल पा रही है ।बताया जाता है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नरकटियागंज में दलालों के सक्रियता के कारण विगत कई वर्षों से आशा कार्यकताओं की बहाली नहीं हो पा रही है जिसके कारण क्षेत्र में स्वास्थ्य संबंधित कार्यों में कठिनाई की सामना करनी पड़ती है ।बताया जाता है कि जैसे ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नरकटियागंज में आशा बहाली की प्रक्रिया शुरू होती है दलालों की सक्रियता बढ़ जाती है और गलत गलत खबरों का प्रकाशन होना शुरू हो जाता है ।आशा कार्यकर्ता बहाली की प्रक्रिया में सर्वप्रथम जनप्रतिनिधि के अध्यक्षता में चयन किया जाता है लेकिन दलालों के द्वारा चयन के पहले ही शुरू निम्न पदाधिकारी के दलालों के द्वारा पैसे की उगाई जैसे खबरों का प्रकाशन पत्र एवं समाचार पत्रों के माध्यम से होने लगता है जिसके कारण पदाधिकारी को बहाली की प्रक्रिया में कठिनाई की सामना करनी पड़ता है और इसी कारण विगत कई वर्षों से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नरकटियागंज में नहीं हो पा रही है ।वही इस संदर्भ में बीसीएम राकेश कुमार से जानकारी ली गयी तो उन्होंने बताया कि हमारे आने के बाद विगत 2 साल के बीच में चार से पांच बार पंचायत के मुखिया को पत्र दिया गया लेकिन नरकटियागंज में दलालों द्वारा प्रतिनिधि को पूरी बात ना बताकर गलत बातों से अवगत कराकर बहाली प्रक्रिया में व्यवधान उत्पन्न किया जाता है जिस कारण बहाली की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाती है ।इस कारण प्रखंड क्षेत्र में स्वास्थ्य सबंधित कार्य मे एएनएम से लेकर ग्रामीणों को भी परेशनियों का सामना करना पड़ता है।

## प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए जिला प्रभारी मंत्री द्वारा बड़हरा और कोईलवर प्रखंड के कार्यकर्ता और आम जनता को दिया गया निमंत्रण

प्रात: किरण संवाददाता




आरा/बड़हरा/कोईलवर । बिहार सरकार के पंचायती राज सह भोजपुर जिला प्रभारी मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता रविवार को बड़हरा विधानसभा के आम जनता, एनडीए कार्यकताओ एवं पंचायत जनप्रतिनिधियों को आगामी 30 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के बिक्रमगंज मे होने वाले कार्यक्रम के लिए निमंत्रण दिया।

बड़हरा विधायक सह पूर्व मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व मे सलेमपुर, सरैया, सिन्हा मंडलो का कार्यकताओ और जनता के साथ बैठक हेमतपुर मध्य विद्यालय परिसर में किया गया।वहीं बड़हरा, बबुरा, कोईलवर उतरी मंडल एवं संदेश विधानसभा के कोईलवर प्रखंड के कोईलवर नगर एवं कोईलवर दक्षिणी मंडलो का बैठक राजापुर हाई स्कूल सभागार मे किया गया।

हेमतपुर मे कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दुर्गा राज एवं राजापुर मे जिला उपाध्यक्ष ई. धीरेंद्र सिंह ने किया।

बैठक के दौरान पंचायती राज सह जिला प्रभारी मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि 22 अप्रैल को पठानकोट मे पाकिस्तान परस्त आतंकवादियों द्वारा कायरना हमला कर हमारे माँ, बहनो का सिंदूर उजाड़ा गया था और अगले दिन मधुबनी मे प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि उक्त घटना का बदला आतंकवादियों से ऐसा लिया जाएगा जो उनके कल्पना से परे होगा।उसके बाद सभी लोग चर्चा कर रहे थेकि कब बदला लिया जाएगा।ठीक पन्द्रह दिनो के अंदर पाकिस्तान मे घुसकर भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर कर उनके नौ आतंकी ठिकानों को तहस नहस कर सौ आतंकवादियों को मार दिया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री जी पहली बार बिहार में शाहाबाद की धरती बिक्रमगंज मे आ रहे है।इसलिए उस कार्यक्रम का महत्व अधिक बढ़ जाता है।भोजपुर जिला में बड़हरा विधानसभा की भागीदारी किसी भी बड़े कार्यक्रम मे सबसे अधिक रहता है और मै बड़हरा की जनता को 30 मई को बिक्रमगंज जाने के लिए निमंत्रण देने आया हूँ। यह हमलोगों के लिए सौभाग्य की बात है कि चुनाव के पहले प्रधानमंत्री जी आ रहे है।इसलिए बड़हरा से हजारो-हजार की संख्या मे लोग समारोह में पहुंचे।

वही बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रभारी मंत्री को विश्वास दिलाया कि बड़हरा मे सभी तैयारियां कर ली गई है।प्रचार-प्रसार हो रहा है। सभी छह मंडलो के कार्यकर्ता और आम जनता मे प्रधानमंत्री जी को सुनने के व्याकुलता है और स्वतः समारोह मे जाने के लिए तैयार है।बड़हरा विधानसभा से सबसे अधिक लोग बिक्रमगंज जाएँगे।

हेमतपुर मे जिलाध्यक्ष दुर्गा राज और राजापुर मे किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मनोज सिंह ने प्रधानमंत्री जी कार्यक्रम मे जाने का आह्वान किया।

हेमतपुर कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, ई. धीरेन्द्र सिंह, बड़हरा विधानसभा प्रभारी संजय कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष धनंजय तिवारी, युवा नेता गुड्डू सिंह बबुआन, बड़हरा विधानसभा संयोजक धीरज सिंह, सरैया मंडल अध्यक्ष करोड़पति सिंह, सलेमपुर मंडल अध्यक्ष दीपक तिवारी, सिन्हा मंडल अध्यक्ष गोबिन्द साह सहित एनडीए कार्यकर्ता और ग्रामीण जनता शामिल थे।

## भटकेश्वरी गांव में गैंगरेप के बाद नाबालिग युवती की हत्या समाज के लिए शर्मनाक: सुधांशु रंजन राजद का प्रतिनिधि मंडल भटकेशरी गांव के पीड़ित परिवार से मिला

प्रात: किरण संवाददाता



जलालपुर ।प्रखंड के भटकेश्वरी गांव की 10 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ गैंग रेप के बाद हत्या की घटना के बाद सारण जिला राजद की ओर से बिहार विधान परिषद के पूर्व प्रत्याशी सुधांशु रंजन के नेतृत्व में गठित टीम ने पीड़ित परिवार से मिलकर घटना की कड़ी निंदा किया है। टीम के सदस्यों ने संयुक्त रूप से उक्त घटना की जितना भी निंदा करते हुए दोषियों को शीघ्र फांसी की सजा देने की मांग प्रशासन से किया गया है। वहीं पीड़ित परिवार को राहत के रूप में अनाज और नकद राशि प्रदान किया गया है। जबकि परिवार के घर से ही दूरभाष पर सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष, जलालपुर प्रखंड के बीडीओ और थाना प्रभारी से वार्ता किया गया।

इस संबंध में सुधांशु रंजन ने बताया कि जलालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भटकेसरी गांव में नाबालिग बच्ची के साथ घटित गैंगरेप की घटना के बाद उक्त स्थल का सारण के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डी आई जी) नीलेश कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक (एस एस पी) डॉ कुमार आशीष, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शिखर चौधरी के द्वारा संयुक्त रूप निरीक्षण किया गया है। हालांकि त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल कुल पांचों आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया गया। सारण पुलिस के लिए यह बड़ी कामयाबी है। हालांकि छपरा के भटकेश्वरी गांव में गैंगरेप के बाद युवती की हत्या के मामले ने पूरे बिहार को झकझोर कर रख दिया है। इस दर्दनाक घटना के विरोध में राजद नेताओं ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और मामले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने बिहार सरकार पर कानून- व्यवस्था को लेकर तीखा हमला बोला और कहा कि राज्य में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। राजद नेताओं ने दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाने की मांग की है। स्थानीय लोगों में भी भारी आक्रोश और भय व्याप्त है।

टीम में जलालपुर प्रखंड राजद अध्यक्ष श्रीराम राय, वैश्य महासभा के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र साह मुखिया, व्यवसायिक प्रकोष्ट के प्रदेश महासचिव विष्णु गुप्ता, जितेन्द्र मांझी, विकास सिंह, मंतोष राय, दीपक कुमार सिंह, रंजन तिवारी, मोहम्मद अख्तर और आस महम्मद सहित कई अन्य राजद नेता उपस्थित रहे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना,सोमवार ,26 मई 2025



## विधानसभा चुनाव को लेकर अलर्ट रहे थाने के अधिकारी :डीएसपी

कुर्था (अरवल) आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अलर्ट रहे थाने के अधिकारी व पुलिसकर्मी चुनाव के दौरान थाना क्षेत्र के जिन-जिन मतदान केंद्रों पर किसी भी प्रकार के घटनाएं मतदान के दौरान हुई है वैसे मतदान केंद्रों को चिन्हित कर रिपोर्ट दें। उक्त बातें रविवार को कुर्था थाने का निरीक्षण के दौरान अरवल डीएसपी कृति कमल ने कही। वही निरीक्षण के क्रम में डीएसपी कृति कमल ने थाने में रखे अपराधिक पंजी, वारंटी पणजी, गुंडा पणजी, समेत विभिन्न अभिलेखों का गहनता पूर्वक अवलोकन किया साथ ही थाने के लंबित कांडों को शीघ्र निष्पादन करने फरार अपराधियों की गिरफ्तारी उसे समय कई प्रकार के आवश्यक निर्देश भी दिए।

वहीं उन्होंने पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर जिले के सभी पुलिस अधिकारियों को अलर्ट रहने को कहा गया है साथ ही वैसे मतदान केंद्र जहां पूर्व के दिनों में मतदान के दौरान अप्रिय घटना घटित हुई है

# पति की लंबी उम्र की कामना के लिए महिलाएं करती है बट सावित्री पूजा

## आज सुहागीन महिलाएं करेगी बट सावित्री पूजा का अनुष्ठान

➤ पूजा का मुहूर्त सुबह 11:25 से शाम 4:25 बजे तक

प्रातः किरण संवाददाता



कुर्था (अरवल) वट सावित्री व्रत 26 मई सोमवार को मनाया जाएगा। यह व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। महिलाएं इस दिन व्रत रखकर वट वृक्ष की पूजा करती हैं। वे अपने पति की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना करती हैं। यह पर्व ज्येष्ठ मास की अमावस्या को मनाया जाता है। मिथिला पंचांग के अनुसार पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 11:02 से दोपहर 1:00 बजे तक रहेगा। बनारसी पंचांग के अनुसार यह मुहूर्त सुबह 11:25 से शाम 4:25 बजे तक है। विवाहित महिलाएं अखंड सौभाग्य की कामना से यह व्रत विधिपूर्वक करती हैं। सनातन धर्म में वट वृक्ष को जीवन का प्रतीक माना गया है। पौराणिक कथा के अनुसार सावित्री ने अपने पति सत्यवान को यमराज से वापस पाया था। महिलाएं वट वृक्ष के चारों ओर कलावा बांधती हैं और पति की दीर्घायु की प्रार्थना करती हैं। वैवाहिक जीवन की समस्याओं से मुक्ति के लिए इस दिन पति के साथ वट वृक्ष की 21 बार परिक्रमा करने की मान्यता है। वृक्ष के नीचे घी का दीपक जलाकर पूजा की जाती है। ऐसा करने से दांपत्य जीवन में सुख-शांति आती है।

### क्या कहते है पुरोहित

प्राचीन प्राचीन सूर्यमंदिर सूर्यमंदिर कुर्था के पुजारी सतीश पांडेय ने बताया कि पूजा के लिए एक बांस की टोकरी में पूजन सामग्री रखें। इसमें बस का पंखा और भगवान शिव की तस्वीर अवश्य होनी चाहिए। वट वृक्ष के पास जाकर पंचोपचार विधि से पूजा करें। गंगाजल, कच्चा दूध, चावल और नवेद्य अर्पित करें। साथ ही रोली, चंदन, अक्षत, पान, सुपारी, फूल, फल और चना भी चढ़ाएं। इसके बाद वट वृक्ष की 21 या 11 बार रोली लपेटकर परिक्रमा करें। पूजा के बाद वट सावित्री की कथा सुनना जरूरी है। इस दिन दान का भी विशेष महत्व है। श्रृंगार की वस्तुएं और चना अवश्य दान करें। नई नवेली दुल्हनें लाल वस्त्र पहनकर ही पूजा करें। ऐसा करने से अखंड सौभाग्यवती का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

# केंद्रीय मंत्री ने की प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा

## आतंकी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करने पर हुआ संघर्ष विराम-मांझी

प्रातः किरण संवाददाता



गया।आज अपने आवास गया मे केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने महागठबंधन पर निशाना साधा है।उन्होंने कहा कि ह्यमाई बहिन मान योजना लाने की बात कहने वाले खुद इज्जत लूट रहे हैं आगे उन्होंने भारत पाकिस्तान संघर्ष विराम पर भी बयान दिया है। आगे उन्होंने कहा कि तेज प्रताप यादव के सोशल मीडिया हैक और विरोधी की साजिश बताने पर कहा कि जांच का विषय है। सोशल मीडिया पर गर्लफ्रेंड के साथ वायरल फोटो और रिलेशनशिप पोस्ट जग जाहिर है। प्रधानमंत्री कि तारिफ करते हुए कहा कि पीएम मोदी का संकल्प 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है।जीतन राम मांझी ने कहा कि पीएम मोदी का विजन आर्थिक अनुशासन है।वही ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ल पर उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान के नागरिकों को कोई क्षति नहीं पहुंचाया है।पहलगाम हमले का जवाब आतंकियों को मारकर लिया गया है।

बिहार की धरती से पीएम मोदी ने सबक सिखाने का संकल्प लिया था। पाकिस्तान की जनता से भारत को कोई मतलब नहीं है।मतलब सिर्फ केवल आतंकियों से है।भारतीय सेना ने आतंक पर प्रहार किया है.ह्लसंघर्ष विराम इसी शर्त पर हुआ कि हम आतंकी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करेंगे।हमला होने की सूरत में आगे कि करवाई एवं जवाब दिया जाएगा।सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को भारत का रुख साफ करने के लिए विदेश भेजा गया है.ह्ल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को ह्यपलटूह्ल बताए जाने पर उन्होंने कहा कि राजद को सिर्फ सत्ता परिवर्तन से मतलब है। इसलिए फालतू का पोस्टर जारी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 20 वर्षों से सरकार चला रहे हैं. 2025 का चुनाव मुख्यमंत्री के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। उन्होंने एनडीए गठबंधन को 225 सीट मिलने की उम्मीद जताई है।


# देश के ह्रदय की बात है पीएम की मन की बात कार्यक्रमः मंत्री

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की मन की बात शहर के कुंडा हाउस शुभम इंटरनेशनल होटल में बिहार सरकार के गन्ना उद्योग विभाग के मंत्री श्री कृष्णनंदन पासवान के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने सुना।कार्यक्रम का संयोजन भाजपा नेता अनिल सिंह एवं पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने किया।कार्यक्रम में पीएम मोदी ने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ल पर चर्चा करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि यह बदलते भारत की तस्वीर है।उन्होंने इसे भारत के संकल्प, साहस और वैश्विक मंच पर बढ़ती ताकत का प्रतीक बताया। मोदी ने जोर देकर कहा कि आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है और उसे जड़ से खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उनका यह संदेश देश की सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय चेतना की दिशा में एक नए युग की शुरूआत का संकेत माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ यह कार्रवाई दुनिया के लिए संदेश है कि भारत अब हर चुनौती का जवाब देने में सक्षम है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने न सिर्फ सुरक्षा बलों की बहादुरी को दिखाया, बल्कि यह भी साबित किया कि भारत आत्मनिर्भर सैन्य शक्ति बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने यह भी साझा किया कि ऑपरेशन के बाद देशभर में देशभक्ति की लहर दौड़ गई बच्चों ने चित्र बनाए, युवाओं ने कविताएं लिखीं, और कई शहरों में तिरंगा यात्राएं निकाली गईं।कुछ परिवारों ने अपने नवजात शिशुओं का नाम भी ह्यसिंदूरह्ल रख दिया, जो देश की भावना को दशार्ता है। कार्यक्रम में शामिल बिहार सरकार के गन्ना एवं उद्योग मंत्री श्री कृष्णनंदन पासवान ने कहा कि हमारी सरकार राष्ट्रीय एकता के प्रति दृढसंकल्पित है।विगत दशक में भारत ने अपने कुशल नेतृत्व से सम्पूर्ण विश्व का ध्यान आकर्षित किया है। देश हर मामले में निरन्तर आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष अधिवक्ता इंद्रदेव यादव,जिला उपाध्यक्ष दीपक कुमार ,नगर मंडल अध्यक्ष आदि थे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की, जिसमें लोगों से अपनी माताओं के सम्मान में एक पेड़ लगाने का आग्रह किया:डॉ मनीष पकंज मिश्रा

प्रात: किरण, संवाददाता



गया।भाजपा किसान मोर्चा के रचनात्मक प्रकोष्ठ के सहसंयोजक डॉ मनीष पंकज मिश्रा के द्वारा देश को ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के 122 में मन की बात बूथ संख्या 200 पर सुना गया देश को ओजस्वी प्रधानमंत्री ने हाल ही में सफल रहे ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की, जिसे आतंकवाद के खिलाफ एक निर्णायक कदम बताया है। उन्होंने इस ऑपरेशन में भारतीय सेना की बहादुरी और मेड इन इंडिया रक्षा तकनीकों की भूमिका को रेखांकित किया, जो देश की आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री ने ग्रामीण महिलाओं द्वारा ड्रोन तकनीक के उपयोग की सराहना की, जिन्हें उन्होंने ड्रोन दीदी और आसमान की योद्धा कहा है। उन्होंने बताया कि ये महिलाएं कृषि में आधुनिक तकनीकों को अपनाकर एक नई क्रांति ला रही हैं, जिससे खेती अधिक कुशल और लाभकारी बन रही है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रधानमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की, जिसमें लोगों से अपनी माताओं के सम्मान में एक पेड़ लगाने का आग्रह किया गया है। उन्होंने बताया कि शेरों की संख्या 674 से बढ़कर 891 हो गई है, जो वन्यजीव संरक्षण में प्रगति का संकेत है।प्रधानमंत्री ने नीति आयोग की 10वीं बैठक में राज्यों के मुख्यमंत्रियों से टीम इंडिया की की अपील की। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर देश के विकास को नई गति दे सकती हैं। इस बैठक में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता पर चर्चा की गई है। इस अवसर पर डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि देश ओजस्वी प्रधानमंत्री की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा की मन की बात से बहुत चीजों का प्रेरणा मिलता है आज मन की बात सुनने वाले हैं राणा रणजीत सिंह,पूर्व मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, गोपाल प्रसाद यादव, राखी अग्रवाल,अमन सिन्हा , बबलू मिश्रा, वीरू कुमार, अमन सैनी, अभिषेक कुमार,हीरा यादव, महेश कुमार, बबलू गुप्ता, मंटू कुमार,विजय प्रसाद उर्फ काला नाग,मिस्टर अजीम सहित दर्जन लोग शामिल थे

## 30 मई को होगी तीसरी पुण्यतिथि पर काव्य गोष्ठी

औरंगाबाद।जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सांगीतिक संस्था दानिका संगीत महाविद्यालय के तत्वावधान में दानी विगहा स्थित दानिका के प्रधान कार्यालय में दानिका के संस्थापक यमुना राम जी की तीसरी पुण्यतिथि 30 मई को मनाया जाएगा।

इस आशय की जानकारी देते हुए दानिका के डायरेक्टर डॉ रविंद्र कुमार एवं प्रवक्ता सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि पुण्यतिथि के अवसर पर काव्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है।विदित हो कि यमुना राम जी उच्च कोटि के कलाकार एवं औरंगाबाद में सांगीतिक परंपरा के संवाहक थे।

# मन की बात में ड्रोन दीदी जैसे अभियानों से महिलाओं के सशक्तिकरण को नई ऊंचाइयों की चर्चा

■ एक पेड़ मां के नाम जैसे नवाचारों से प्रधानमंत्री ने पर्यावरण और मातृत्व दोनों का सम्मान किया: राजेंद्र प्रसाद

प्रातः किरण संवाददाता

गया।पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा कि देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी जी के 122वीं मन की बात में उन्होंने राष्ट्र को प्रेरणा, सेवा और आत्मनिर्भरता का संदेश दिया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से देश की रक्षा शक्ति, साहस और



मेक इन इंडिया के बल को विश्व पटल पर गौरवशाली रूप में प्रस्तुत किया।

राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री ने ड्रोन दीदी जैसे अभियानों से महिलाओं के सशक्तिकरण को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। एक पेड़ मां के नाम जैसे नवाचारों से प्रधानमंत्री ने पर्यावरण और मातृत्व दोनों का सम्मान किया।

उन्होंने कहा कि मन की बात न केवल संवाद का माध्यम है, बल्कि यह देशवासियों के दिलों को जोड़ने वाला एक जन-आंदोलन बन चुका है। सेवा, सुरक्षा और सम्मान की भावना से प्रेरित होकर प्रधानमंत्री जी ने तिरंगा यात्रा, सेवा पखवाड़ा और राष्ट्र निर्माण की दिशा में आमजन को जोड़ा है। यह मन की बात बूथ नंबर 66 पर सुना गया।

## विधिक सेवा के तहत श्रमिक कानून योजना के तहत दी गई जानकारी

प्रात: किरण संवाददाता

शेरघाटी।प्रखंड क्षेत्र के चिताब कला पंचायत में बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष मदन किशोर कौशिक के आदेशानुसार एवम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम सह अध्यक्ष लवकुश कुमार के मार्गदर्शन में अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति, शेरघाटी के बैनर तले आज दिनांक 25-05-25 रविवार को असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को कानूनी सेवा योजना 2015 विषय पर ग्रामीणों को जानकारी दी गई।

इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता सुनील अग्रवाल ने बताया की सीएम स्वनिधि योजना में शहर के असंगठित क्षेत्र के कामगारों को सरकार की सहायता से बैंकों से लोन मिलेगा। योजना में 18 से 60 वर्ष की उम्र वाले लोग इस योजना के लिए पात्र होंगे।

इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति कर्मचारी मनीष प्रकाश ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को कानूनी सेवा योजना 2015 विषय पर जानकारी दी। इस दौरान विधिक सहायता, लोक अदालत के फायदे, नालसा हेल्प लाईन नम्बर 15100 एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए कानूनी सेवा योजना विषयों पर जानकारी दी गई।

## अवैध नर्सिंग होम संचालित करने वाले दो गिरफ्तार ,भेजे गए जेल

शेरघाटी।शहर में अवैध नर्सिंग होम संचालित किए जाने के मामले में शेरघाटी पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है, थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध नर्सिंग होम संचालित किया जा रहा था, जिसमे पुलिस ने छापेमारी करते हुए अर्जुन कुमार महमदपुर एवम सुषमा देवी जुड़ी बाँकेबाजार वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि शहर में लगातार चल रहे नर्सिंग होम के खिलाफ पुलिस की पहली नजर है और उसे पर कार्रवाई की जा रही है।

## ड्यूटी के दौरान चौकीदार दफादार करें ड्रेस कोड का पालन : डीएसपी

कुर्था (अरवल) स्थानीय थाना परिसर में रविवार को थाना क्षेत्र के विभिन्न चौकीदारों व दफादार को अरवल डीएसपी कृति कमल के द्वारा चौकीदारी परेड कराया गया। इस दौरान डीएसपी कृति कमल ने कहा कि ड्यूटी के दौरान चौकीदार व दफादार ड्रेस कोड का पालन करें साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से ही अपने-अपने क्षेत्र में अलर्ट रहे साथ ही शराब कारोबारी शराबी पर नजर बनाए रखें वही अपने-अपने क्षेत्र में वैसे सामाजिक तत्वों पर नजर रखे जो आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान किसी प्रकार का अशांति फैलाना चाहते हो वैसे लोगों को चिन्हित कर थाने को रिपोर्ट दें। ताकि समय रहते उसे पर कार्रवाई किया जा सके वहीं उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में शराबी शराब कारोबारी पर समय समय पर तमाम गतिविधियों पर नजर रखें और इसकी तत्काल सूचना स्थानीय थाने को दें। इस मौके पर चौकीदार दफादार संघ के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार अकेला उर्फ दारा सिंह, उमाकांत सिंह, कमल यादव, विनोद यादव समेत कई चौकीदार व दफादार शामिल थे।

## विकास के नाम पर सरकार के लोग व जिले के दोनों विधायक जनता के साथ जुमला बाजी कर रहे हैं :मनोज

अरवल। विकास मंच के अध्यक्ष मनोज सिंह यादव के अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया बैठक के बाद प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया प्रेस वार्ता में अरवल विकास मंच के अध्यक्ष रेलवे संघर्ष समिति के मुख्य संयोजक मनोज सिंह यादव ने बताया कि अरवल जिला में विकास के लिए एनडीए और महागठबंधन के लोग प्रेस के माध्यम से अपने-अपने उपलब्धि बता रहे हैं जो अरवल की जनता को छलावा लग रहा है चुनावी लॉलीपॉप 2025 के विधानसभा के चुनाव के लिए अनेक हथकंडे अपनाए जा रहे हैं अरवल के जनता के द्वारा अरवल के समस्या को रखते हुए मनोज सिंह यादव ने कहा कि चुनावी जुमलेबाजी से काम नहीं चलेगा अरवल विधायक कुर्था विधायक एवं बिहार की सरकार के जदयू एवं भाजपा के पार्टी के नेता गन के द्वारा हाल ही में सड़क शिक्षा स्वास्थ्य एवं अन्य सवालों पर प्रचार किया जा रहे हैं मनोज सिंह यादव ने कहा कि सड़क का हालत पूरे बिहार में अरवल जिला का सबसे खस्ता है जैसे --अरवल में महुआ बाग रोड रामपुरवैना रोड प्यारेचक रोड मखदूमाबाद रोड सौरवती रोड दूना छपरा रोड पिपरा बांग्ला रोड फखरपुर रोड नोनिया बीघा रोड रामलगन बीघा रोड राजा बीघा रोड। कलेर प्रखंड में सरवरपुर रोड तुर्क तेलपा रोड जलवाइया रोड निरंजनपुर रोड जमुहारी रोड वदेर्ली बीघा रोड नाथ खसरा रोड भगवानपुर रोड मधु शर्मा चौकी रोड नवादा रोड सरवरपुर से बुधन बीघा रोड परशुरामपुर रोड सहाय बीघा रोड सेंधवा शतपुरा रोड महादेव बीघा रोड मधुसूदन चौकी रोड आगग्नूर रोड चंदा रोड बेलसर रोड कंचन बीघा रोड बंधु बीघा रोड वदेर्ली बीघा रोड बुलाकी बीघा रोड हृदय चक्र रोड सोहसा रोड। प्रखंड करपी में महरिया रोड कसौटी रोड रोही मंझोपुर रोड परसन बीघा कृपा बीघा रोड निर्गुण बीघा श्रीराम बीघा रोड पीढ़ो बभबई रोड आँकोपुर रोड रामनगर रोड मखमिलपुर से धरने रोड उसरी बभबई रोड कुबरी रोड भादसी से पुराण रोड चैनपुर रोड महावीर गंज रोड अत्ताउल्लाह खान परियारी रोड उसरी पांडे चक बहेलिया बीघा रोड सम्मानपुर बद्दो रोड बसटाड रोड आषाढी रोड पूर्णिया शेख रोड शेरपुर से रसूलपुर रोड प्रखंड कुर्था में इब्राहिमपुर रोड तक।

१लारी रोड बसंतपुर रोड के मदार्चक से कुबरी रोड नयनसुख बीघा रोड हरपुर सच्चाई रोड छटोरी रोड मोतीपुर रोड निगम से बेलदारी बीघा रोड नरगा रोड मानिकपुर से कोनी रोड बनारसीबिधा से गंगापुर मथुरा रोड डकरा रोड पिंजरामा से गांगियापुर रोड सिमवारा रोड पंडोल रोड मिजार्पुर रोड निरंजन बीघा रोड धमाल रोड गंगिया से मूसारी रोड बिशनपुर जहांगीरपुर रोड मौलाना चक रोड मिजार्पुर से डकार रोड पाठक बीघा से सरैया रोड

प्रखंड सोनभद्र बंशी सूरजपुर में गाजीपुर रोड उपहरा से सेनारी रोड सेनारी खटंगी रोड खटंगी रोड खडासीन पहरपुरा रोड कुमार्वा महादेव बीघा रोड कुर्मी बीघा बहावलपुर रोड मलियाकरणजा रोड बरबीघा रोड देवी बीघा रोड माझियावां सेनरी रोड।

# स्वस्थ मंत्री का दाउदनगर में स्वागत अभिनंदन



प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। दाउदनगर पटना रोड स्थित पिल्छी मोड के पास बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता, बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पांडेय का भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष संजय मेहता जी के नेतृत्व में एनडीए कार्यकताओं द्वारा फूलों की माला व अंग वस्त्र एवं राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ भेंट कर भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। आपको ज्ञात है कि दाउदनगर अनुबंडलीय अस्पताल में 31 नए अस्पताल का शिलान्यास करने आए माननीय मंगल पांडे जी ने एनडीए कार्यकताओं का आभार जताते हुए कहा कि एनडीए के कार्यकर्ता ऊजार्वान एवं कर्मिष्ठ है इनके बदौलत ही पुणे 2025 में 225 से अधिक सीटों पर जीत हासिल कर पूर्ण बहुमत की सरकार पुनः एनडीए की बनेगी। इस अवसर पर श्री मेहता ने कहा कि माननीय मंगल पांडे पूर्व में प्रदेश अध्यक्ष रहते इन्होंने जो कार्यकताओं का मान सम्मान दि थे कार्यकर्ता आज भी भूल नहीं है। इनका इनका व्यक्तित्व सरल एवं सहज है इस अवसर पर दाउदनगर नगर मंडल के अध्यक्ष श्याम पाठक, जिला उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय,पूर्व जिला प्रवक्ता सुनील शर्मा,प्रहलाद कांस्कार, शमशेर नगर मंडल के पूर्व अध्यक्ष राकेश पांडे, पूर्व अध्यक्ष जगन्नाथ शर्मा, ग्रामीण मंडल के उपाध्यक्ष शंभू मेहता, मिथलेश कुशवाहा, समाजसेवी सतीश कुमार रजनीश शर्मा इत्यादि दर्जनों एनडीए कार्यकर्ता शामिल हुए।

# विष्णु धाम के त्रि संकट निवारण वृक्ष के पास बट सावित्री पूजा करने से विशेष फल की प्राप्ति

प्रातः किरण संवाददाता



औरंगाबाद। औरंगाबाद जिले का वैष्णवी परंपरा का प्रमुख तीर्थ स्थल विष्णु धाम के प्रांगण में अवस्थित त्रिसंकट निवारण वृक्ष के पास वट सावित्री पूजा के मौके पर 26 मई को श्रद्धालु भक्त विशेष पूजा अर्चना करेंगे। इस संदर्भ में विष्णु धाम के वर्तमान महंत बाल्कानंद ब्रह्मचारी ने बताया कि मोक्षदायिनी पुनपुन एवं पुण्यदायिनी बटाने के संगम तट पर अवस्थित विष्णु धाम के प्रांगण में यह अत्यंत ही दुर्लभ वृक्ष है जो एक ही जगह पर तीनों वृक्ष एक दूसरे से जुड़े हुए हैं बट वृक्ष, पीपल वृक्ष एवं पांकड का वृक्ष तीनों का एक साथ एक जगह पर प्रस्फुटित होकर वृक्ष का विशाल रूप बनना अत्यंत थी दुर्लभ संयोग का परिचायक है। पूर्व के महंत ने इस स्थान का नाम त्रि संकट निवारण स्थल बताया और इस त्रि संकट निवारण वृक्ष के नीचे बट सावित्री व्रत के दिन किए गए पूजा पाठ विशेष फलदाई होते हैं। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि प्रकृति का अद्भुत तीर्थ स्थल विष्णु धाम है । जिसके परिसर में विभिन्न देवी देवताओं की अलौकिक एवं दिव्य मूर्तियां स्थापित है। इसी कड़ी में यह स्थल भी है जिसे त्री संकट निवारण वृक्ष के नाम से जाना जाता है जो त्रिदेव का प्रतीक ब्रह्मा विष्णु महेश है।तीन लोक का प्रतीक है इनके पूजा से तीन ताप दैहिक दैविक भौतिक से मुक्ति मिलती है। तीन दोषों का निवारण होता है शरीर में फैलने वाले जो तीन प्रकार के वात पित्त कफ जैसे दोष होते हैं उनसे मुक्ति मिलती है यह अत्यंत ही दुर्लभ जगह है। बट सावित्री पूजा के दिन श्रद्धालु महिलाएं यहां विशेष पूजा अर्चना करती हैं शास्त्रों में वर्णन है भगवान कृष्ण कहते हैं कि मैं वृक्ष में पीपल हूं इस दिन तांबे के लोटे में जल रखकर कच्चा दूध मिलाकर बताशा डालकर इस वृक्ष के नीचे अर्पित करने से आर्थिक तंगी दूर होती है महिलाएं कच्चा सूता लपेटकर तीन परिक्रमा करती हैं उनके पति की आयु लंबी होती है।घर में सुख शांति बरकरार रहती है।

# वेदान्तु ने गया में किया अपने एक्सक्लूसिव कोचिंग सेंटर का भव्य उद्घाटन, बच्चों को मिलेगी बेहतर शिक्षा

प्रातः किरण संवाददाता



गया : वेदान्तु कोचिंग सेंटर का गया क्षेत्र में सफलता का आगाज करते हुए गया के स्वराजपुरी रोड स्थित श्री विष्णु कान्ति कॉम्पलेक्स प्रथम तल्ला नियर विक्टर एक्सरे रोड में नए ब्रान्च का शानदार शुभारंभ किया. इस वेदान्तु कोचिंग सेंटर का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. मधु प्रिया, ज्ञान भारती वल्ड स्कूल एवं राजू वर्णवाल जदयू नगर अध्यक्ष व अवधेश कुमार सिंह डारेक्टर बी आइटी और विकास शाह तेज टॉवर के डायरेक्टर, गया के फ्रैंचाइज पार्टनर अभय कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है।इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. मधु प्रिया ने कहा कि वेदांतु द्वारा शहर में अपने ब्रांच की शुरूआत की गई है, इसके लिए मैं इनको धन्यवाद देती हूं. इस तरह के संस्थान की गया में जरूरत थी, क्योंकि यहां बच्चों की संख्या काफी ज्यादा है. इस ब्रांच के खुलने से बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलेगी. साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में भी व्यापक बदलाव होगा, जो भी बच्चे यहां अध्ययन करेंगे, उन्हें अपने जीवन के मुकाम को हासिल करने में काफी मदद मिलेगी. मैं अपनी शुभकामनाएं संस्थान के लोगों को देती हूं।

जदयू महानगर अध्यक्ष राजू बरनवाल ने कहा कि वेदांतु संस्थान से जुड़े लोगों को हम हार्दिक बधाई देते हैं कि उन्होंने मगध की इस धरती पर इस संस्थान को शुरू करने का कार्य किया है। निश्चित रूप से ये लोग बधाई के पात्र हैं. इन्होंने मगध की धरती में चार चांद लगाने का कार्य किया है. बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी ऐसी, हमारी आशा है. साथ ही हम अभिभावकों से भी कहना चाहेंगे कि वे अपने बच्चों के भविष्य को लेकर अपनी सहभागिता निभाएं. खासकर निलेश कुमार जिन्होंने गया में कई संस्थान की शुरूआत की है, इसके लिए हम उन्हें धन्यवाद देते हैं. वही वेदांतु संस्थान के प्रोग्राम हेड ने बताया कि वैसे तो बड़े शहरों में अच्छे फैकल्टी मिल जाते हैं लेकिन छोटे शहरों में दिक्कत होती है. ऐसे में हमारा प्रयास होगा कि बच्चों को अच्छे फैकल्टी उपलब्ध कराये।

मुख्य रूप से संस्थान के माध्यम से बच्चों को आइ आइ टीऔर नीट की शिक्षा दी जाएगी, ऐसे में हमारा प्रयास होगा कि बेहतर फैकल्टी के साथ बेहतर शिक्षा बच्चों को उपलब्ध कराएं।

## ब्राजील में ब्रिक्स संसदीय मंच में शामिल होंगे सांसद विवेक ठाकुर



गया।आगामी 3 जून से ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया में 11वाँ ब्रिक्स संसदीय मंच का आयोजन होना है। इस ब्रिक्स संसदीय मंच में शामिल होने 5 सदस्यीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल वहां जा रही है। जिसका नेतृत्व लोकसभा स्पीकर ओम बिरला करेंगे। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में बिहार से नवादा सांसद विवेक ठाकुर भी फोरम में शामिल होने ब्राजील जायेंगे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## किशोरी को अगवा करने का आरोप और वाहन से बैटरी चोरी की वारदात

पटना सिटी । मालसलामी थाना में एक किशोरी को बहला कर अगवा किए जाने का मामला दर्ज कराया गया है। दूसरी और आलमगंज थाना क्षेत्र के बिस्कोमान कॉलोनी स्थित काली मंदिर के पास से ई-रिक्शा से बैटरी चोरी कर ली गई। मालसलामी थाना क्षेत्र से किशोरी को अगवा किए जाने के बाद प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। किशोरी की मां ने पुलिस को बताया है कि उसकी पुत्री करीब 14 साल की सुबह नौ बजे घर में बिना कुछ बताए निकल गई। उसकी परिजनों और संबंधियों से लेकर जानने वालों के यहां खोजबीन की, मगर कुछ भी पता नहीं चला। इस दौरान पता चला कि रिकाबगंज के रहने वाले किशुनदेव राय के नाती 20 साल का पंकज कुमार के साथ मालसलामी की ओर किशोरी जाते देखी गई है। जब किशोरी के स्वजन के किशुनदेव राय के यहां पूछताछ करने गए, तो उन लोगों के द्वारा हम सबों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। स्वजनों ने पुलिस को बताया है कि पुत्री को पंकज कुमार द्वारा बहलाकर अगवा कर लिया गया है। पुलिस किशोरी की खोजबीन करने में जुटी है। दूसरी ओर आलमगंज थाना क्षेत्र के बिस्कोमान कॉलोनी स्थित काली मंदिर के पास घटना हुई है।

# एसएसबी जवानों ने भारी मात्रा में गांजा के साथ एक नेपाली व्यक्ति को किया गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता



मधुबनी । जयनगर एसएसबी जवानों ने भारी मात्रा में गांजा के साथ मामले में एक आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार किया। एसएसबी द्वारा मामले में की गई कार्रवाई को लेकर दी गई जानकारी के मुताबिक सशस्त्र सीमा बल 48वीं वाहिनी की भारत नेपाल सीमा चौकी हरने के जवानों द्वारा सीमा पर 900 ग्राम गांजा सहित एक नेपाली तस्कर को गिरफ्तार मामले में गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई 48वीं वाहिनी की भारत नेपाल सीमा चौकी हरने के जवानों की विशेष गश्ती टीम द्वारा भारत नेपाल सीमा सीमा स्तम्भ संख्या 280/32 के निकट, भारतीय क्षेत्र की तरफ लगभग 400 मीटर की दूरी पर एक सफल अभियान चलाया गया। यह जिसमें नेपाल से भारत में हो रही मादक पदार्थों की तस्करी को विफल करते हुए एक नेपाली नागरिक राम दुलार महतो उम्र 24 वर्ष गांव नकटाझिल थाना मइ नगर जिला धनुषा नेपाल से 900 ग्राम गांजा को जब्त कर गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई विवेक ओझा उप कमांडेंट प्रचालन 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा प्रदान की गई सटीक सूचना और उनके दिशानिर्देशन में की गई। जिससे गश्ती दल को त्वरित कार्रवाई में सफलता प्राप्त हुई। जब्त गांजा एवं गिरफ्तार तस्कर आरोपी को आवश्यक कार्रवाई हेतु हरलाखी थाना पुलिस को को सुपुर्द कर दिया गया है‌क इस सराहनीय कार्य हेतु गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने पूरी टीम की प्रशंसा करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया और सीमाओं की सुरक्षा में उनके योगदान को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। सशस्त्र सीमा बल 48वीं वाहिनी समस्त सीमावर्ती नागरिकों से अपील करती है कि वे नशे और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों से दूर रहें तथा राष्ट्रहित में सजग व जागरूक नागरिक के रूप में योगदान दें।सेवा, सुरक्षा और बंधुत्वह्व के मूलमंत्र के साथ सशस्त्र सीमा बल सीमाओं की सुरक्षा एवं क्षेत्रीय शांति बनाए रखने हेतु सदैव प्रतिबद्ध है।

## भारत निर्वाचन आयोग के सचिव मधुसूदन गुप्ता ने किया पश्चिम चंपारण में ईवीएम प्रथम स्तर जांच कार्य का निरीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता



बेतिया। भारत निर्वाचन आयोग के सचिव मधुसूदन गुप्ता द्वारा रविवार को पश्चिम चंपारण में चल रहे ईवीएम के प्रथम स्तरीय जांच कार्य का निरीक्षण किया गया। उन्होंने स्थल पर चल रहे सभी कार्यों का गहन अवलोकन किया और तकनीकी प्रक्रियाओं की समीक्षा की।

पश्चिम चंपारण जिला अंतर्गत एश्ट एवं प्रथम स्तरीय जांच दिनांक 24/5/25 से 16/06/2025 तक निर्धारित हैं। इस कार्य हेतु अमरेन्द्र कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को पर्यवेक्षक के रूप में नामित किया गया हैं जिनकी निगरानी में ईवीएम के प्रथम स्तरीय जांच कार्य बेतिया प्रखण्ड परिसर अवस्थित में चल रहा हैं। उक्त कार्य हेतु एश्ट एवं श्श्ढअळ की निमार्ता इकाई एउक्छ, हैदराबाद द्वारा 13 अभियंताओ की टीम को नामित किया गया है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी पश्चिम चंपारण दिनेश कुमार राय तथा पुलिस अधीक्षक डॉ0 शौर्य सुमन भी उपस्थित रहे। दोनों अधिकारियों ने कार्यों की अद्यतन स्थिति से सचिव महोदय को अवगत कराया।निरीक्षण के उपरांत गुप्ता ने की प्रक्रिया पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप बताया।

निरीक्षण के दौरान जिला स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। श्री गुप्ता ने उनसे संवाद किया और उनकी जिज्ञासाओं एवं शंकाओं का समाधान किया। उन्होंने सभी दलों को निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया का आश्वासन देते हुए बताया कि निर्वाचन आयोग सभी संबंधित पक्षों की सहभागिता एवं विश्वास के साथ स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्ध है।

निरीक्षण के दौरान अमरेन्द्र कुमार जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सह एफएलसी पर्यवेक्षक यसलोक रंजन अवर निर्वाचन पदाधिकारी, बेतिया सदर लाल बहादुर राय, उप निर्वाचन पदाधिकारी पश्चिम चंपारण सहित एफएलसी कार्य में प्रतिनियुक्त अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# वायु सेना संतोष यादव, किसान बाबूलाल यादव एवं त्रिबल यादव मृतकों को 2 मिनट का मौन रखकर दी गई श्रद्धांजलि

- अपराधी बेलगाम, जिला एवं राज्य में निरंतर हो रही हत्या की घटना घोर निंदनीय, नैतिकता का आधार पर सरकार को इस्तीफा देनी चाहिए - किरण देव यादव

प्रातः किरण संवाददाता




खगड़िया। फरकिया मिशन देश बचाओ अभियान के तत्वाधान में श्री युवक प्रखंड पुस्तकालय अलौली परिसर में गोछारी के वायु सेना संतोष यादव के ट्रेन दुर्घटना में मौत, परवत्ता सिराजपुर के किसान बाबूलाल यादव एवं अलौली के युवा किसान त्रिबल कुमार यादव की अपराधी द्वारा हत्या होने पर मृतकों के प्रति 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दिया गया।

अभियान के संस्थापक अध्यक्ष सह पंच सरपंच संघ जिला अध्यक्ष किरण देव यादव ने मृतकों के आत्मा की शांति हेतु प्रकृति से प्रार्थना किया । उनके आश्रितों के प्रति हार्दिक संवेदना सांत्वना व्यक्त किया तथा परिजन आश्रितों को 50 लाख रुपया मुआवजा देने एवं बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने की सरकार से मांग किया।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मानवाधिकार संघ के महासचिव ब्रजनंदन महतों, कांग्रेस नेता रामचंद्र यादव, युवा राजद जिला उपाध्यक्ष अनुज कुमार यादव, मिशन से जुड़े उपाध्यक्ष विष्णु देव यादव, संयुक्त सचिव जगनारायण वर्मा, फरकिया मिशन के हक्कर यादव, महेश्वर यादव, प्रकाश ठाकुर, रामशरण यादव, संजय पासवान आदि ने मृतक त्रियादव को कोटि-कोटि नमन किया।बुद्धिजीवी नागरिक मंच के अध्यक्ष किरण देव यादव ने जिले में हो रही निरंतर हत्या की घोर निंदा किया। बिहार के डबल इंजन भाजपा जदयू की सरकार में हत्या दर में काफी वृद्धि हुई है। अपराधी बेलगाम हो चुकी है। सरकार कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं। जनता त्राहिमाम है। अपराध बलात्कार शोषण दमन अन्याय अत्याचार का ग्राफ उच्चत्तम शिखर तक पहुंच चुका है।उन्होंने सरकार से नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने की मांग किया।

सामाजिक कार्यकताओं ने कहा कि जिले व राज्य में यादव सहित अन्य सरकार विरोधी जाति को चिन्हित कर टारगेट कर निरंतर हत्या की जा रही है जो दुखद है। आमजनों में आक्रोश व्याप्त है। जनता में आक्रोश का उबाल किसी भी वक्त सरकार के खिलाफ सड़कों पर फूटेगी एवं सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने में मददगार साबित होगा। एक-एक हत्या सरकार के ताबूत में कील साबित होगी।

# एसडीएम वीरेंद्र कुमार का सम्मान सह विदाई समारोह आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता



मधुबनी। जयनगर अनुमंडल मुख्यालय स्थित सामुदायिक प्रशिक्षण भवन के सभा कक्ष में निर्वतमान अनुमंडल पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार के स्थानांतरण होने पर सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विप्लव कुमार और संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव रंजन कुमार और सुमन शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। विदाई समारोह कार्यक्रम में उपस्थित अनुमंडल और प्रखंड के अधिकारियों, कर्मियों ,पुलिस अधिकारियों, और व्यवसायिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों , सामाजिक कार्यकताओं एवं गणमान्य लोगो ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के द्वारा निर्वतमान एसडीएम वीरेंद्र कुमार को मिथिला के पाग दुपट्टा, फूल ,माला, मिथिला पेंटिंग , अंग वस्त्र समेत अन्य उपहार देकर सम्मानित कर विदाई दी गई। कार्यक्रम में सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह, मुख्य पार्षद कैलाश पासवान, देवधा थाना अध्यक्ष प्रीति भारती, बासोपट्टी थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार , लदनिया , बासोपट्टी के पदाधिकारी , बीईओ पूनम राजीव, अनिरुद्ध ठाकुर, दीप शिखा , उद्धव कुंवर,राज कुमार सिंह, अनिल बैरोलिया, शिव शंकर ठाकुर, विमल मस्करा, राजेश गुप्ता, पवन यादव समेत विभिन्न विभाग के पदाधिकारी कई कर्मियों शिक्षकों जनप्रतिनिधियों गणमान्य लोगों गणमान्य उपस्थित थे। निर्वतमान एसडीएम वीरेंद्र कुमार के द्वारा चुनाव समेत विभाग के अन्य कार्यों में सफल और बेहतर कार्य करने वाले पदाधिकारी , कर्मियों, बीएलओ समेत शिक्षकों को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने एसडीएम वीरेंद्र कुमार के कार्यकाल की सराहना की और श्री कृष्ण गौशाला के कार्य , पर्व त्योहार में विधि शांति व्यवस्था की चर्चा की गई। लोगों की समस्याओं के समाधान और विधिव्यस्था बनाये रखने में अहम योगदान दिया।

अपने संबोधन में भावुक हुए एसडीएम वीरेंद्र कुमार ने अपने कार्यकाल के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने विकास कार्यों को गति देने में अधिकारियों, पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारीयों , सहकर्मियों, जनप्रतिनिधियों, आम लोगों से विधिव्यस्था बनायें रखने में काफी मिला सभी के सहयोग की सराहना करते हुए आभार जताया । उन्होंने कहा कि मिथिला लोग और बोल दोनों मीठी हैं।

## डीसीएलआर तरनिजा के स्थानांतरण होने पर अधिवक्ता संघ द्वारा सम्मान सह विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित




मधुबनी । जयनगर निर्वतमान डीसीएलआर तरनिजा के स्थानांतरण होने पर अनुमंडल एडवोकेट एसोसिएशन के द्वारा वकालत खाना परिसर में सम्मान सह विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष विजय कांत चौधरी और संचालन संघ के सचिव इंद्र कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित संघ के पदाधिकारी सदस्यों और अधिवक्ता के द्वारा निर्वतमान डीसीएलआर तरनिजा को पाग दोपट्टा फूल माला और अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गय। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने संबोधित करते हुए डीसीएलआर के कार्य काल की सराहना की और उनके उज्वल भविष्य बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। निर्वतमान डीसीएलआर तरनिजा ने भी अपने कार्यकाल अनुभव को साझा किया कार्यों के निष्पादन को लेकर सभी के सहयोग को लेकर धन्यवाद दिया।मौके पर बीडीओ राजीव रंजन कुमार, अधिवक्ता चंदेश्वर प्रसाद,श्याम किशोर सिंह, भरत कुमार रजक, कमलेश कुमार ठाकुर, ओम प्रकाश सिंह, राजेश कुमार महतो, कुमार राणा प्रताप सिंह, मुकेश कुमार, मिथलेश कुमार , कमलेश कुमार समेत संघ के कई पदाधिकारी सदस्यों और अधिवक्ता ने भाग लिया।

## राजद का तीन वार्ड में अध्यक्ष का हुआ चुनाव

पटना सिटी। पटना महानगर राष्ट्रीय जनता दल का सांगठनिक चुनाव 2025-28 का पटना साहिब विधानसभा के अंतर्गत रविवार को तीन वार्डों का चुनाव हुआ। मंसूरगंज में वार्ड 69 का चुनाव हुआ, जिसमें निर्विरोध कौशल किशोर कृष्ण निर्वाचित हुए। उनके वार्ड के निर्वाचन पदाधिकारी राकेश यादव थे। उन्होंने उनके नाम की घोषणा की। सिमली चकमुनि मालसलामी में वार्ड 70 और वार्ड 71 का चुनाव हुआ। वार्ड 70 के निर्वाचन पदाधिकारी शैलेन्द्र यादव और सहायक निर्वाचन पदाधिकारी मुन्ना जायसवाल की देखरेख में मो फिरोज निर्विरोध निर्वाचित हुए। वार्ड 71 में राम कुमार कुशवाहा निर्विरोध निर्वाचित किए गए। इस वार्ड के निर्वाचन पदाधिकारी कुणाल राणा थे। उन्होंने वार्ड 71 के चुने गए राम कुमार के नाम की घोषणा की। पटना साहिब विधानसभा के चुनाव प्रभारी मो साबिर अली ने निर्वाचित वार्ड अध्यक्ष को बधाई देते देते कहा कि वार्ड अध्यक्ष पार्टी का रीढ़ होता है। पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत कैसे हो, यह जिम्मेवारी आप लोगों की है। 2025 चुनाव को देखते हुए जल्द से जल्द बूथ और वार्ड कमेटी का गठन करें, ताकि बिहार का मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को बनाया जा सके। अपने वार्डों में माई बहन योजना की चर्चा भी करें। कार्यक्रम में बलराम चौधरी पूर्व प्रदेश महासचिव राजद, मो जावेद, मो साबिर अली, गिरीश यादव, सच्चिदानंद प्रसाद, सैयद मोइन उद्दीन, सैयद सिराजी हुसैन, मेंहदी हसन, दीपक कुमार, नीरज कुमार, ऋषि सिंह, सोनू कुमार आदि उपस्थित थे।

# बूथ जीतो, चुनाव जीतो संकल्प के साथ जदयू बूथ कमिटी गठित

प्रातः किरण संवाददाता



दरभंगा।आगामी बिहार विधान सभा आम चुनाव के मद्देनजर बिहार प्रदेश जदयू संगठन के निदेर्शानुसार पार्टी की सांगठनिक ढ़ांचा निचली इकाई बूथ कमिटी के गठन को न्यू पंडासराय स्थित दरभंगा जिला जदयू कार्यालय में अंतिम रूप दिया जा रहा है। बूथ जीतो, चुनाव जीतो संकल्प के साथ एक सशक्त बूथ कमिटी गठित हुई है। सभी सम्मानित विधान सभा प्रभारीगण एवं सम्मानित प्रखंड अध्यक्षगण युद्ध स्तर पर अपने अपने प्रभार क्षेत्र में कैम्प कर कार्य को अंजाम दिया है। ईश्वर मंडल जिलाध्यक्ष जदयू दरभंगा के नेतृत्व में तथा जिला संगठन प्रभारी केदार नाथ भंडारी के अवलोकन के साथ आवश्यक कागजात का निष्पादन किया गया।मौके पर विधान सभा प्रभारीगण संजीव कुमार झा, उमाशंकर कामत,जावेद अनवर, राज किशोर साफी , प्रमोद प्रभाकर एवं प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, विनोद कुमार चौधरी,घनश्याम राय, गोविंद मंडल आदि उपस्थित रहे।

## कलवार समाज ने सदस्यों ने किया एक दिवसीय राज्य स्तरीय महाधरना

पटना। बिहार में कलवार समाज को अति पिछड़ा वर्ग में शामिल करने के लिए कलवार समाज, पटना के गर्दनीबाग में एक दिवसीय राज्य स्तरीय महाधरना आयोजित किया। महाधरना का अध्यक्षता संगठन के संरक्षक डॉ पीके चौधरी ने किया।धरना को संबोधित करते हुए डॉ पीके चौधरी ने कहा कि जिस तरह बंगाल सरकार ने कलवार समाज को अति पिछड़ा वर्ग में सूचीबद्ध किया है, उसी तरह बिहार सरकार भी अति पिछड़ा वर्ग में सूचीबद्ध करते हुए जाति जनगणना में अलग से कोड निर्धारित करें।उन्होंने कहा कि इसके लिए हम लोग सरकार से आग्रह करते हैं की 3 महीने के भीतर आयोग द्वारा सर्वे करा कर इस समाज के सर्वांगिक विकास के लिए अति पिछड़ा वर्ग में सूचीबद्ध करें।

डॉ पी के चौधरी ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा सभी जातियों की गणना कर अलग-अलग कोड देकर अलग जाति के रूप में उसकी पहचान दे दी गई है ।

## बीसीए की विशेष आम सभा सम्पन्न, चुनावी प्रक्रियाओं से लेकर खिलाड़ियों के सम्मान तक लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

प्रातः किरण संवाददाता




पटना :- गोपाल विद्यार्थी । जिले के एक निजी होटल में रविवार को बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी की अध्यक्षता में विशेष आम सभा की बैठक आयोजित की गई। मौके पर आयोजित बैठक में बीसीए के निबंधित पूर्ण सदस्यों में से 30 सदस्य तथा पदर्थ समिति के 8 में से 7 सदस्य मौजूद रहे। बैठक में बीसीए उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष सहित राज्य के सभी जिला क्रिकेट संघों के प्रतिनिधियों और इंडियन क्रिकेटर्स एसोसिएशन के पुरुष एवं महिला खेल प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। इस विशेष आम सभा का प्रमुख उद्देश्य वर्ष 2025 से 2028 के कार्यकाल के लिए चुनाव प्रक्रिया को लेकर प्रस्तावित रूपरेखा को अंतिम रूप देना था। बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित सभी प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई और निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति सहित आवश्यक निर्णय सर्वसम्मति से पारित किए गए। निर्वाचन संबंधित प्रक्रिया हेतु पूर्व की बैठकों में लिए गए निर्णय की संतुष्टि करते हुए आगामी कार्यकाल हेतु सभी निर्णय के अनुपालन का निर्णय सम्पूष्ट किया गया। बैठक में घरेलू क्रिकेट के आयोजन, संचालन और प्रबंधन को लेकर भी गंभीर विमर्श किया गया। खासतौर पर आयु संबंधी धोखाधड़ी के मामलों को लेकर सदस्यों ने चिंता व्यक्त की और इसे रोकने के लिए ठोस उपायों की आवश्यकता पर बल दिया। विजिटिंग टीमों से संबंधित भुगतान प्रक्रिया को भी सभा द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई मौके पर हाल ही में निर्वाचित जिला संघों के पदाधिकारियों का स्वागत और सम्मान भी किया गया। बीसीए की ओर से ओम प्रकाश जायसवाल ने सभी नव-निर्वाचित प्रतिनिधियों को माला पहनाकर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल कार्यकाल की कामना की। सभा में यह भी निर्णय लिया गया कि पिछले वर्षों में बिहार क्रिकेट को देशव्यापी स्तर पर गौरव दिलाने वाली टीमों और खिलाड़ियों को एक विशेष समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, जिन खिलाड़ियों ने प्रतिष्ठित प्रदर्शन के पश्चात क्रिकेट से संन्यास लिया है, उन्हें भी इस समारोह में सम्मान प्रदान किया जाएगा और उनके प्रति धन्यवाद एवं सद्भावना प्रकट की जाएगी ।बीसीए की यह बैठक जहां संघ में चुनाव तथा संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक ठोस पहल थी, वहीं क्रिकेट के मैदान पर योगदान देने वाले खिलाड़ियों के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता का प्रतीक भी रही।

# 8 जून को सूढ़ी अधिकार महासम्मेलन को ले प्रदेश भर में तैयारियां जोरों पर

## हमारी ताकत तभी दिखेगी जब हम एक जुट होंगे : सुमन कुमार महासेठ







- सह संयोजक महिला सेल के रूप में सात महिला मनोनीत हुई : महिला सेल के प्रदेश संयोजक

अभय आर्या

पटना। पटना के बापू सभागार में होने वाले 8 जून को सूढ़ी अधिकार महासम्मेलन प्रदेश के सभी जिले और प्रखंड स्तर पर तैयारियां जोरों पर हैं। सम्मेलन को लेकर सूढ़ी जाति के लोगों में जोश उत्साह का माहौल है। इस महासम्मेलन को लेकर प्रदेश भर के लाखों लोगों 8 जून का इंतजार कर रहे हैं। इस महासम्मेलन के लिए रविवार को विभिन्न जिले और प्रखंड में बैठक हुई। जिला स्तरीय बैठक प्रमंडल संयोजक सह संयोजक की अध्यक्षता में हुई। संयोजकों ने महासम्मेलन की तैयारियों पर प्रकाश डाला तथा सभी खंडों के सह संयोजकों ने अपने प्रखंड स्तर पर बैठके की। जिन जिलों में बैठक हुई वह बिहार के भागलपुर, सहरसा के बैद्यनाथपुर , सारण ,मुंगेर, एवं विभिन्न प्रमंडल शामिल है।जिसमें भागलपुर, सहरसा के बैद्यनाथपुर में सुमन कुमार महासेठ शामिल रहें। आज पूर्णिया प्रमंडल के संयोजक अमित पूर्वे द्वारा डॉ एके गुप्ता मां पांचा देवी अस्पताल के सभा भवन में बैठक किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सुमन कुमार महासेठ पूर्व विधान पार्सषद शामिल होंगे। दूसरी बैठक अररिया जिले के रानीगंज में बैठक कृष्ण कुमार सेनानी के निवास पर आयोजित होगी।

सारण प्रमंडल में प्रमंडलीय सहसंयोजक सीताराम प्रसाद के आवास पर आयोजित बैठक में मुख्यालय प्रभारी रत्नेश्वर प्रसाद, प्रमंडलीय संयोजक अवधेश भगत, जिला संयोजक मोहन शंकर प्रसाद , जिला अध्यक्ष दिनेश प्रसाद, राममूर्ति प्रसाद, ब्रजकिशोर प्रसाद, सूर्य नारायण प्रसाद, रामप्रसाद, भोला प्रसाद एवं अन्य साथी लोग ने भाग लिया।।मुंगेर प्रमंडलीय संयोजक अनिल वैध ने भी विभिन्न जगहों पर बैठक कर लोगों को 8 जून को पटना चले का आह्वान किया। तो वहीं दूसरी और महिला सेल के प्रदेश संयोजक धनमंती देवी, ने सह संयोजक महिला सेल के रूप में सात महिलाएं इंदु देवी, मेयर आरा, रेखा गुप्ता,सीतामढ़ी, काजोल पूर्वे , मधुबनी, ज्योति वैद्य, मुंगेर, स्मिता पूर्वे, सीतामढ़ी, सोनी पूर्वे, दरभंगा, आरती प्रधान, सीतामढ़ी को मनोनीत किया।

# विराट कोहली अनुष्का संग अचानक पहुंचे अयोध्या, किए रामलला के दर्शन

## क्रिकेट के बाद अब आस्था का सफर





**अयोध्या (एजेंसी)।** टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अपनी पत्नी और अभिनेत्री अनुष्का शर्मा के साथ रविवार सुबह अचानक अयोध्या पहुंचे। यह पहला मौका था जब दोनों ने एक साथ राम नगरी का दौरा किया। सुबह करीब 7 बजे विराट और अनुष्का रामलला मंदिर पहुंचे और दर्शन किए। उन्होंने करीब आधे घंटे तक मंदिर परिसर में रहकर राम दरबार का भ्रमण किया। इस दौरान पुजारियों ने उन्हें राम मंदिर की मूर्तियों, नक्काशी और निर्माण से जुड़ी जानकारी दी।

### हनुमानगढ़ी में सवा किलो लड्डू चढ़ाया, मिलीं मालाएं और आशीर्वाद

रामलला के दर्शन के बाद दोनों सुबह 8 बजे हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने हनुमान जी को प्रणाम किया। विराट कोहली ने सवा किलो लड्डू और फूलों की माला चढ़ाई। इसके बाद कुछ देर तक आंखें बंद कर हाथ जोड़कर खड़े रहे। मंदिर के पुजारी ने विराट को सफेद और लाल रंग की माला पहनाई, सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। अनुष्का को भी पीले रंग की मालाएं पहनाई गईं और आशीर्वाद मिला। वहां मौजूद महंत ने दोनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

### मीडिया से दूरी बनाकर रखी

इस पूरी यात्रा के दौरान विराट और अनुष्का ने मीडिया से दूरी बनाए रखी और पूरी तरह से दर्शन-पूजन में लीन रहे। दर्शन के बाद दोनों लखनऊ के लिए रवाना हो गए। 12 मई को विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की थी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट में लिखा था कि टेस्ट क्रिकेट ने मुझे पहचान दी, मेरी परीक्षा ली और जीवन के बड़े सबक सिखाए। उन्होंने कहा कि यह फैसला लेना आसान नहीं था लेकिन यही सही समय था।

### संन्यास के बाद पहुंचे थे वृंदावन

टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के अगले दिन, 13 मई को विराट और अनुष्का वृंदावन पहुंचे थे। वहां उन्होंने प्रेमानंद महाराज से आशीर्वाद लिया था। महाराज ने उनसे पूछा - प्रसन्न हो? इस पर विराट ने मुस्कुराकर कहा - हां।

### आईपीएल में अगला मुकाबला 27 मई को लखनऊ में

23 मई को विराट ने लखनऊ के इकाना स्टेडियम में आईपीएल मैच खेला था। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में विराट ने 25 गेंदों पर 43 रन बनाए, लेकिन उनकी टीम आरसीबी को 42 रन से हार का सामना करना पड़ा। अब आरसीबी का अगला मुकाबला 27 मई को फिर लखनऊ में होना है।



# कुश मैनी ने रचा इतिहास, फॉर्मूला 2 रेस जीतने वाले पहले भारतीय बने

**मोंटे कार्लो (एजेंसी)।** कुश मैनी ने सर्किट डी मोनाको में पोल पोजीशन हासिल करते हुए डैम्स लुकास ऑयल के लिए मोंटे कार्लो स्प्रिंट रेस में जीतकर इतिहास रच दिया। ?भारतीय ड्राइवर ने अल्पाइन अकादमी के प्रतिभाशाली साथी गैब्रिएल मिनी को पीछे छोड़ा, जो प्रेमा रेसिंग के लिए दूसरे स्थान पर रहे और इस प्रतिष्ठित स्थल पर रेस जीतने वाले पहले भारतीय ड्राइवर बने। पी1 और मोनाको में जीतने वाले पहले भारतीय बनने पर मैनी ने, यह बहुत बड़ा सम्मान और सपना सच होने जैसा है। मैं डैम्स और मेरा समर्थन करने वाले सभी लोगों को धन्यवाद कहना चाहता हूं। हम विश्वास करते रहेंगेमैनी ने सही शुरुआत की, लेकिन ल्यूक ब्राउनिंग टर्न 1 तक पहले स्थान से पांचवें स्थान पर गिर पड़े। उनके खराब गेटवेट के कारण गैब्रिएल मिनी उपर क्क2 स्थान पर आ गए। मिराब्यू में, लिंडब्लैड ने तीसरे स्थान के लिए जैक क्रॉफोर्ड को पास देने का प्रयास किया, लेकिन दोनों के बीच संपर्क ने ब्राउनिंग को चौथे स्थान पर वापस जाने और अमेरिकी से आगे निकलने की अनुमति दी। कैम्पोस ड्राइवर तीसरे स्थान पर उलझन से बाहर आया, लेकिन टक्कर के कारण उसे 10 सेकंड की समय पनेल्टी दी गई।डीआरएस के कारण, मिनी रेस लीडर के पीछे थी, शुरुआती 10 लैप में अंतर 0.3 सेकंड का था, जबकि यह जोड़ी तीसरे स्थान पर मौजूद लिंडब्लैड से 8 सेकंड आगे थी। लैप 12 पर अंतर को बेअसर कर दिया गया जब जोशुआ डुएरकेन की एआईएक्स रेसिंग कार को ठीक करने के लिए सेफ्टी कार को तैनात किया गया। पराग्वे के ड्राइवर को मिराब्यू से बाहर एमपी मोटरस्पोर्ट के ओलिवर गोएथे के संपर्क के बाद पोर्टियर से आगे की बाधाओं में छोड़ दिया गया था, जिससे एआईएक्स को रेस-एंडिंग क्षति हुई थी। लैप 15 में प्रवेश करते हुए रेसिंग की स्थिति में वापस मैनी मिनी के पीछे भागे, जबकि लिंडब्लैड ने सड़क पर तीसरे स्थान की लड़ाई में ब्राउनिंग को अपनी नजर पर रखा था। गोएथे फिर से आगे बढ़ रहे थे, अपनी एमपी कार को ला रास्कैस में विक्टर मार्टिंस के अंदर से चुपके से सड़क पर पी9 लेने के लिए ले गए। दोनों के बीच संपर्क के कारण गोएथे को 10 सेकंड की समय पनेल्टी मिली।



# इंग्लैंड ने जिम्बाब्वे को 4 दिवसीय टेस्ट में पारी और 45 रनों से हराया

नॉटिंघम(एजेंसी)। इंग्लैंड ने ट्रेंट ब्रिज में खेले गए एकमात्र चार दिवसीय टेस्ट मैच में जिम्बाब्वे को पारी और 45 रनों से करारी शिकस्त दी। यह मुकाबला 22 साल बाद दोनों टीमों के बीच पहला टेस्ट था, जो तीन दिन में ही समाप्त हो गया। इंग्लैंड की इस जीत में युवा स्पिनर शोएब बशीर की शानदार गेंदबाजी (9 विकेट) और बल्लेबाजों की तूफानी पारी ने अहम भूमिका निभाई।

पहले दिन इंग्लैंड ने टॉस हारकर बल्लेबाजी शुरू की और जैक क्रॉली (124), बेन डकेट (140) और ओली पोप (171) के शतकों की बदौलत 565/6 पर पारी घोषित की। जिम्बाब्वे की गेंदबाजी कमजोर साबित हुई। ब्लेसिंग मुजराबानी ने 19 ओवर डाले। दूसरे दिन, जिम्बाब्वे ने जवाब में 265 रन बनाए, जिसमें सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट ने 97 गेंदों में 139 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली, जो जिम्बाब्वे का सबसे तेज टेस्ट शतक है। बेनेट की पारी में 26 चौके शामिल थे, लेकिन अन्य बल्लेबाजों का साथ न मिलने से टीम 300 रन पीछे रह गई।

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने फॉलो-ऑन लागू किया और जिम्बाब्वे की दूसरी पारी में बशीर ने 6/81 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े दर्ज किए। जिम्बाब्वे 255 रनों पर सिमट गई, जिसमें सीन विलियम्स (50) और सिकंदर रजा (44) ने संघर्ष किया। बेनेट दूसरी पारी में केवल 1 रन बना सके। बशीर ने मैच में कुल नौ विकेट लिए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

# भारत के बाद आईपीएल में खेलना सबसे अच्छी चीज है : महेंद्र सिंह धोनी



**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलना उनके लिए सबसे अच्छी चीज है। धोनी 2008 में टूर्नामेंट की शुरुआत से ही ष्टस्न्न का हिस्सा रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज ने पूरे सीजन में बड़ी संख्या में प्रशंसकों का आनंद लिया है। अपने करियर के अंतिम चरण में धोनी को प्रशंसकों और कई लोगों द्वारा खेल के जीवित किंवदंती के रूप में सराहा जाता है और उनके समर्थक उन्हें और फ्रैंचाइजी को अपना समर्थन देने के लिए पीली जर्सी में बड़ी संख्या में आते हैं। धोनी ने कहा, यह बहुत अच्छा अहसास है और मैंने हमेशा कहा है कि प्रशंसकों की ओर से बहुत-बहुत धन्यवाद है। मेरा यही मानना ??है, जैसे कि पिछले कुछ सालों में मैं खेल रहा हूं, आप जानते हैं, यह एक तरह से वे कह रहे हैं कि आपने जो कुछ भी किया है, उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। यह आश्चर्यजनक है, खासकर जब आप कोई खेल खेलते हैं, तो आप प्रशंसकों की सराहना चाहते हैं। जब क्रिकेट की बात आती है, तो भारत खेलने के लिए सबसे अच्छी जगह है। उन्होंने कहा, भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा होना सबसे बड़ी चीजों में से एक है। मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेल रहा हूं। इसलिए आईपीएल अगली सबसे अच्छी चीज है जो हो सकती है। इसलिए रोंगटे नहीं खड़े होते, लेकिन यह एक तरह की भावना है, आप जानते हैं, जब भी आप अंदर जाते हैं, तो हर कोई बहुत उत्साहित होता है। वे आपका इंतजार कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि आप अच्छा प्रदर्शन करें। यहां तक ??कि जब आप उस टीम के खिलाफ खेल रहे होते हैं जिसे वे जीतना चाहते हैं, तब भी वे चाहते हैं कि आप अच्छा प्रदर्शन करें, थोड़ा योगदान दें, चाहे वह कुछ भी हो। तो हां, यह एक अद्भुत एहसास है। लगातार दूसरे साल प्लेऑफ में जगह बनाने से चूकने के बाद सीएसके अब तक सीजन में तीन जीत के साथ तालिका में सबसे नीचे है।

# प्लेऑफ से पहले आरसीबी के लिए खुशखबरी, वापस लौटे जोश हेजलवुड



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के सबसे सफल गेंदबाज जॉश हेजलवुड कंधे की चोट से उबरने के बाद यहां लौट आए हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर जॉश हेजलवुड के वापसी की जानकारी देते हुए कहा कि उसके तेज गेंदबाज हेजलवुड प्लेऑफ में खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया से भारत वापस लौट आए है। हेजलवुड इस सत्र में आरसीबी के सबसे अच्छे गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने 17.27 की औसत और 8.44 की इकॉनमी से 18 विकेट लिये है और आईपीएल 2025 में चौथे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। आरसीबी प्लेऑफ में पहुंच चुकी है, लेकिन शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद से साथ उच्च स्कोर वाले मुकाबले में हार के बाद उसके आईपीएल की अंक तालिका में शीर्ष दो में रहने की उम्मीद को झटका लगा था।

# जोकोविच ने करियर का 100वां खिताब जीता

## जिनेवा ओपन जीतकर फेडरर और कोनर्स की बराबरी की; फाइनल में हुरकाज को हराया



**जिनेवा (एजेंसी)।** नोवाक जोकोविच ने ओपन एरा में 100वां खिताब जीतकर रोजर फेडरर और जिमी कोनर्स की बराबरी कर ली है। रोजर फेडरर 103 खिताब के साथ दूसरे और जिमी कोनर्स 109 खिताब के साथ सबसे ज्यादा एटीपी खिताब जीतने वालों में टॉप पर हैं।

जोकोविच ने जिनेवा ओपन के फाइनल में टूर्नामेंट के छठे सीड ह्यूबर्ट हुरकाज को 5-7, 7-6, 7-6 से हराया। शुरुआत में जोकोविच एक सेट से पिछड़ गए और उसके बाद उन्होंने वापसी की और अंत में खिताब अपने नाम किया।

टेनिस में 1968 में ओपन एरा की शुरुआत हुई जब सभी खिलाड़ियों (एमेच्योर और प्रोफेशनल) को चारों ग्रैंड स्लैम में हिस्सा लेने की अनुमति दी गई। इसे ओपन एरा कहा जाता है।

### 20 अलग-अलग सीजन में ट्रॉफी जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने

जोकोविच ने इस खिताब के साथ 20 अलग-अलग सीजन में ट्रॉफी जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। वहीं इसमें ओलिंपिक गोल्ड मेडल भी शामिल है।

जोकोविच ने जिनेवा ओपन के फाइनल में ह्यूबर्ट हुरकाज को 5-7, 7-6, 7-6 से हराया।

### आखिरी खिताब 2024 ओलिंपिक में जीता था

इससे पहले जोकोविच ने अपना आखिरी खिताब 2024 में पेरिस ओलिंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। वहीं पिछले साल शंघाई के फाइनल में उन्हें जैनिक सिनर ने हराया और मार्च में मियामी के फाइनल में जाकुब मेनसिक ने उन्हें मात दी थी।

जोकोविच ने हाल ही में मैड्रिड ओपन से बाहर होने के बाद उन्होंने कोच एंडी मरे से नाता तोड़ लिया था। उन्हें मैड्रिड ओपन में पहले दौर में ही इटली के माटेओ अर्नाल्डी से हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा था कि वह कुछ और टूर्नामेंट के बाद अपने कोचिंग सेटअप के बारे में फैसला करेंगे।

फ्रेंच ओपन में 24वां ग्रैंड स्लैम जीतने के लिए उतरेंगे

जोकोविच 25 मई से शुरू हो रहे फ्रेंच ओपन में अपना 24वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के लिए उतरेंगे। उन्होंने अब तक तीन फ्रेंच ओपन खिताब जीता है। फ्रेंच ओपन में चौथा खिताब जीतने के लिए उन्हें वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर की चुनौती से पार करना पड़ेगा। सिनर उनके ही ग्रुप में हैं।

# शुभमन गिल के टेस्ट कप्तान बनने पर जलालाबाद में जश्न

**फाजिल्का (एजेंसी)।** शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान चुने जाने के बाद पंजाब के फाजिल्का के जलालाबाद में उसके पैतृक गांव में खुशी को लहर दौड़ गई है । स्थानीय लोग बहुत खुश है । लोगों का कहना है कि शुभमन ने उनके गांव का नाम जलालाबाद ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में रोशन किया है।

शुभमन गिल के चाचा गुरतेज सिंह ने कहा कि आज उन्हें बहुत खुशी है कि उनका लड़का पूरी दुनिया में उनका नाम रोशन कर रहा है । उन्होंने बताया कि उन्हें उम्मीद थी कि एक दिन उनका बच्चा कप्तानी की कुर्सी पर पहुंचेगा , लेकिन उन्होंने यह नहीं सोचा था कि इतनी जल्दी कामयाबी मिलेगी । आज उसे टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया, जिससे वह बहुत खुश हैं ।

उन्होंने बताया कि वह खुद विभिन्न स्टेडियम में पहुंचकर शुभमन का मैच देख चुके हैं, जिसमें उसकी परफॉर्मेंस बहुत शानदार रही है । उधर ग्रामीण सुखमंदर सिंह, गुरनाम सिंह, जसविंदर सिंह ने बताया कि उनके गांव के बच्चे ने आज उनके गांव का नाम सिर्फ जलालाबाद या पंजाब में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में रोशन कर दिया है।यही वजह है कि गांव के बाकी युवा शुभमन को देखकर उससे प्रेरणा ले रहे हैं और नशों से दूर रहते हुए खेलों की ओर प्रेरित हो रहे हैं । आज के समय में उनके काफी युवा क्रिकेट से लगाव रख रहे हैं ।

# आज प्लेऑफ से शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए पंजाब किंग्स से मुंबई इंडियंस का सामना

**जयपुर (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने अंतिम लीग चरण के मुकाबले में जब एक-दूसरे का सामना करेंगे तो शीर्ष दो में जगह बनाने की कोशिश में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए पूरा जोर लगाएंगे। गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स ने लीग के चरण के कई मैच बाकी रहते ही आईपीएल प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है। इन टीम के बीच शीर्ष दो में जगह बनाने की होड़ है ताकि फाइनल में पहुंचने के लिए टीम को एक अतिरिक्त मौका मिल सके।

पंजाब किंग्स 17 अंकों के साथ तालिका में अभी दूसरे स्थान पर है लेकिन मुंबई से हारने पर वह तीसरे या चौथे स्थान पर पहुंच जाएगी जिससे टीम को 30 मई को एलिमिनेटर के लिए तैयार होना पड़ेगा। पंजाब के लिए शीर्ष दो में रहना मुश्किल है क्योंकि उन्हें मुंबई की मजबूत टीम के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद यह भी उम्मीद करनी होगी कि गुजरात (18 अंक) और आरसीबी (17 अंक) अपने-अपने अंतिम मैच हार जाएं।





पंजाब किंग्स को पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से मिली हार के बाद अब शीर्ष दो में आने के लिए मुंबई इंडियंस के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। मुंबई इंडियंस का नेट रन रेट प्लेऑफ में क्वालीफाई करने वाली टीमों में सबसे बेहतर है। टीम अगर पंजाब किंग्स को हराने में सफल रही तो यह उसके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। ऐसी स्थिति में गुजरात टाइटंस और आरसीबी अपने अपने-अपने आखिरी मैचों को हारते है तो मुंबई की टीम शीर्ष दो में होगी।

पंजाब किंग्स शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 200 से अधिक रन का बचाव करने में असफल रहने के बाद अपनी गेंदबाजी में खामियों को सुधारने की कोशिश करेंगे। सवाई मान सिंह स्टेडियम की छोटी बाउंड्री और बल्लेबाजी के लिए आसान परिस्थितियां इस मैच को बड़े स्कोर वाला मुकाबला बनाने का संकेत देते हैं। इसमें दोनों टीमों की गेंदबाजी योजनाओं की परीक्षा होगी।

इस मामले में हालांकि जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाली मुंबई इंडियंस का पलड़ा भारी दिख रहा है। बुमराह ने इस आईपीएल के इस सत्र में सिर्फ नौ मैचों में 16 विकेट लिए हैं। उन्होंने चोट के कारण तीन महीने तक खेल से दूर रहने के बाद फॉर्म और फिटनेस में वापसी का संकेत दे दिया है। मुंबई इंडियंस के अन्य गेंदबाजों ने भी इस विभाग में बराबरी से जिम्मेदारी साझा की है। ट्रेंट बोल्ट (जो 19 विकेट लेकर तीसरे स्थान पर हैं) और दीपक चाहर (11 विकेट) की नये गेंदबाजों की जोड़ी ने शुरुआती ओवरों में विकेट चटकाकर बुमराह काम थोड़ा आसान कर दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ में कोरोना फिर एक्टिव, रायपुर में मिला पहला केस

**रायपुर , एजेंसी।** देश के कई हिस्सों में एक बार फिर कोरोना ने पैर पसारना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में भी अब छत्तीसगढ़ में भी कोरोना का पहला मामला सामने आया है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कोरोना संक्रमित एक मरीज मिला है। मरीज को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ऐसा बताया जा रहा है कि मरीज सदी-खांसी की परेशानी को लेकर अस्पताल गया था, जहां जांच में कोरोना पॉजीटिव पाया गया है। मरीज की पहचान होने के बाद इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को दी गई है। कोरोना कंट्रोल सेंटर के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. खेमराज सोनवानी ने इस मामले की पुष्टि की है।

मिली जानकारी के मुताबिक लक्ष्मीनगर, पचपेड़ी नाका निवासी यह व्यक्ति सर्दी-खांसी के रूटीन चेकअप के लिए अस्पताल पहुंचा था। लक्षणों के आधार पर डॉक्टरों को कोरोना की आशंका हुई, जिसके बाद उसका सैंपल लिया गया। रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद तुरंत उसे आइसोलेट कर इलाज शुरू कर दिया गया। संक्रमित मरीज़ को एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है, जहां उसका इलाज कोरोना प्रोटोकॉल के तहत किया जा रहा है।

मरीज को सिंगल वार्ड में रखा गया है और इलाज की अलग से विशेष व्यवस्था की गई है। अस्पताल प्रबंधन ने भी मरीज के संक्रमित होने की पुष्टि की है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मरीज के परिजनों का सैंपल लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही, हाल के दिनों में मरीज़ के संपर्क में आए लोगों की ट्रैकिंग और स्क्रीनिंग की जा रही है। सबसे आश्चर्य की बात तो यह है कि संक्रमित मरीज का किसी अन्य राज्य की यात्रा का कोई इतिहास नहीं है, जिससे यह संदेह गहरा रहा है कि संक्रमण स्थानीय स्तर पर फैला हो सकता है। राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे सावधानी बरतें, भीड़-भाड़ से बचें और यदि कोई लक्षण दिखें तो तुरंत नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं।

कोरोना कंट्रोल सेंटर के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. खेमराज सोनवानी ने जनता से अपील की है कि वे घबराएं नहीं, बल्कि सावधानियां बरतें। मास्क का उपयोग करें, फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करें और हाथों को बार-बार धोते रहें। भीड़ वाली जगहों से दूर रहें। यदि किसी भी तरह के लक्षण महसूस होते हैं तो तत्काल स्वास्थ्य जांच कराएं। कोरोना संक्रमण को लेकर डरने की बिल्कुल जरूरत नहीं है। स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट है।

### छत पर सो रही महिला को उठा ले गया तेंदुआ, मचा हाहाकार, इलाके में फैली दहशत

**बहराइच, एजेंसी।** यूपी के बहराइच में कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के सुजौली रेंज जंगल से सटे अयोध्यापुरवा गांव में शनिवार रात छत पर सो रही अधेड़ महिला को तेंदुआ उठा ले गया। हांका लगाते लोग महिला की तलाश में निकले। तो कुछ दूरी पर गन्ने के खेत में शव मिला। जिसके चलते परिजनों में हाहाकार मच गया। जानकारी पर पुलिस व वन महकमे की टीम मौक पहुंची है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तेंदुए के हमले से इलाके में दहशत फैल गई है। सुजौली थाने के अयोध्यापुरवा निवासनी 45 वर्षीय जहीरा बानो पत्नी निसार अहमद शनिवार रात में परिवार के अन्य सदस्यों के साथ छत पर सो रही थी। शनिवार देर रात लगभग 2 - 3 बजे के बीच तेंदुआ छत पर चढ़ गया। तेंदुआ जहीरा बानो को गले से दबोच ले गया। तेंदुआ के हमले पर सब की नींद टूटी। उनके शोर पर ग्रामीण लाठी और डंडा लेकर हांका लगाते हुए दौड़े। कुछ दूरी पर गन्ने के खेत में महिला को छोड़ कर तेंदुआ गायब हो गया। ग्रामीणों ने महिला जहीरा बानों का शव खेत से बरामद हो गया। महिला के गले पर तेंदुए के दांत के निशान पाए गए है। तेंदुए के हमले से महिला की मौत के बाद परिजनों में हाहाकार मच गया। यूपी के बहराइच में कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के सुजौली रेंज जंगल से सटे अयोध्यापुरवा गांव में शनिवार रात छत पर सो रही अधेड़ महिला को तेंदुआ उठा ले गया। हांका लगाते लोग महिला की तलाश में निकले। तो कुछ दूरी पर गन्ने के खेत में शव मिला। जिसके चलते परिजनों में हाहाकार मच गया। जानकारी पर पुलिस व वन महकमे की टीम मौक पहुंची है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तेंदुए के हमले से इलाके में दहशत फैल गई है। सुजौली थाने के अयोध्यापुरवा निवासनी 45 वर्षीय जहीरा बानो पत्नी निसार अहमद शनिवार रात में परिवार के अन्य सदस्यों के साथ छत पर सो रही थी।

# समुद्र में लौट रहा लहरों का योद्धा आईएनएस ब्रह्मपुत्र, आग लगने के बाद हुआ था बड़े हादसे का शिकार



**कोलकाता, एजेंसी।** भारतीय नौसेना का स्वदेशी युद्धपोत आईएनएस ब्रह्मपुत्र जुलाई 2024 में मुंबई स्थित नौसेना डॉकयार्ड में हुए एक गंभीर हादसे के बाद बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। लेकिन अब यह युद्धपोत एक बार फिर से सेवा में लौटने की राह पर है। वरिष्ठ नौसैनिक अधिकारियों ने बताया कि युद्धपोत के 'फ्लोट और मूव' क्षमताओं को बहाल करने का कार्य इस साल के अंत या 2026 की शुरुआत तक पूरा हो सकता है, जबकि इसकी 'फाइट' यानी युद्ध क्षमता जून-जुलाई 2026 तक दोबारा सक्रिय हो सकती है। कई लोगों को आशंका थी कि भारी नुकसान के कारण यह पोत दोबारा सेवा में नहीं लौट पाएगा, लेकिन नौसेना इसे ठीक करने और सेवा में वापस लाने के लिए तेजी से काम कर रही है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, नौसेना डॉकयार्ड में युद्धपोत की मरम्मत तेजी से चल रही है। उसे फिर से समुद्र में चलने लायक बनाना प्राथमिकता है। यह पहली बार है जब वर्ष 2000 में सेवा में आए इस गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट के दोबारा ऑपरेशन को लेकर आधिकारिक जानकारी सामने आई है। यह युद्धपोत कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड द्वारा बनाया गया था।

#### हादसा और नुकसान

21 जुलाई 2024 को नौसेना डॉकयार्ड में खड़े 3,850 टन वजनी आईएनएस ब्रह्मपुत्र पर आग लग गई थी। आग बुझाने के लिए बड़े पैमाने पर पानी पंप किया गया, जिससे युद्धपोत झुक कर पलट गया। इस हादसे में लीडिंग सीमैन सितेंद्र सिंह की मौत हो गई थी। वह उस समय युद्धपोत के मरम्मत कार्य में शामिल थे। जबकि अधिकांश क्रू मेंबर सुरक्षित बाहर निकल गए थे, कुछ ने समुद्र में छलांग लगाकर जान बचाई, लेकिन सितेंद्र सिंह डूब गए। इसके बाद युद्धपोत को नवंबर 2024 में ड्राई डॉक में ले जाया गया और फिर नुकसान का व्यापक मूल्यांकन कर मरम्मत की योजना बनाई गई।

#### मरम्मत कार्य और आगे की योजना

दूसरे अधिकारी ने बताया कि, मरम्मत चरणबद्ध तरीके से चल रही है। सबसे पहले जहाज की ढांचा, प्रणोदन प्रणाली और बिजली उत्पादन को दुरुस्त किया जा रहा है ताकि फ्लोट और मूव क्षमता बहाल हो सके। युद्धपोत की फाइट यानी हथियार प्रणाली और सेंसर को पुनः सक्रिय करने का कार्य भी समानांतर रूप से चल रहा है। सभी क्षतिग्रस्त उपकरणों को हटाकर डॉकयार्ड की वर्कशॉप में ले जाया जा रहा है, जहां उनकी मरम्मत या रिप्लेसमेंट हो रहा है। युद्धपोत के क्रू सदस्य भी मरम्मत कार्य में तकनीकी सहायता दे रहे हैं।

#### सुरक्षा पर भी फोकस

हादसे के तुरंत बाद नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने मुंबई का दौरा कर क्षति का जायजा लिया था और पश्चिमी नौसेना कमान को युद्धपोत को दोबारा चालू करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने एक विशेष कार्यबल का गठन किया, जिसकी अध्यक्षता एक रियर एडमिरल कर रहे थे। STF ने नौसेना के जहाजों से जुड़े सुरक्षा और संचालन मानकों पर अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। इस रिपोर्ट की सिफारिशों को सभी नौसेना कमानों और इकाइयों को जारी कर, शीघ्र अमल के निर्देश दिए गए हैं। अप्रैल 2025 में हुई नौसेना कमांडर्स की चार दिवसीय कांफ्रेंस में भी सुरक्षा एक अहम मुद्दा रहा। इस दौरान स्ज्ञस्न की रिपोर्ट के आधार पर उठाए गए कदमों की समीक्षा की गई। हालांकि रिपोर्ट आने के बाद भी दो और दुर्घटनाएं घट चुकी हैं।

## भाजपा विधायक और शिमला एसपी के बीच विवाद, कार्रवाई के लिए कोर्ट पहुंचे कप्तान



**शिमला, एजेंसी।** शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी और भाजपा विधायक सुधीर शर्मा के बीच विवाद की स्थिति बन गई है। गांधी ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट में एक याचिका दायर कर बिना अनुमति के अदालती कार्यवाही का वीडियो क्लिप प्रसारित करने के मामले में भारतीय जनता पार्टी के विधायक सुधीर शर्मा के खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया। भाजपा विधायक शर्मा ने याचिका के जवाब में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को कानूनी नोटिस भेजा है।

गांधी ने इस मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मैंने धर्मशाला से भाजपा विधायक सुधीर शर्मा के खिलाफ उच्च न्यायालय की कार्यवाही का चुनिंदा तरीके से सीधा प्रसारण करने के लिए अदालत में याचिका दायर की है, जो कार्यवाही की अवमानना ??और कॉपीराइट और सूचना अधिनियम का उल्लंघन है।

ऑनलाइन प्रसारित वीडियो में बुधवार को हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीपीसीएल) के मुख्य अभियंता विमल नेगी की मौत की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने का अनुरोध करने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान गांधी के खिलाफ अदालत की टिप्पणी दिखाई गई है।

पुलिस अधीक्षक ने आरोप लगाया कि शर्मा पिछले साल फरवरी में हुए राज्यसभा चुनाव के दौरान विधायकों की कथित खरीद-फरोख्त के 'मास्टरमाइंड' थे। उन्होंने दावा किया कि शर्मा ने दुर्भावनापूर्ण तरीके से उन्हें गलत रूप में पेश किया गया और उनकी छवि खराब की। दूसरी ओर, शर्मा ने एसपी को कानूनी नोटिस भेजकर कहा कि क्लिप में छेड़छाड़ नहीं की गई है और कार्यवाही की 'लाइव स्ट्रीमिंग' की अनुमति अदालत ने ही दी है। उन्होंने एसपी द्वारा दिए गए 'गैर-जिम्मेदाराना और निराधार' बयानों को वापस लेने की मांग की।

## केरल सरकार ने तुर्की को दिए थे 10 करोड़, अब पाक से तनाव के बीच थरूर ने उठाए सवाल



**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** भारत की ऑपरेशन सिंदूर के तहत वैश्विक कूटनीतिक पहल के बीच केरल सरकार द्वारा 2023 में भूकंप प्रभावित तुर्की को दिए गए ?10 करोड़ के वित्तीय सहायता पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विदेश मामलों की स्थायी समिति के अध्यक्ष शशि थरूर ने इसे गलत प्राथमिकता वाली उदारता करार दिया, वहीं सीपीआई(एम) सांसद जॉन ब्रिटास ने उन्हें चुनिंदा स्मृति का शिकार बताया। दोनों नेता फिलहाल ऑपरेशन सिंदूर के तहत भेजे गए बहु-दलीय प्रतिनिधिमंडलों का हिस्सा हैं, जिनका उद्देश्य पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत की स्थिति को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर समर्थन दिलाना है।

थरूर अमेरिका, पनामा, गयाना, ब्राजील और कोलंबिया की यात्रा पर गए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने पाकिस्तान द्वारा तुर्की-निर्मित ड्रोन के इस्तेमाल की रिपोर्टों के संदर्भ में कहा, उम्मीद है कि केरल सरकार अब दो साल बाद तुर्की के व्यवहार को देखकर अपनी गलत उदारता पर विचार करेगी। खासकर जब वायनाड जैसे जिलों को उस 10 करोड़ की जरूरत थी। गौरतलब है कि जुलाई 2024 में वायनाड में भूस्खलनों से करीब 300 लोगों की मौत हुई थी और तीन गांव लगभग पूरी तरह तबाह हो गए थे। थरूर का इशारा इसी संदर्भ में था।

#### सीपीआई(एम) का पलटवार

राज्यसभा सांसद जॉन ब्रिटास भी प्रतिनिधिमंडल के सदस्य हैं जो जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, मलेशिया और इंडोनेशिया की यात्रा पर गया है। उन्होंने थरूर के बयानों को केरल विरोधी बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा, शशि थरूर के लिए मेरे मन में सम्मान है, लेकिन यह टिप्पणी एकतरफा याददाश्त का लक्षण है। क्या उन्हें नहीं पता कि केंद्र सरकार ने खुद 2023 में ऑपरेशन दोस्त के तहत तुर्की को मदद भेजी थी? आपको बता दें कि ऑपरेशन दोस्त भारत सरकार की वह पहल थी, जिसके तहत भूकंप के बाद तुर्की और सीरिया को राहत सामग्री और एनडीआरएफ की टीमें भेजी गई थीं।

#### केरल सरकार का बचाव

राज्य के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल ने थरूर की आलोचना को अनुचित बताया। उन्होंने कहा, 2023 में जब तुर्की में भयानक आपदा आई, तब हमने मानवीय दृष्टिकोण अपनाया। यह सहायता विदेश मंत्रालय के माध्यम से दी गई थी। अब दो साल बाद उस मानवीय मदद को 2025 के सीमा संघर्ष से जोड़ना उचित नहीं है। वायनाड में भूस्खलन के बाद केरल सरकार ने केंद्र से ?2,000 करोड़ की विशेष सहायता मांगी थी। लेकिन राज्य सरकार का आरोप है कि भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने कोई विशेष पैकेज नहीं दिया। इस मुद्दे को लेकर सीपीआई(एम) वायनाड जिले में मार्च निकाल रही है और केंद्र पर उपेक्षा का आरोप लगा रही है।

## अरब सागर में संकट में फंसा लाइबेरियन जहाज



**लाइबेरियन, एजेंसी।** अरब सागर में भारतीय तट रक्षक बल ने एक संकटपूर्ण स्थिति में लाइबेरियन जहाज के 24 क्रू सदस्यों में से 21 को सफलतापूर्वक बचा लिया है। जहाज में तकनीकी खराबी के कारण संकट उत्पन्न हो गया था, जिसके बाद कोस्ट गार्ड ने त्वरित बचाव अभियान शुरू किया। बचाव अभियान अभी भी जारी है और कोस्ट गार्ड अन्य बचाए जाने वाले सदस्यों को खोजने में जुटी हुई है। अरब सागर में एक लाइबेरियन पंजीकृत कार्गो जहाज को अचानक तकनीकी समस्या का सामना करना पड़ा, जिससे वह अस्थिर हो गया और जहाज पर सवार 24 सदस्य खतरे में पड़ गए। जहाज ने मदद के लिए आपातकालीन कॉल भेजा, जिसे भारतीय तट रक्षक बल ने तुरंत प्राप्त किया।

कोस्ट गार्ड के बचाव दल ने मौके पर पहुँच कर जहाज के करीब पहुँचने वाले सभी नाविकों को हेलीकॉप्टर और नौकाओं की मदद से सुरक्षित निकाल लिया। बचाए गए 21 नाविकों को प्राथमिक चिकित्सा और जरूरत के अनुसार अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया। बचाव अभियान में कोस्ट गार्ड की जहाज, हेलीकॉप्टर और तटरक्षक बल की तेज प्रतिक्रिया ने जान बचाने में अहम भूमिका निभाई।कोस्ट गार्ड के अधिकारी ने बताया कि बचाव अभियान अभी समाप्त नहीं हुआ है और वे बाकी तीन सदस्यों की खोज में लगे हुए हैं। सभी बचाए गए नाविक फिलहाल सुरक्षित हैं और उनकी स्थिति स्थिर बताई गई है।

अधिकारी ने कहा कि अरब सागर में किसी भी संकट की स्थिति में कोस्ट गार्ड तत्परता से प्रतिक्रिया करता है और सभी मुमकिन प्रयास करता है। भारतीय तट रक्षक बल समुद्री सुरक्षा और बचाव कार्यों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह तट पर नौवहन सुरक्षा, समुद्री आपदा प्रबंधन, तथा संकट के समय जल क्षेत्र में बचाव कार्य करता है। अरब सागर में व्यापारिक और मालवाहक जहाजों की संख्या अधिक होने के कारण यहां पर समय-समय पर इस तरह के बचाव अभियानों की आवश्यकता पड़ती है।

## पाकिस्तान पर अब मौसम की मार, पंजाब में भारी बारिश ने मचाई तबाही, 13 की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** भारत से परास्त होने के बाद पाकिस्तान इन दिनों मौसम की मार का भी सामना कर रहा है। पंजाब प्रांत के कई इलाकों में मूसलाधार बारिश ने तबाही मचा दी है। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) के अनुसार, कम से कम 13 नागरिकों की मौत हो गई है। जबकि 92 अन्य घायल हो गए हैं। पीडीएमए के महानिदेशक इरफ़ान अली कथिया ने बताया कि तेज हवा और बारिश की चेतावनी के बाद सभी डिप्टी कमिश्नरों और बचाव एजेंसियों को अलर्ट पर रखा गया है। स्थिति से निपटने के लिए प्रांतीय नियंत्रण कक्ष और सभी जिला आपातकालीन ऑपरेशन केंद्रों को भी सतर्क कर दिया गया है। इरफान कथिया ने कहा, स्थिति को पीडीएमए कंट्रोल रूम से 24/7 मॉनिटर किया जा रहा है। सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि बिजली के खंभों और लटकते तारों से दूर रहें, आंधी-तूफान या बिजली गिरने के समय खुले स्थानों पर न रुकें, जब तक आवश्यक न हो यात्रा से बचें और धीमी गति से वाहन चलाएं साथ ही तूफान और बारिश की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर शरण लें। पीडीएमए ने यह भी स्पष्ट किया कि कुछ जिलों में तेज हवाएं और बिजली गिरने की घटनाएं हुई हैं, जिससे घरों और बिजली संरचनाओं को नुकसान पहुंचा है। बचाव और राहत कार्य शुरू कर दिए गए हैं।

# कुवैत सरकार ने रातों रात हजारों लोगों की नागरिकता कर दी रद्द

#### इस लिस्ट में ज्यादातर महिलाएं

**कुवैत सिटी, एजेंसी।** कुवैत की सरकार ने रातोंरात हजारों लोगों की नागरिकता रद्द कर दी। इस लिस्ट में ज्यादातर महिलाएं हैं। लोग जब सुबह सोकर उठे तो किसी का बैंक अकाउंट बंद हो गया तो किसी की अन्य सरकारी सुविधाएं ठप हो गईं। जब पता किया तो पता चला कि उनकी नागरिकता ही खत्म हो गई है। मई 2024 में ही अमीर ने लोकतंत्र को खतरा बताया था और संविधान में संशोधन करने की घोषणा कर दी थी। सरकार उन लोगों की नागरिकता ज्यादा रद्द कर रही है जिन्हें शादी के बाद यहां की नागरिकता मिली थी। इस लिस्ट में वे महिलाएं ज्यादा शामिल हैं जिन्होंने कुवैत के पुरुषों से शादी कर नागरिकता हासिल की थी।

लामा जब कुवैत सिटी में क्रेडिट कार्ड से पेमेंट करने लगीं तो पता चला कि उनका अकाउंट फ्रीज कर दिया गया है। बाद में पता चला कि उनकी नागरिकता ही छिन गई है। लामा मूल रूप से जॉर्डन की रहने वाली हैं। बता दें कि अमीर शेख मेशाल अल अहमद अल सबाह दिसंबर 2023 में कुवैत के अमीर बने थे। इसके बाद उन्होंने संसद को भंग कर दिया और संविधान के कुछ हिस्सों को भी सस्पेंड कर दिया। अब अमीर का कहना है कि उन लोगों को ही कुवैत का नागरिक माना जाएगा जिनका यहां के लोगों के साथ ब्लड रिलेशन है। अमीर ने एक स्पीच में कहा था कि कुवैत में रनहे वाले करीब 50 लाख लोगों में केवल एक तिहाई ही असली कुवैती हैं। अमीर ने कहा कि अब कुवैत में केवल ओरिजिनल लोग ही रहेंगे। लामा उन 37 हजार लोगों में शामिल हैं जिनकी अगस्त के बाद से नागरिकता जा चुकी है। इनमें 26 हजार महिलाएं ही हैं। यह कुवैत की सरकार का डेटा है। मीडिया का कहना है कि असली नंबर और भी ज्यादा हो सकते हैं।

कुवैत में पहले से भी ऐसे तमाम लोग रह रहे हैं जिनके पास वहां की नागरिकता नहीं है। 1961 में ब्रिटिश सुरक्षा से अजाद होने के बाद करीब 1 लाख लोगों को नागरिकता नहीं मिल पाई थी। वहीं जिन लोगों के पास कुवैत की नागरिकता नहीं होगी उनको बैंकिंग, शिक्षा, सरकारी नौकरी और अन्य सुविधाएं भी नहीं मिल पाएंगी।



कुवैत में 1987 के बाद से जिन लोगों को शादी के आधार पर नागरिकता मिली है, सरकार उनपर कार्रवाई कर रही है। आंकड़े कहते हैं कि 1992 से 2020 तक 38,505 महिलाओं शादी के आधार पर नागरिकता दी गई थी। इसके अलावा दोहरी नागरिकता वाले लोगों की भी नागरिकता छीनी जा रही है। इसके अलावा जिनको उपलब्धियों के आधार पर नागरिकता दी गई थी, उनकी भी नागरिकता रद्द की जा रही है। इस लिस्ट में पॉप सिंगर नवल और ऐक्टर दाऊद हुसैन भी शामिल हैं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129